जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 31 संख्याः 281 प्रभात उदयपुर, मंगलवार 13 अगस्त, 2024 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## सेबी की चेयरमैन माधवी पुरी बुच की भूमिका पर तलवारें खिंची मोदी सरकार व विपक्ष में

### सरकार का कहना है कि श्रीमती बुच को कठघरे में खड़ा करके विपक्ष उस षड़यंत्र का हिस्सा बन गया है, जो भारत में कोई ''इकोनॉमिक इन्वेस्टमैंट'' नहीं होने देना चाहता

- सरकार का यह भी कहना है कि हिंडनबर्ग रिसर्च, जिसने श्रीमती बुच व अडानी ग्रुप की सांठ-गांठ का आरोप लगाया है, के मालिक हंगरी में जन्मे अमेरिकी इन्वेस्टर सोरोस हैं तथा सोरोस शुरु से भारत, नरेन्द्र मोदी व भाजपा के खिलाफ प्रोपैगेंडा करते रहे हैं।
- दूसरी ओर हिंडनबर्ग रिपोर्ट में स्पष्ट लिखा है श्रीमती बुच, सेबी की अध्यक्ष के रूप में सदा अडानी ग्रुप के बचाव में रही हैं।
- तथा हिंडनबर्ग रिपोर्ट में प्रकाशित सबूत व आरोपों, जिनकी पुष्टि 40 निष्पक्ष व स्वतंत्र मीडिया ग्रुप्स ने भी की है, की अनेदखी करती रहीं हैं, सेबी की अध्यक्ष के रूप में।
- हिंडनबर्ग रिपोर्ट ने यह भी आरोप लगाया है कि श्रीमती बुच ने इस बात को भी कभी सार्वजनिक नहीं किया कि उनके पास उस कंपनी में शेयर थे जिसे अडानी ग्रुप ने काम में लिया था, अपना ब्लैक का पैसा वाइट करने के लिये।
- सेबी के नियमों के अनुसार, सेबी के किसी भी अधिकारी का उस केस में थोड़ा बहुत भी ''इन्टरेस्ट'' है, जिसकी सेबी जाँच-पड़ताल कर रही है या करने की सोच रही है तो उस अफसर के लिए ''अपना इन्टरेस्ट'' सार्वजनिक करना या उस जाँच से अपने को अलग कर लेना अनिवार्य होता है।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अगस्त। जैसी कि उम्मीद थी, ताजातरीन हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्ष के बीच साफ तौर पर आमने सामने आ गए हैं। ज्ञातव्य है कि इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि एस.ई.बी.आई. (सेबी) प्रमुख माधवी पुरी बुच तथा उनके पति धवल बुच की अडानी के घोटाले में गहरी लिप्तता है तथा अडानी के उस गुमनाम ऑफशोर फंड में बुच-युगल की हिस्सेदारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के घोर समर्थक इस पूरे मुद्दे को राष्ट्रहित के खिलाफ एक साजिश के रूप में देख रहे हैं।

हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट में विसल ब्लोअर दस्तावेजों का हवाला देते हुये यह दावा किया गया है कि बुच दम्पति आई.पी.ई. प्लस फंड, जो एक ऑफशोर (देश से बाहर स्थित) फर्म है, में शामिल है तथा यह फर्म संवीक्षा (स्क्रूटनी) में आ गई है। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि गौतम अडानी का भाई, विनोद (कॉम्प्लेक्स स्ट्रक्चर) के हिस्से के रूप में करता था, जो मनी-लॉन्डरिंग के लिये अनेक ऑफशोर फंड्स से जुड़ा

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## एस.आई. पेपर लीक केस, सुप्रीम कोर्ट ने एस.एल.पी. खारिज की

जयपुर, 12 अगस्त (का.सं.)। सुप्रीम कोर्ट ने एस.आई. भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में एस.ओ.जी. की ओर से की गई आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्रवाई को सही माना है। इसके साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों को जमानत देने से इन्कार करते हुए उनकी स्पैशल

- सुप्रीम कोर्ट ने एस.आई. पेपर लीक केस के ट्रेनी आरोपियों की गिरफ्तारी को सही माना और आरोपियों को जमानत देने से इन्कार करते हुए उनकी एस.एल.पी. खारिज कर दी।

लीव पिटिशन (एस.एल.पी.) खारिज कर दी। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस पंकज मिथल की खंडपीठ ने यह आदेश आरोपी सुभाष विश्नोई व अन्य की एस.एल.पी. पर दिए।

खंडपीठ ने कहा कि आरोपियों का अपराध एक व्यक्ति विशेष के खिलाफ न होकर पूरे समाज के खिलाफ है। आरोपियों ने लाखों प्रतिभाशाली लोगों की भावनाओं के साथ खेला है और ऐसे में उन्हें किसी भी तरह की राहत नहीं दे सकते। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि एस.ओ.जी. पहले आरोपियों को पूछताछ के लिए लाई थी और उनके

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## ये माधवी पुरी बुच आखिर हैं कौन?

### सेबी की वर्तमान अध्यक्ष, श्रीमती बुच 2017 से सेबी अध्यक्ष अजय त्यागी के कार्यकाल में सेबी के बोर्ड की सदस्य बनीं, तदोपरान्त सेबी की पहली महिला अध्यक्षा बनीं

- श्रीमती बुच, पहली व्यक्ति हैं, जो प्राइवेट सैक्टर से सेबी के सर्वोच्च पद पर नियुक्त हुई हैं।
- श्रीमती बुच ने सेंट स्टीफन्स कॉलेज दिल्ली से मैथमैटिक्स (गणित) में ग्रेजुएशन (स्नातक) की पढ़ाई की तथा इसके बाद आई.आई.एम. अहमदाबाद से एम.बी.ए. की शिक्षा ग्रहण की।
- अठारह वर्ष की उम्र में धवल बुच से मंगनी की, उस समय उनके भावी पति, बहुराष्ट्रीय कंपनी युनिलीवर में निदेशक थे। 21 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद दोनों की शादी हुई
- वे कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुकी हैं तथा सेबी में कई नये टैक्नोज़िकल सिस्टम शुरु करवाये हैं। सेबी में ''कॉरपोरेट कल्चर'' (कोरपोटाइज़ेशन) की प्रक्रिया उन्होंने आरम्भ की।
- हिंडनबर्ग रिपोर्ट में माधवी पुरी बुच व उनके पति धवल बुच पर अडानी ग्रुप के शेयर के दाम बेहिसाब तरीके से बढ़वाने में मदद करने का आरोप लगा हुआ है।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अगस्त। सिक्यूरीटीज़ एक्सचेंज बोर्ड (सेबी) की अध्यक्ष माधवी पुरी बुच, जो कि अमेरिका रिसर्च फर्म हिडंनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों के कारण विवादों के घेरे में हैं, सेबी की पहली महिला अध्यक्ष हैं।

वर्ष 1966 में जन्मी माधवी अप्रैल 2017 से ही सेबी के पूर्व अध्यक्ष अजय त्यागी के साथ सेबी की पूर्णकालिक सदस्य के रुप में काम कर चुकी हैं। वे पहली ऐसी शख्सियत हैं जिन्हें प्राइवेट सैक्टर से लाकर इस पोस्ट पर लगाया गया था।

वे पहली श्ख्स थीं, जो प्राइवेट सैक्टर से आईं और उन्हें सेबी का प्रमुख बनाया गया। इस पर काफी विवाद भी उठा और पूछा गया कि आखिर उन्हें इस सर्वोच्च पद पर लाने के पीछे किसका हाथ है।

इसी के साथ यह कहा जाना भी आवश्यक है कि सेबी अध्यक्ष के रुप में माधवी ने सिस्टम को सुचारु रुप से चलाने में और संगठन की कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए उसका व्यवसायीकरण करने में अहं भूमिका निभाई थी।

माधवी पुरी बुच ने मुम्बई के फोर्ट कॉन्वैन्ट और दिल्ली के कॉन्वैंट आफ जीसस एण्ड मैरी से स्कूली शिक्षा पूरी की और दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज से उन्होंने गणित विषय में ग्रेजुएशन किया और अहमदाबाद आई.आई.एम

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## डॉ. किरोड़ी लाल मीणा फिर से मंत्री पद संभाल सकते हैं

### पिछले दो दिन से आपदा प्रबंधन की स्थिति का जायजा ले रहे हैं डॉ. किरोड़ी

- डॉ. किरोडी, भजनलाल सरकार में ग्रामीण विकास और आपदा प्रबंधन मंत्री के पद पर ही थे।
- मंगलवार को भी डॉ. किरोड़ी पूर्वी राजस्थान के जिलों का दौरा करेंगे।
- भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी कहा कि डॉ. किरोड़ी जल्दी ही मंत्री पद की जिम्मेवारी संभालेंगे।

जयपुर, 12 अगस्त (का.सं.)। भजनलाल सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे चुके किरोड़ीलाल मीणा एक बार फिर से मंत्री पद संभाल सकते हैं, जिसके संकेत अब मिलने लगे हैं। पिछले दो दिनों से किरोड़ीलाल मीणा प्रदेश में आपदा प्रबंधन की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वे भजनलाल सरकार में ग्रामीण विकास और आपदा प्रबंधन विभाग का जिम्मा संभाल रहे थे। मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद किरोड़ी विभाग का कामकाज नहीं देख रहे थे। लेकिन अब अचानक किरोड़ी आपदा प्रबंधन विभाग में सक्रिय हुए हैं। रविवार को उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार से प्रदेश में भारी बारिश से उपजी स्थिति के संबंध में वार्ता की। वहीं, मंगलवार को किरोड़ी पूर्वी राजस्थान के जिलों में जलभराव वाले इलाकों का दौरा करेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने भी कहा कि किरोड़ी जल्द कामकाज संभालेंगे, उन्होंने भावनात्मक रूप से मंत्री पद से इस्तीफा दिया था।

गौरतलब है कि किरोड़ीलाल मीणा ने लोकसभा चुनावों में दौसा सीट नहीं जीतने पर मंत्री पद से इस्तीफा देने की बात कही थी। चुनाव में भाजपा दौसा लोकसभा सीट हार गई, जिसके बाद किरोड़ीलाल मीणा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपना इस्तीफा भेज दिया। इसका खुलासा खुद किरोड़ी ने 4 जुलाई को जयपुर में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए किया था।

उसके बाद से ही किरोड़ी विभाग का कामकाज नहीं देख रहे थे। लेकिन, पिछले दो दिन से किरोड़ी प्रदेश में आपदा प्रबंधन को लेकर सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। रविवार को किरोड़ी ने आपदा प्रबंधन के अतिरिक्त मुख्य सचिव सहित अन्य अधिकारियों से प्रदेश की स्थिति के बारे में वार्ता की। इसके अलावा, मंगलवार को वे महुवा, वैर, (श्रीनगर) बयाना, हिण्डौन, करौली, गंगापुरसिटी, सवाईमाधोपुर में जलभराव वाले इलाकों के दौरे पर रहेंगे। इसकी जानकारी उन्होने अपने सोशल मीडिया अकाउन्ट एक्स पर भी दी।

डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के पिछले

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## सिंघानिया वि.वि. पर कार्रवाई क्यों नहीं- हाई कोर्ट

जयपुर, 12 अगस्त (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने नेशनल मेडिकल काउन्सिल (एन.एम.सी.) से मान्यता लिए बिना ही एम.बी.बी.एस. कोर्स संचालित करने वाली झुंझुंनू की सिंघानिया युनिवर्सिटी के खिलाफ

- नैशनल मैडिकल काउन्सिल से मान्यता लिए बिना ही एम.बी.बी.एस. कोर्स संचालित कर रहे झुंझुनू के सिंघानिया विश्वविद्यालय पर कार्यवाही नहीं करने को हाई कोर्ट ने गंभीर माना और राज्य सरकार से जवाब तलब किया है।

शिकायत मिलने के बाद भी राज्य सरकार की ओर से कार्रवाई नहीं करने को गंभीर माना है। इसी क्रम में अदालत ने अतिरिक्त मुख्य उच्च शिक्षा सचिव को मंगलवार को उपस्थित होकर यह

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## भाजपा व विपक्ष यू.पी. के बाय इलैक्शन ऐसे लड़ रहे हैं, जैसे अस्तित्व की लड़ाई हो

### 10 सीटों पर उपचनुाव हो रहे हैं उनमें से सात भाजपा व सहयोगी दलों के पास थी तथा बाकी तीन पर सपा आदि का कब्जा था

- पर, इस बार उपचुनाव में दोनों राजनीतिक ग्रुप अपनी पुरानी सीट पर जीतने के प्रयास में ही नहीं हैं, बल्कि 10-0 का स्कोर चाहते हैं।
- भाजपा लोकसभा चुनाव में पायी असफलता का कलंक धो देना चाहती है।
- इंडिया गठबंधन 10-0 का स्कोर हासिल कर यह जताना चाहता है कि लोकसभा की सफलता कोई अपवाद नहीं थी, बल्कि जनता के मूड का सही मापदंड था और यह मूड अभी भी बरकरार है।
- कांटे की टक्कर फैज़ाबाद जिले की मिल्कीपुर सीट पर है। लोकसभा चुनावों में फैजाबाद सीट पर सपा जीती थी, यह भाजपा के मुंह पर चपत था, क्योंकि इस सीट के केन्द्र बिन्दु अयोध्या में भव्य मंदिर बनवाया था, भाजपा ने।

**-श्रीनन्द झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अगस्त। ऐसा प्रायः देखने में नहीं आता है कि विधानसभा उपचुनाव इतने महत्वपूर्ण मान लिये जायें, जितने उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों के आगामी उपचुनाव मान लिये गये हैं। लोकसभा चुनाव में लगे आघात के जख्मों को अभी भी सहला रही भाजपा ने शनिवार को राज्यव्यापी ''तिरंगा यात्रा'' शुरु कर दी, जिसका उद्देश्य हिन्दुत्व और राष्ट्रवाद के उद्घोष को और अधिक सशक्त करना है। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ''मिशन-20'' लॉन्च कर ही दिया है, जिसके अन्तर्गत सभी दस चुनाव क्षेत्रों में से प्रत्येक की चुनाव व्यवस्था की देख-रेख के लिये दो-दो मंत्री लगा दिये गये हैं।

इसी प्रकार, कांग्रेस ने एक महीने का प्रचार अभियान शुरु कर दिया है, जो जातिगत जनगणना की उसकी माँग तथा वक्फ संशोधन विधेयक पर उसके द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर केन्द्रित है। जहाँ तक समाजवादी पार्टी का प्रश्न है, वह अपने पी.डी.ए. मुद्दे पर जोर देने के लिये पूरे राज्य में पदयात्रा आयोजित कर रही है।

इन 10 सीटों में से, भाजपा ने 2022 के चुनाव में 5 सीटें जीती थीं तथा इसके दो मित्र दलों ने एक-एक सीट जीती थी। शेष सीटें सपा के खाते में गई थीं। इन उपचुनावों के बारे में एक विशेष पहलू यह है कि 2022 के चुनावों में प्राप्त सीटों को अपने पास बनाये रखने की लड़ाई के बजाय, दोनों ही गठबंधन- एन.डी.ए. तथा इंडिया इन उपचुनावों को सभी चुनावी लड़ाइयों की मां मानते हुये लड़ रहे हैं। दोनों ही गठबंधन इन उपचुनावों का परिणाम 10-0 रखने के लिये संकल्पित हैं। जाहिर है, दोनों ही गठबंधनों के लिये इन उपचुनावों का राजनैतिक महत्व बहुत ही ज्यादा है। इन उपचुनावों के नतीजे से ही यह तय होगा कि योगी आदित्यनाथ राज्य के मुख्यमंत्री बने रहेंगे अथवा नहीं। वहीं, इंडिया ब्लॉक के लिये ये चुनाव इस बात का संकेत देंगे कि उसे लोकसभा में मिला लाभ वास्तविक तथा स्थायी था अथवा नहीं।

इन 10 सीटों में, सबसे ज्यादा महत्व मिल्कीपुर सीट को दिया जा रहा है। भाजपा इस सीट को जीतने के लिये

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## तेलंगाना के कैब चालकों ने आंध्र के टैक्सी चालकों को भगाने की मुहिम शुरु की

### तेलंगाना कैब ड्राइवर्स का मत है कि आंध्र के टैक्सी चालकों की वजह से उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है

- तेलंगाना के कैब ड्राइवर्स की यूनियन ने राज्य सरकार से व अन्य राज्यों के कैब ड्राइवर्स के काम काज पर सख्ती बरतने का आग्रह किया, पर, उनका निशाना आंध्र के कैब ड्राइवर्स हैं, जो उनकी ही तरह तेलुगू भाषी हैं।
- दस साल पहले जब आंध्र प्रदेश का विभाजन हुआ था और तेलंगाना व आंध्र दो राज्य बने थे तब हैदराबाद को दस साल के लिए दोनों राज्यों की राजधानी करार दिया गया था, और तब से ही दोनों तेलुगू भाषी राज्यों के कैब ड्राइवर्स अपना-अपना काम कर रहे थे।
- पर, समझौते के अनुसार, 2 जून 2024 से हैदराबाद संयुक्त राजधानी नहीं रह गया है, अब यह सिर्फ तेलंगाना की राजधानी है। तब से ही तेलंगाना के कैब ड्राइवर्स आंध्र के टैक्सी चालकों को भगाने पर तुले हैं।

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 12 अगस्त। आंध्रप्रदेश और तेलंगाना दोनों राज्यों के लोग तेलुगूभाषी हैं, लेकिन तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में आंध्र के कुछ लोग टैक्सियां चला रहे हैं। आजीविका का मृद्दा गर्माने के कारण इन टैक्सी वालों से आंध्रप्रदेश जाने के लिए कहा जा रहा है।

तेलंगाना मूल के कैब चालक इस बात को लेकर परेशान है कि आई.टी. हब हैदराबाद में बाहर के वाहनों की बाढ़ आई हुई है और ये लोग उनकी आजीविका छीन रहे हैं।

आंध्रप्रदेश के विभाजन से एक लम्बे जनांदोलन के बाद दस वर्ष पूर्व तेलंगाना और आंध्रप्रदेश और 2 जून 2024 के एक समझौते के अनुसार हैदराबाद अब दोनों राज्यों की एक राजधानी नहीं रहा है और तभी से तेलंगाना के टैक्सी ड्राइवर आंध्र के टैक्सी ड्राइवर्स को राज्य से बाहर निकालने का दबाव बना रहे हैं।

स्थानीय कैब यूनियन ने राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि वह हैदराबाद में चलने वाले अन्य राज्य के वाहनों के संचालन को रैग्युलेट करे। वास्तव में, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र और तमिलनाडू के वाहनों का परमिट लैप्स हो जाने के बावजूद ऐप आधारित शेयरिंग सर्विसेज तथा सॉफ्टवेयर फर्म्स के लिए कार्य करते पाया गया है।

स्थानीय टैक्सी ऑपरेटर्स ने कहा है कि बाहर के राज्यों की कैब्स में से ज्यादातर आंध्रप्रदेश की हैं और परिवर्तन विभाग को बाहर के वाहनों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

अब, हैदराबाद में कार्यरत आंध्र के टैक्सी ऑपरेटर्स आंध्रप्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने यूनियन के नेताओं से बात कर अनुरोध किया है कि आंध्र के लोगों को भी हैदाराबाद में काम करने दिया जाए। इस अनुरोध पर तेलंगाना की कैब ड्राइवर्स यूनियन ने कहा कि वह आंध्र के कैब ड्राइवर्स के खिलाफ नहीं है, बल्कि उनका विरोध एग्रीगेटर कम्पनियों से हैं जो अवैध रूप से सर्विस प्रोवाइड कर रही हैं।

''तेलंगाना गिग एण्ड प्लेटफॉर्म वर्कर यूनियन'' के अध्यक्ष शाईक सलाउद्दीन ने कहा कि ''तेलंगाना में संचालित अन्य राज्य के वाहन राजकोष को प्रभावित करते हैं। त्योहारों के सीज़न में निजी वाहनों द्वारा अवैध कैब सर्विसेज बढ़ जाती हैं जिससे पंजीकृत कैब ड्राइवर्स का कारोबार प्रभावित होता है तथा यात्री सुरक्षा का भी जोखिम रहता है।''

आंध्रप्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने तेलंगाना की कैब ड्राइवर्स यूनियन से अपील की है कि वे अपने साथी तेलुगू भाषी लोगों को अपने साथ काम करने की मंजूरी दें क्योंकि दोनों तेलुगू भाषी राज्यों के विकास के लिए उनमें एकता जरूरी है। आंध्र के कैब ड्राइवर्स को हैदराबाद से चले जाने की बात कहना अनुचित है। उन्होंने तेलंगाना के कैब ड्राइवर्स से अनुरोध किया कि वे आंध्रप्रदेश के अपने भाईयों के साथ संवेदनशीलता से काम लें क्योंकि उन्हें अपने स्थान से हटाने का मतलब होगा 2 हजार परिवारों की आजीविका छीनना।

पवन कल्याण ने यह भी कहा कि वह इस समस्या के समाधान का प्रयास करेंगे और तेलंगाना सरकार के संबंधित लोगों से बात करेंगे। तेलुगू भाषी दोनों राज्यों को परस्पर सहयोग की आवश्यकता है।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की सुरक्षा में चूक

अजमेर, 12 अगस्त (कासं)। एक दिवसीय दौरे पर सोमवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी जब अधिकारियों की बैठक लेने अजमेर के जिला कलैक्ट्रेट सभागार पहुंचीं तो उनकी सुरक्षा व्यवस्था में सेंधमारी करते हुए एक युवक बैठक में पहुंच गया। बैठक में तीनों जिले के एस.पी. और कलैक्टर सहित

- अजमेर कलैक्ट्रेट में मीटिंग के दौरान एक अज्ञात युवक दौड़ता हुआ आया और सभागार में घुस गया, पुलिस ने युवक को पकड़ लिया है।

अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। सुरक्षाकर्मियों ने बाद में युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस युवक से पूछताछ में जुटी है।

जिला कलैक्ट्रेट के सभागार में सोमवार को जब उपमुख्यमंत्री दिया

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

CMYK CMYK

## विचार बिन्दु

**जो आदमी नशे में मदहोश हो उसकी सूरत उसकी माँ को भी बुरी लगती है। –तिरुवल्लुवर**

# सदनों की गरिमा बनाए रखने का दायित्व सांसदों और आसन, दोनों का है

लोकसभा एवं राज्यसभा संसद के दो सदन हैं ,जहां पूरे देश से संबंधित विभिन्न विषयों पर न केवल चर्चा होती है अपितु आवश्यकता अनुसार कानून भी बनाए जाते हैं। गत कुछ वर्षों से यह अनुभव किया जा रहा है कि इन सदनों का महत्व कम किया गया है। कई बार अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर कानून, बिना किसी चर्चा के, शोर शराबे के बीच पारित कर दिए गए। इस कारण, जिस प्रकार की विस्तृत चर्चा सांसदों द्वारा की जानी चाहिए, वह नहीं हो पाई। यह स्थिति, संविधान के अनुच्छेद 107 की भावना के विपरीत है, जिसमें यह अपेक्षा की गई है कि कोई भी कानून तब ही पारित होगा, जब सदन की उस पर सहमति हो। सहमति का अर्थ यही है कि विधेयक, सदस्यों को समय पर प्राप्त हो ताकि वे उसका अध्ययन कर सकें एवं चर्चा में भाग ले सकें। लोकसभा में किसानों से संबंधित तीन कानून शोर शराबे में बिना चर्चा के पारित कर दिए गए थे। बिना चर्चा के कानून पारित करने का परिणाम यह हुआ कि उठा किसान आंदोलन हुआ जो लंबा चला एवं सरकार के पूरे दमन के बावजूद इन तीनों कानूनों को सरकार को पुनः वापस लेना पड़ा। इस अटपटी स्थिति से बचा जा सकता था, यदि विपक्ष के सदस्यों द्वारा भी इन कानूनों के गुणअवगुण पर गहन चर्चा होती एवं इनके संभावित प्रभाव का समुचित आकलन करने का अवसर मिलता।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा के अध्यक्ष एवं राज्यसभा के सभापति, दोनों से यह अपेक्षा होती है कि वे पूर्णतया निष्पक्षता के साथ कार्य करेंगे एवं सत्ता पक्ष के साथ ही, विपक्ष के सांसदों को भी अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर देंगे। उन्हें विभिन्न प्रकार के विषय उठाने और उन पर चर्चा करने का अवसर भी प्रदान करेंगे। आसन का काम यह देखने का कतई नहीं है कि सदस्य अपने भाषण में क्या कहते हैं। उनका काम केवल यह सुनिश्चित करना है कि भाषा की मर्यादा बनी रहे। प्रतिपक्ष के सांसद, सरकार की कितनी भी कड़ी आलोचना क्यों न करें, आसन को उससे विचलित नहीं होना चाहिए और न ऐसा करने पर ,उन्हें रोका जाना चाहिए। यह सही है कि लोकसभा अध्यक्ष या राज्यसभा के सभापति ( उपराष्ट्रपति ही, राज्यसभा के सभा पति होते हैं) , चुने जाने से पूर्व सामान्यतया, सत्ताधारी राजनीतिक दल के सदस्य होते हैं, किंतु एक बार जब वे इस आसन पर चुन लिए जाते हैं तो उनकी भूमिका एक निष्पक्ष व्यक्ति की हो जाती है। लोकसभा और राज्यसभा में अध्यक्ष और सभापति का आसन भी न्यायाधीशों की तरह ही बहुत ऊंचा होता है। उनसे यह अपेक्षा होती है वह कम से कम बोलें और अधिकतर समय विभिन्न दलों के सदस्यों को किसी भी विषय पर बोलने के लिए अवसर प्रदान करें। ऐसा करते समय उन्हें सत्ताधारी दल के साथ किसी प्रकार का पक्षपात नहीं करना चाहिए और स्वयं की विचारधारा के आधार पर सदस्यों के प्रति व्यवहार नहीं करना चाहिए। उनका कार्य सभी सदस्यों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, समान रूप से करने का है।

2014 से 2019, विशेषकर 2019 के चुनाव के बाद दोनों सदनों में भाजपा का अच्छा खासा बहुमत रहा। इसलिए आसन के पक्षपात पूर्ण निर्णय के विरुद्ध विपक्षी दल कोई मजबूत आवाज नहीं उठा पाए थे। जब भी उन्होंने आवाज उठाई, आसान ने संबंधित सांसदों को सत्ताधारी दल से प्रस्ताव आमंत्रित कर निलंबित तक कर दिया। स्थिति यहां तक हो गई कि लोकसभा में एक समय 146 सांसद निलंबित थे। इन्हीं के निलंबित रहते हुए, सरकार ने कई विधाई कार्य भी निपटा लिए और नए कानून भी बना लिए। आसन का यह व्यवहार,लोकतंत्र की भावना के अनुकूल नहीं कहा जा सकता। कार्य और व्यवहार, दोनों की दृष्टि से आसन पर बैठे इन दोनों व्यक्तियों ने स्वयं को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं निर्भीक सिद्ध नहीं किया है। कई बार यह देखा गया कि विपक्ष द्वारा अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की मांग करने पर उन्हें आसान द्वारा अस्वीकार कर दिया जाता है। यह शायद इसलिए किया जाता है कि सत्ताधारी दल ऐसा नहीं चाहता।

अब, 2024 में चुनाव के बाद स्थिति वैसी एक तरफा नहीं रही है। भाजपा द्वारा तेलुगू देशम पार्टी, जनता दल (यू) एवं अन्य छोटी पार्टियों के सहयोग से एनडीए की सरकार चलाई जा रही है। भाजपा के लोकसभा में 240 सदस्य हैं जो बहुमत से 32 कम हैं। विपक्ष, संख्या बल में मजबूत हुआ है और उसने आक्रामक रवैया भी अपनाया है। ऐसे दृश्य संसद में देखे गए जब आसन की, विपक्षी सांसदों, विशेषकर कर कांग्रेस के सांसदों से कड़ी तकरार हुई और कई बार ऐसी भाषा का प्रयोग किया गया जो संसद की गरिमा के अनुकूल नहीं थी। इसके लिए जिम्मेदार ,केवल विपक्ष के सदस्य ही नहीं माने जा सकते, अपितु सत्ताधारी दल का रवैया भी आसन के समर्थन से विपक्षी सांसदों को अपमानित करने का ही रहा है। राज्यसभा के सभापति द्वारा कई बार ऐसे बयान दिए जाते हैं, जिनसे लगता है वे सत्ताधारी दल के एहसान तले दबे हैं। वे सरकार का यशोगान करने से भी नहीं चूकते। उनका ऐसा आचरण आसन की मर्यादा के अनुकूल नहीं कहा जा सकता। इस प्रकार, सत्ताधारी पक्ष के समर्थन में आसन की अभिव्यक्ति, उनके निष्पक्ष होने पर संदेह उत्पन्न करती है।

> **संसद की गरिमा बचाए रखने का दायित्व केवल प्रतिपक्ष के सदस्यों पर ही नहीं है अपितु सत्ता और प्रतिपक्ष, दोनों पर है, और इसे सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आसन की है। इन्हें अपनी पुरानी दलीय संबद्धता से ऊपर उठकर, स्वतंत्र और निर्भीक रूप से सदनों को संचालित करना होगा ताकि सदन की गरिमा बनी रह सके।**

जिस प्रकार मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे वरिष्ठ कांग्रेसी सदस्य और राज्यसभा में प्रतिपक्ष के नेता पर केवल उनके नाम के आधार पर वंशवाद का आरोप लगा दिया, वह कतई मर्यादा पूर्ण नहीं था। इसका विरोध करने पर उन्हें बोलने तक नहीं दिया गया एवं उन्हें एक प्रकार से डांट-डपट कर बिठा दिया गया। विपक्षी सांसद ,चाहे वे कांग्रेस के हों, समाजवादी पार्टी के, तृणमूल कांग्रेस के अथवा आम आदमी पार्टी के, सभी के प्रति आसन का व्यवहार एवं आचरण कतई निष्पक्ष नहीं दिखाई देता।

हाल ही में जया बच्चन , जो कि राज्यसभा की पुरानी वरिष्ठ सदस्य हैं, को संबोधित करते हुए राज्यसभा के सभापति ने यहां तक कह दिया वे कलाकार हैं और कलाकार को डायरेक्टर के निर्देशानुसार कार्य करना होता है। क्या वे यह कहना चाह रहे थे कि सदन के सदस्यों को डायरेक्ट करने का काम सभापति का है? ऐसा करके उन्होंने सदस्यों के सम्मान को कम ही किया है। राज्यसभा के सभापति द्वारा कई बार लंबे-लंबे भाषण दिए गए हैं। इन भाषणों में सामान्यतया विपक्षी दलों और कुछ नेताओं की कड़ी आलोचना की जाती है एवं ऐसा बताने का प्रयास किया जाता है जैसे सदन में गतिरोध केवल विपक्षी सदस्यों द्वारा ही उत्पन्न किया जा जाता है। संसदीय नियम, प्रक्रियाएं सब पर समान रूप से लागू होनी चाहिएं। ऐसा प्रतीत होता है कि उन्हीं नियम प्रक्रियाओं का अर्थ, सत्ताधारी दल और विपक्षी सांसदों के संदर्भ में अलग अलग निकाला जाता है। उदाहरण के लिए, जैसे विपक्षी दलों के भाषणों में कही गई हर बात को सत्यापित करने के लिए आसन द्वारा कहा जाता है, जबकि सत्ताधारी दल के सांसद के साथ ऐसा व्यवहार अधिकांशतया नहीं होता है। नियमानुसार सत्यापन दस्तावेज को सत्यापित करने की आवश्यकता है, जिसे सदन के पटल पर किसी सदस्य द्वारा अपने भाषण के दौरान रखा जाये।

सदन की कार्यवाही आजकल संसद टी वी के माध्यम से सीधी प्रसारित की जाती है। देश के सभी नागरिकों को सदन में क्या हो रहा है यह सीधे देखने का अवसर मिलता है। विपक्षी दलों के इस आरोप में सच्चाई है कि जब भी विपक्षी दल किसी भी विषय पर अपना विरोध कर रहे होते हैं अथवा कोई नारेबाजी कर रहे होते हैं, तो विपक्षी दलों की ओर कैमरा नहीं होता एवं केवल सत्ताधारी दल के सदस्यों को ही दिखाया जाता है। यह भी एक प्रकार से पक्षपात पूर्ण कार्यवाही ही है। सीधे प्रसारण का उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है जब कार्रवाई एक तरफा दिखाई जाये। सदस्यों के भाषण के अंश, कई बार आसन द्वारा कार्यवाही से हटा दिए जाते हैं। ऐसा करते समय भी आसन द्वारा सत्ताधारी दल के सांसदों के भाषण के प्रति उदार दृष्टिकोण अपनाया जाता है और विपक्षी दलों के भाषणों, विशेषकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाषण के अधिकांश अंशों को सदन की कार्यवाही से निकाल दिया गया।

राज्यसभा के सभापति द्वारा बार बार यह कहना कि **"nothing will go on record"** अजीब लगता है। सदन की कार्रवाई के संचालन की जिम्मेदारी अध्यक्ष अथवा सभापति की होती है, जिसे चुनौती नहीं दी जा सकती। विपक्षी दलों के पास केवल एक ही विकल्प बचता है कि वे कार्यवाही का बहिष्कार करें और वह ऐसा करते भी हैं ,किंतु ऐसा कदम उठाने से संवाद और बहस की संभावना पूरी तरह समाप्त हो जाती है। अभी हाल ही में राज्यसभा में जब विपक्ष के सांसद, आसन के व्यवहार के प्रति अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए वॉक आउट कर गए, तो उसके बाद राज्यसभा के सभापति ने, सत्ताधारी दल के प्रस्ताव पर विपक्षी दलों के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित कर दिया।

विपक्षी दलों के नेताओं , विशेष कर प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बोलते समय उनका माइक बंद करने की बात कई बार उठाई। टीवी पर जो लोग इसका प्रसारण देख रहे होते है, उन्हें स्पष्ट रूप से लगता है कि माइक को तब बंद कर दिया जाता है जब वह सरकार के विरुद्ध कोई ऐसी बात कर रहे थे, जिससे सरकार असहज महसूस करे। आपत्ति करने पर अध्यक्ष और सभापति का केवल एक ही कहना होता है कि माइक उनके द्वारा ंद नहीं किया जा सकता। ऐसा कहकर, वे अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकते क्योंकि सदन की पूरी कार्यवाही को सुचारू रूप से संचालित करने का दायित्व उन्हीं पर है। उनके सचिवालय का पूरा स्टाफ भी उन्हीं के अधीन होता है। यदि किसी ने उनके निर्देशानुसार कार्य नहीं किया तो फिर उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अब तक क्यों नहीं की गई? सबसे बड़ी समस्या तो यही है कि विपक्षी दलों को महत्वपूर्ण प्रश्न उठाने की अनुमति नहीं दी जाती।

उदाहरण के लिए, विनेश फोगाट को ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया, तो जिन परिस्थितियों में ऐसा किया गया, उस पर चर्चा हेतु स्थगन प्रस्ताव विपक्षी सांसदों द्वारा दिया गया, किंतु उसे स्वीकार नहीं किया गया। कुल मिलाकर, लगता यही है कि संख्या बल बढ़ने के बावजूद विपक्षी दल कुछ करने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं और उनकी आवाज को दबाने में सत्ताधारी दल का साथ, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आसन के द्वारा दिया जा रहा है। इसे दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति ही कहा जा सकता है। आशा यही है कि किसी दिन आसन पर बैठे अध्यक्ष और सभापति की अंतरात्मा जागे और उन्हें यह एहसास हो कि उनकी जिम्मेदारी विपक्ष के अधिकारों की रक्षा करने की भी उतनी ही है, जितनी सत्तापक्ष के अधिकारों की। यदि ऐसा नहीं हो पाया तो यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी पंचायत अर्थात संसद की गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा ही होगा। संसद की गरिमा बचाए रखने का दायित्व केवल प्रतिपक्ष के सदस्यों पर ही नहीं है अपितु सत्ता और प्रतिपक्ष, दोनों पर है और इसे सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आसन की है। इन्हें अपनी पुरानी दलीय संबद्धता से ऊपर उठकर, स्वतंत्र और निर्भीक रूप से सदनों को संचालित करना होगा ताकि सदन की गरिमा बनी रह सके।

# क्या है लव जिहाद और इस पर क्यों इतनी तीखी बहस?



महावीर सिंह

आजकल समाचारों में व सामान्य रूप से कुछ वर्गों के लोगों में लव जिहाद पर चर्चा-बहस सुनने को मिलती है। मुख्यतः पॉलिटिशियन कहलाए जाने वाले जीवों में इसके पक्ष व विपक्ष में भयंकर जिद्दोजहद सुनने को मिलती है। ऐसी तुमुल बहसें को 24 घण्टे चलने वाली टीवी चैनल्स पर सुनाई पड़ती है मानों कि संसार का सबसे प्रमुख चिंता का विषय यही होना चाहिए। लव का सामान्य समझ वाला अर्थ है प्रेम। सभी प्रमुख धर्मों का यह सर्वोत्तम उपदेश यही है जिस में मनुष्यों को प्रेम व सद्भाव से रहने का आव्हान किया जाता है।

प्रेम एक अहसास है जो दिल से वास्ता रखता है। हम माता, पिता, भाई, बहन, पत्नी, बेटा, बेटी, परिवार जनों को प्रेम करते है उसमें दिमाग से निर्णय की जरूरत नही। हमे हमारे साथ, आसपास रहने वाले पशु-पक्षियों से भी प्रेम हो जाता है। इन सब मे हानि, लाभ, निन्दा, डर आदि की कोई जगह नहीं। यह सब दिमाग का कार्य क्षेत्र है। प्रेम के अहसास में इनका स्थान ही नहीं, यह दिल का कार्य क्षेत्र है।

कुछ समय पूर्व तक और कहीं-कहीं अब भी, अंतरजातीय विवाहों भारी बबाल होता है। कई हिंसक घटनाएं हुई है और कुछ प्रेमी जोड़ों को मौत के घाट उतार दिया गया, गांव बदर कर दिया गया, जाती से -समाज से बहिष्कृत कर दिया गया। इस प्रकार की सारी घटनाएं परिभाषित अपराध है। इस प्रकार की अधिकतर घटनाएं हिन्दू समाज में होती है, इसलिए इन्हें कोई जिहाद जैसे विशेषण से नहीं बताया जाता।

विवाह क्या है, कैसे सम्पन्न होते हैं? विवाह का निर्णय सामान्य रूप से माता-पिता व नजदीकी परिवार जन द्वारा लिया जाता रहा है। अब इसमें अधिकतर मामलों में लड़के और लड़की को भी एक दूसरे से मिलाया जाता है और उनकी सहमति भी ली जाती है। यह सब शिक्षा से हुई जागृति के कारण हुआ है। रोजगार के प्रकार, स्थान, वेतन, आय आदि भी विवाह के निर्णय से पूर्व अहम हो गए हैं। इसमें प्रेम के अहसास की एंट्री शादी के बाद होती है।

एक अन्य प्रकार है प्रेम विवाह। शादी पूर्व लड़के-लड़की की विभिन्न कारणों से यथा एक जैसी शैक्षणिक योग्यता, जॉब,एक स्थान पर रहवास, मित्रता, आकर्षण आदि के चलते स्वयं ही शादी फैसला कर लेते है। इसका ज्यादा प्रचलन वाला नाम है, लव मैरिज। लव मैरिज वाले जोड़े एक जाति अथवा भिन्न-भिन्न जातियों वाले व भिन्न-भिन्न धर्मों में आस्था रखने वाले हो सकते है। अधिकांसतः, एक जाती अथवा भिन्न जातियों वाले जोड़ों के मामलों में उनके परिवार, रिश्तेदार, समाज प्रारंभिक हिचक के बाद स्वीकृति दे देता है। जहां स्वीकृति नहीं मिलती वहां कोर्ट मैरीज, आर्य समाज की विधि के अनुसार या किसी मंदिर के पुजारी के समक्ष शादी की विधिक औपचारिकताएं पूरी कर लेते हैं। कहीं-कहीं, ऐसे मामलों में पुलिस प्रोटेक्शन की आवश्यकता भी पड़ती है। असली झगड़ा भिन्न धर्मों में आस्था रखने वाले जोड़ों की शादियों में उतपन्न होता है। यदि शादी हिन्दू-सिख,-जैन-बौद्ध-पारसी-ईसाई धर्म में आस्था रखने वाले जोड़ों की हो तो कोई ज्यादा बबाल नहीं मचता। यदि शादी के जोड़े में लड़की मुस्लिम हो, लड़का हिन्दू-जैन आदि आस्था वाले हों तो भी, समाज के स्वयम्भू ठेकेदारों की ओर से कोई बड़े पैमाने पर तीखी बयान बाजी, खुले आम उनको अपमानित करने की घटनाएं अपवाद स्वरूप ही सुनी जाती है।

यदि लड़की हिन्दू माता-पिता की संतान हो और बड़े धनाढ्य, समाज में किसी बड़ी प्रकार की हैसियत रखने वाले हो जैसे बड़े बिजनेसमैन, उद्योगपति, सेलेब्रिटी, बड़ा राजनेता आदि और लड़का मुस्लिम हो तो भी, समाज का ठेकेदार बानेर विभिन्न नामों से घूमने वाली ब्रिगेड्स द्वारा कोई विशेष बयानबाजी, तोड़फोड़ नहीं होती। किन्तु इसके विपरीत, यदि लड़की हिन्दू संस्कारों में आस्था रखने वाली, गरीब या अल्प या मध्यम आय वर्ग परिवार से हो और लड़का मुस्लिम हो तो धर्म के ठेकेदार, समाज के पंच पटेल लड़की और उसके परिवार वालों का गांव, मोहहल्ले में विभिन्न प्रकार की उलूल जुलूल कार्यवाहियों, सार्वजनिक प्रताड़नाओं से जीना हराम कर देते है। ताने, बयान बाजी से आगे उन्हें आर्थिक दण्ड या समाज बहिष्कार का दंड फरमान भो सुना दिया जाता है।

सामान्य निष्कर्ष यह है कि अंतर धार्मिक विवाहों पर अमीर, हैसियत वालों को कोई समाजिक बहिष्कार का व अन्य सामाजिक दण्डों का सामना नहीं करना पड़ता। यह सब गरीब व निम्न व मध्यम आय के परिवारों या अति रूढ़िवादी समाज के लोगों के लिए ही है।

किन्तु अंतर धार्मिक विवाहों के कुछ डरावने पक्ष भी है। कई बार यह सुननें में आता है की मुस्लिम लड़के नें अपनी सही पहचान गलत इरादों से छुपाई यथा अपना धर्म, जाती, निवास स्थान, रोजगार आदि छुपाया और किसी मंदिर में शादी कर ली या कोर्ट में शादी कर ली। इस प्रकार के सारे कृत्य कानून में परिभाषित अपराध है और सामान्य रुप से भी, बिना इन्हें धार्मिक रंग दिए, पुलिस स्टेशन पर जाकर मुकदमा दर्ज कराया जा सकता है । कुछ मामलों में लड़की को धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य करने के प्रयास होते है और यह भी अपराध है ।। आइए अब इस विचार करें कि जिहाद क्या है और लव जिहाद क्या है? जिहाद एक अरबी शब्द है जिसका सामान्य अर्थ है- किसी अच्छे, प्रशंसनीय कार्य के लिए किए गए प्रयास।इस्लाम में इसका एक अर्थ यह भी होता है कि किसी धार्मिक कार्य के लिए संघर्ष भी है। एक अन्य अर्थ यह भी--आध्यात्मिकता के लिए व्यक्तिगत जिद्दोजिहाद। आत्मरक्षा के लिए सामूहिक संघर्ष। इन सब व्याख्याओं में मुस्लिम, हिन्दू लड़के-लड़कियोज प्रेम, विवाह पर बंदिस की कहीं कोई बात नहीं।

लेकिन कुछ व्याख्याकार धार्मिक ग्रन्थों का हवाला देकर, इसका यह भी अर्थ निकालते है--काफिरों के खिलाफ धर्म रक्षा के लिए पवित्र युद्ध। इस्लाम के अनुयायियों के संरक्षण, व प्रसार के लिए युद्ध। यह सब आध्यात्मिक धर्म से अलग इस्लाम के नाम पर लोगों के राजनीतिक, प्रभुत्व स्थापित करने वाले औजार है। वास्तविक धर्म से इनका कोई सम्बन्ध नहीं।ओर यह केवल इस्लाम में हो यह भी नहीं। ईसाई, हिन्दू व अन्य कई धर्मों को भी राजनीतिक औजार बनाया जाता रहा है और बनाया जा रहा है। यह लव जिहाद भी वैसा ही एक औजार है। हिंदुस्तान में लव जिहाद एक राजनीतिक नारा बन चुका है। इसे इन आधारों पर तराशा जाता है:--हिन्दू धर्म और संस्कृति खतरे में है--मुसलमानों की जनसंख्या बेहताशा बढ़ रही है तथा ओर बढ़ेगी--हिन्दू लड़कियों को सही पहचान छुपा कर या गलत जानकारियां देकर शादी के लिए फंसाने वाले अधिकतर मुस्लिम युवक अपराधी किस्म के है--हिन्दू लड़कियों को झांसा या प्रलोभन देकर इस्लाम कुबूल कराया जाता है-इसलिए हिन्दू लड़कियों को मुसलमान युवकों से शादी करने से हर प्रकार से रोकेंगे। अरे भाई लोगों इसके लिए रेस्टोरेंट्स में जाकर हंगामा करने, इस प्रकार के साल में 5, 10 जोड़ों की मार पिटाई करने व अन्य इसी प्रकार के असभ्य तरीके अपनाने के बजाय, थानेदार-डिप्टी एसपी, एसपी से मिल कर, कानूनी कार्यवाही क्यों नहीं करते? अरे नहीं भाई, इससे हमें क्या लाभ, हमारी राजनीति या यों कहें टुच्ची दादागिरी कैसे चमकेगी। हम तो कानून बनवाके मानेंगे की हिदू लड़की का मुसलमान लड़के से विवाह गैर कानूनी व सज्जा योग्य अपराध है--ठीक है, किन्तु यह तो गैर संवैधानिक होगा----तो क्या संविधान नहीं बदलता क्या?! जय राम जी की, कितना मिठास भरा सम्बोधन, अभिवादन जो सदियों से हमारे पुरखे काम में लेते रहे और अब--?

**–महावीर सिंह,**
**पूर्व आईएए स**

# कब्स बुलबुल हीरक पंख एवं स्वर्ण तीर बैज प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

**■ पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक सात में त्रिदिवसीय शिविर शुरु**

**जयपुर।** केन्द्रीय विद्यालय संगठन राज्य भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जयपुर मण्डल के तत्वाधान में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 07 जयपुर में सोमवार को त्रिदिवसीय कब्स एवं बुलबुल हेतु चतुर्थ चरण हीरक पंख एवं स्वर्ण तीर बैज प्रशिक्षण शिविर 2024 का प्रारंभ हुआ। राज्य स्तरीय इस आयोजन में केन्द्रीय विद्यालय संगठन, संभागीय कार्यालय-जयपुर के अधीन 21 केन्द्रीय विद्यालयों के 302 नन्हें मुन्ने कब्स एवं बुलबुल ने प्रतिभागिता हेतु उपस्थिति दर्ज की। रविवार सांयकाल से ही अपने अनुरक्षक शिक्षकों के साथ राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में आये इन नन्ने कब्स एवं बुलबुल का स्वागत इंद्रदेव ने रिमझिम फुहारों से किया। सोमवार प्रातःकाल उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. पंकज कुमार, कमान्डेंट, 8वीं आरक्षित वाहिनी, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, जयपुर के विद्यालय आगमन पर पारम्परिक तरीके से साफा एवं माल्यार्पण स्वागत किया।



उद्घाटन समारोह में अतिथियों का स्वागत किया गया।

विद्यालय के कब्स एवं बुलबुल द्वारा चकरी स्वागत एवं बुलबुल स्वागत ने उपस्थितजन के ह्रदय को विभोर कर दिया। प्राचार्य डॉक्टर दर्शन लाल मीना की अगवानी में मुख्य अतिथि ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर आशीष लिया तत्पश्चात लार्ड एवं लेडी बेडेन पावेल के आवक्ष पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ हुआ। पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 07 के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत झूम झूम हर कली बार बार कह चली के साथ आगंतुकों का स्वागत किया गया। वहीं दूसरी ओर राजस्थानी नृत्य- माथे साजे बोरलो पगां में पायल बाजणी ने उपस्थित जनमानस का ह्रदय मोह लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. पंकज कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम से विद्यार्थी नैतिकता, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक बनेंगें। स्तर दर स्तर आत्मनिर्भरता, टीमवर्क, और सेवा भाव के गुणों के विकास की नींव इन्ही कार्यक्रमों से विकसित होनी तय है। विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दर्शन लाल मीना के अनुसार स्काउटिंग का आदर्श वाक्य "सदैव तत्पर" हमें हर स्थिति में तैयार रहने की प्रेरणा देता है। सदैव तत्परता का यह भाव जीवन कौशल के संवर्धन में महत्ती भूमिका निर्वहन करता है। इस त्रिदिवसीय आवासीय शिविर में विद्यार्थी नैतिक विकास,नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी, शारीरिक विकास, जीवन कौशल के गुर भी सीखेंगे जो जीवन पर्यंत काम आयेंगे।

राज्य स्तरीय इस कार्यक्रम में गिरिराज प्रसाद मीना मुख्य पर्यवेक्षक ने त्रिदिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा प्रस्तुत की जिसमें कब्स एवं बुलबुल द्वारा अगले तीन दिनों में की जाने वाली गतिविधियों का विस्तृत मार्गदर्शन निहित था। गतिविधियों के सहज एवं सरल सञ्चालन हेतु जितेन्द्र सिंह एलओसी, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 02, आर्मी जोधपुर, संजीव कुमार चौहान, मुख्य परीक्षक कब्स, केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 02, आर्मी जोधपुर, विजय कपुरिया, परीक्षक कब्स केन्द्रीय विद्यालय नसीराबाद, ब्रिजेश तलवार, परिक्षक कब्स केन्द्रीय विद्यालय लालगढ़ जाटान, राजकुमारी गुलपहाडिया, एलओसी, बुलबुल केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 03, कविता मीना, मुख्य परिक्षक, बुलबुल केन्द्रीय विद्यालय अलवर, गरिमा गुप्ता, परिक्षक, बुलबुल, केन्द्रीय विद्यालय, भरतपुर ने चयनकर्ताओं, प्रशिक्षकों के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की।

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय के स्काउट कवार्टर मास्टरकमल मीना, कब्स प्रभारी विनोद नामा बुलबुल प्रभारी स्वाति गोगना, स्काउट प्रभारी सुल्तान मीना गाइड प्रभारी मंजु मीना एवं सपना वर्मा अनुराधा मीना मोनिका गुप्ता जालिम सिंह मीना नीरू चड्ढा एवं साधना चौबे ने त्रिदिवसीय कार्यक्रम हेतु अपने प्रभारों हेतु की गई तेयारियों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में श्री राम नारायण मीना द्वारा उद्घाटन कार्यक्रम की सफलतम सिद्धि में जुटे समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का सफलतम संचालन राजेश रॉय सामतानी व्याख्याता हिंदी एवं अंजु चौधरी अंग्रेजी द्वारा किया गया। प्राचार्य डॉक्टर दर्शन लाल मीना द्वारा डॉ. पंकज कुमार, कमान्डेंट 8वीं आरक्षित वाहिनी, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, जयपुर का स्वागत। प्राचार्य डॉक्टर दर्शन लाल मीना एवं मुख्य अतिथि डॉ. पंकज कुमार, कमान्डेंट 8वीं आरक्षित वाहिनी, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, जयपुर लार्ड एवं लेडी बेडेन पावेल के आवक्ष पर माल्यार्पण।

## राशिफल मंगलवार 13 अगस्त, 2024



पंडित अनिल शर्मा


सावन मास, शुक्ल पक्ष, अष्टमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, विशाखा नक्षत्र दिन 10:44 तक, ब्रह्म योग सांय 4:33 तक, बव करण प्रातः 9:32 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग दिन 10:44 से आरम्भ होगा। आज दुर्गाष्टमी, भौमाष्टमी, मंगला गौरी पूजा और मेला नयना देवी और चित्यपूर्णी है।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:16 से 10:54 तक, लाभ-अमृत 10:54 से 2:09 तक, शुभ 3:47 से 5:24 तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6मे:01, सूर्यास्त 7:02




**मेष**

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।



**वृष**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



**मिथुन**

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।



**कर्क**

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।




**सिंह**

घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।




**कन्या**

आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिल सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। घर-परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**तुला**

व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।




**वृश्चिक**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।




**धनु**

अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।



**मकर**

आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।



**कुंभ**

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**मीन**

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**सार-समाचार**

## अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**उदयपुर**, (कासं)। चंद्रयान-3 मिशन के सफल प्रक्षेपण, विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग और 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर प्रज्ञान रोवर की स्थापना के उपलक्ष्य में भारत सरकार ने हर साल 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। इस उपलब्धि के साथ, भारत अंतरिक्ष में कदम रखने वाले देशों के विशिष्ट समूह में शामिल हो गया है और चंद्रमा की सतह पर उतरने वाला चौथा और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बन गया है। इस विशेष उपलब्धि के उपलक्ष्य में, डॉ. विक्रम साराभाई की 105वीं जयंती पर, उदयपुर सौर वेधशाला (यूएसओ), भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला (पीआरएल, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार) ने 12 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया है, जिसका विषय है- टचिंग लाइव्स वाइल टचिंग द मून : इंडियास स्पेस सागा। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. विक्रम साराभाई की चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई और यह विभिन्न विज्ञान प्रदर्शनियो/सौर अवलोकन सुविधाओं के साथ जारी रहा, जिसमें फतेह सागर स्थित द्वीप वेधशाला में दूरबीनें शामिल थीं, जैसे मल्टी एप्लीकेशन सोलर टेलीस्कोप (एमएएसटी), स्पार टेलीस्कोप और कार्यालय परिसर में अवलोकन सुविधाएं जैसे ग्लोबल ऑसिलेशन नेटवर्क ग्रुप (गोंग) और रेडियो अवलोकन सुविधा ई-कैलिस्टो इत्यादि।यूएसओ के वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और अन्य कर्मचारियों ने मौखिक और पोस्टर प्रस्तुतियों के माध्यम से यूएसओ में विज्ञान गतिविधियों को समझाने में सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर, पीआरएल के निदेशक प्रो. अनिल भारद्वाज ने अहमदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से बातचीत की।

## चारागाह भूमि से हटाए अतिक्रमण

**मावली**, (निसं)। उपखंड क्षेत्र के गादोली ग्राम पंचायत के जवान जी का खेड़ा में मैन हाईवे रोड पर चारागाह भूमि पर अतिक्रमण कर पाकका निर्माण हो रहा था जिस पर पटवारी चंद्रप्रकाश अतिक्रमण का कार्य बंद करवाने गया तो मजदूरों ने कहा ठेकेदार आएगा तो काम बंद करेंगे पटवारी का करना नहीं माना पड़ा भारी तहसीलदार ने चारागाह में निर्माण किया ध्वस्त साथ ही तहसीलदार ने बताया कि जवान जी का खेड़ा में चारागाह भूमि पर पटवारी हल्का गाडौली द्वारा अतिकर्मी को निर्माण नहीं करने हेतु पूर्व में भी पाबंद किया गया था आज निर्माण करने की सूचना पर पटवारी चंद्र प्रकाश पून मौके पर पहुंचे और निर्माण बंद करवाने को कहा इस पर मजदूरों ने कहा कि ठेकेदार के कहने पर बंद करेंगे आपके करने पर नहीं करें करेंगे पटवारी हल्का ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी तहसीलदार मावली को दी तहसीलदार रमेश कुमार वडेरा ने तुरंत मौके पर पहुंचे हाथों हाथ जे सी बी मंगवा कर पक्का निर्माण को ध्वस्त किया साथी विद्युत विभाग से विद्युत कनेक्शन भी कटवाया।

## जागरूकता का दिया संदेश




**उदयपुर**, (कासं)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विवि के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक-प्रशिक्षण महाविधालय में 78 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नशामुक्त मुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। जिसमें महाविद्यालय के समस्त छात्राध्यापकों को स्वयं नशामुक्त रहने तथा समुदाय, परिवार, मित्र को नशामुक्त रहने हेतु शपथ कार्यक्रय आयोजित करवा समाज व राष्ट्र को नशामुक्त उसने हेड प्रतिवह डिया। कार्यक्रम के दौरान महा विद्यालयकी प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. रचना राठौड़, डॉ. बलिदान जैन, डॉ. अमी राठौड़, डॉ. सुनिता मुर्डिया, डॉ. अमित दवे, डॉ. हरीश, मेनारिया, डॉ. पुनीत पाड्या, डा. अनिता कोठारी, डॉ. हिम्मत सिंह सहित अकादमिक सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रय में शपथ एवं संचालन डॉ. हरीश चौबीसा ने किया।

## तिरंगा बाइक रैली निकाली

**बांसवाड़ा**, (निसं)। घर-घर तिरंगा अभियान के तहत सोमवार को तिरंगा बाईक रैली संभागीय आयुक्त कार्यालय परिसर से शुरू हुई। रैली को रवाना करने के साथ ही संभागीय आयुक्त स्वयं सम्मिलित हुए। उत्साह के साथ हाथ में तिरंगा लेकर रैली कार्यालय से रवाना होते हुए जवाहर पुल, गांधी मूर्ति, पुराना बस स्टेण्ड, कस्टम चौराहा से कॉलेज रोड होते हुए लिंक रोड, प्रताप सर्कल, हाउसिंग बोर्ड चौराहा, मोहन कॉलोनी, विवेकानन्द सर्कल, हॉस्पीटल चौराहा होते हुए पुनरू कार्यालय में पहुचंकर सम्पन्न हुई।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में निकाली तिरंगा रैली

**डूंगरपुर**, (निसं)। चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और पूर्व सभापति नगर परिषद डूंगरपुर के.के.गुप्ता के नेतृत्व में चेंबर पदाधिकारी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार का विरोध प्रकट करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित भाई शाह के नाम ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा गया।

ज्ञापन देने से पहले गुप्ता के निवास स्थान आजाद नगर पर बडी संख्या में व्यापारी और नगर के संभ्रांत नागरिक एकत्र हुए और हाथ में तिरंगा झंडा लेकर तिरंगा रैली के रूप में पैदल जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां कलेक्ट्री परिसर में बांग्लादेश के घटनाऋम पर विरोध प्रकट करते हुए तीखा रोष व्यक्त किया गया और हिंदू समुदाय के समर्थन में जमकर नारेबाजी की गई। इस अवसर पर गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि विगत कुछ दिनों से बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के आंदोलन के दौरान वहां पर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के साथ हिंसक घटनाएं हो रही हैं। बांग्लादेश में हिंदू तथा अन्य अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का नरसंहार, लूटपाट, आगजनी, महिलाओं के साथ अपराध और मंदिरो पर हमले हो रहे हैं। भारत सरकार से अपेक्षा है कि ऐसी घटनाओं



**चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और पूर्व सभापति नगर परिषद डूंगरपुर के.के.गुप्ता के नेतृत्व में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपा।**

पर रोक लगाने और पीडितों के जान माल की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश में नवगठित अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री को निर्देश जारी किया जाए तथा हिंदू समुदाय की सुरक्षा व्यवस्था की जाए। गुप्ता ने कहा कि देशभर के हिंदुओं को एक जुट होकर बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के साथ हो रही हिंसा की घटनाओं का विरोध करने के लिए आगे आना चाहिए। अत्याचार करना और अत्याचार सहना, दोनों ही अपराध माना जाता है और अब समय आ गया है कि हिंदू समुदाय किसी भी प्रकार का अत्याचार सहन नहीं करेगा। इसके लिए बडे समर्थन के साथ पूरे विश्व के हिंदुओं को अपने-अपने क्षेत्र से विरोध दर्ज करना होगा, जिससे एकजुटता साथ यह संदेश जाएगा कि पूरे विश्व का हिंदू सनातनी समाज बांग्लादेश में हिंसा से पीडित हिंदुओं के साथ खडा है। गुप्ता ने प्रदर्शन में सम्मिलित हुए समस्त सामाजिक संगठनों और नागरिकों का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बांग्लादेश घटनाक्रम को लेकर डूंगरपुर जिले से चेंबर ऑफ कॉमर्स संगठन द्वारा सबसे पहले विरोध प्रकट करते हुए ज्ञापन दिया गया है। सभी संगठनों को आगे आकर बांग्लादेश के हिंदू भाइयों को अपना नैतिक और भावात्मक समर्थन दिखाना चाहिए। इस अवसर पर चैंबर पदाधिकारी प्रभुलाल पटेल, सुबोध जैन, रोशन दोशी, हंसमुख पंड्या, मुकेश श्रीमाल, राजेश डेंडू, हितेश दावडा, देवेंद्र जैन, अमित टेलर, हिमांशु भावसार, प्रवीण श्रीमाल, पंकज जैन, पंकज श्रीमाल, गोपाल मराठा, नीलम श्रीमाल, अचला वसीटा, कामिनी चौबीसा सहित बडी संख्या में व्यापारी और नागरिक गण उपस्थित रहे।

# हर-हर महादेव के जयकारों के साथ निकली महिला कावड़ यात्रा

**राजसमंद**, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित श्री नर्बदेश्वर महादेव मंदिर राजनगर से श्री रामेश्वर महादेव मंदिर तक कावड यात्रा का आयोजन हुआ। महिला कावड यात्रा में राजसमंद विधायक दिप्ती माहेश्वरी भी करीब 6 किलोमीटर चलकर हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए कावड यात्रा में भाग लिया। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से करीब विभिन्न महिलाएं पहुंची और पूरे शहर का वातावरण धर्ममय बना दिया। राजस्थान में यह पहली महिला कावड यात्रा होगी जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं कावड लेकर बडी श्रद्धा के साथ भाग लिया। कावड यात्रा श्री नर्बदेश्वर महादेव मंदिर से रवाना होकर शहर के मुख्य मार्ग कबूतर खाना, मालीवाडा, माणक चौक, डॉ भीमराव अंबेडकर सर्किल, बजरंग चौराहा पर स्वागत द्वार लगाए गए। जहां पर शहरवासियों द्वारा कावड यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। महिला कावड यात्रा बजरंग चौराहे पर पहुंची जहां पर करीब 15 जेसीबी मशीनों के बोकेट में बैठकर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कावड यात्रा प्रात: 10 बजे श्री नर्बदेश्वर महादेव मंदिर से मातृशक्ति कावड लेकर भोलेनाथ के जयकारों के साथ शहर के मुख्य मार्ग से निकली जिसमें डीजे एवं बैंड द्वारा मधुर स्वर लहरियों के साथ भगवान की सुसज्जित झांकियां एवं घोडे पर बालिकाएं भारतमाता एवं रानी लक्ष्मीबाई के रूप में कावड यात्रा शोभायात्रा के रूप नजर आई।

## तीन गिरफ्तार

**उदयपुर**, (कासं)। पहाड़ा थाना पुलिस ने बाइक व मोबाईल लूट मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से दो मोबाईल बरामद किए। प्रकरण के अनुसार 24 जुलाई को अरविन्दसिंह पुत्र नाथुसिंह निवासी निचला तालाब थाना बावलवाड़ा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि 22 जुलाई को मैं बाइक पर उदयपुर से घर लौट रहा था। जहां बहीचरास्ते में रूजेला के वेले के पास अन्य बाइक पर सवार तीन लोग आए और टक्कर मार कर मुझे निचे गिरा दिया। इस दौरान मारपीट कर मेरी जेब से मोबाईल व बाइक लेकर फरार हो गए।

# मस्तान बाबा दरगाह पर ठंडे पानी की प्याऊ का उद्घाटन

**डूंगरपुर**, (निसं)। विधानसभा डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा ने सोमवार को मस्तान बाबा दरगाह परिसर में ठण्डे पानी की प्याऊ का उद्घघाटन किया। एमएमबी ग्रुप के प्रयासों और भामाशाहों के सहयोग से निर्मित इस प्याऊ में दो ठंडे पानी की मशीन वह फिल्टर लगाए।

ग्रुप सदर मकरानी ने बताया की मस्तान बाबा की दरगाह पर प्रतिदिन जायरीनों का आना लगा रहता है और पास में भोइवाडा स्कूल भी है इसी को ध्यान में रखते हुए ग्रुप की ओर से इन सभी की सुविधाओं के लिए निर्माण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर तौर पर विधायक गणेश घोघरा, विशिष्ठ अतिथि के तौर पर पूर्व राज्य मंत्री असरार अहमद खान, पूर्व राज्य मंत्री डॉ शंकर यादव, ऐडीजे कुलदीप सूत्रधार एवं दरगाह कमेटी के सदर अल्लाह नूर मंसूरी, मौलाना अब्दुल मुस्तफा व ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी के सानिध्य में सर्वप्रथम मस्तान बाबा के मजार पर चादर शरीफ अकीदत के फूल पेश कर देश व दुनिया में अमन चैन कायम रखने और अच्छी बरसात की दुआ मांगी गई। वह अच्छी बरसात के लिए दुआ माँगी गई।



**मस्तान बाबा दरगाह परिसर में ठण्डे पानी की प्याऊ का उद्घघाटन करते विधायक गणेश घोघर।**

विधायक गणेश घोघरा ने ग्रुप के जनहित के कार्यो की प्रशंसा करते हुए बताया कि ग्रुप मस्तान बाबा की याद में हमेशा जनहित के कार्यो में आगे रहता है। साल भर ग्रुप की ओर से जरूरतमन्दों को राशन वितरण कार्यक्रम ,रक्तदान शिविर वृक्षारोपण कपडे की थैलियों का नि:शुल्क वितरण ,सडक सुरक्षा,बच्चों की शिक्षा के लिए स्टेशनरी किट वितरण,सर्दियों में रोड पर सो रहे जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण आदि अनेकों कार्य भामाशाहों के सहयोग से किए जाते आ रहे हैं। इन कामों में ग्रुप बिना किसी सरकारी मदद के सिर्फ भामाशाह का सहयोग लेकर संपन्न करता है, जो कि पूरे संभाग में एक बहुत बडी मिसाल है। पूर्व राज्य मंत्री असरार अहमद ने कहा कि ग्रुप कोमी एकता के लिए दीपावली मिलन, ईद मिलन समारोह आयोजित कर कौमी एकता की मिसाल पेश करता आ रहा है। पूर्व राज्य मंत्री डॉ शंकर यादव ने बताया कि इससे पूर्व ग्रुप की ओर से वीर कालीबाई कॉलेज एवं देवेंद्र गर्ल्स स्कूल में प्याऊ का निर्माण करवाया जा चुका है।

**सार-समाचार**

## डेयरी और फार्म का शैक्षिक दौरा



**उदयपुर**, (कासं)। पेसिफिक यूनिवर्सिटी के डेयरी टेक्नोलॉजी विभाग के छात्रों ने उदयपुर के डेयरी प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया। विज्ञान और प्रौद्योगिकी संकाय के अध्यक्ष प्रो. दिलेंद्र हिरन ने डेयरी प्लांट के महत्व पर प्रकाश डाला और छात्रों का उत्साहवर्धन किया। भ्रमण का आयोजन डेयरी टेक्नोलॉजी विभाग की प्रभारी मिस अनुष्का नाहर के मार्गदर्शन में किया गया। भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को डेयरी फार्म के संचालन का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। डेयरी में, छात्रों को संयंत्र का विस्तृत भ्रमण कराया गया, जहां उन्होंने दूध उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं, जैसे दूध दोहन, भंडारण, और प्रसंस्करण तकनीकों का अवलोकन किया। मिस अनुष्का नाहर, किरण सेन और नीरव सनाढ्य ने छात्रों को डेयरी फार्मिंग और टेक्नोलॉजी में नवीनतम प्रथाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## भोलेनाथ की दिव्य सवारी निकानी

**मंडफिया**, (निसं)। भदेसर उपखंड मुख्यालय पर महादेव मित्र मंडल के तत्वाधान में भगवान भोलेनाथ की तृतीय दिव्य सवारी सावन के चतुर्थ सोमवार को निकाली गई। यह दिव्य यात्रा धनेश्वर महादेव से आरंभ होकर अमरपुरा, गागा गुड़ा होते हुए भदेसर भेरुजी मंदिर प्रांगण पर दोपहर 1 बजे पहुंची जहां पर विशेष पूजा अर्चना की गई। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महाकाल उज्जैन की तर्ज पर भदेसर मुख्यालय पर महादेव मित्र मंडलों के द्वारा दिव्य सवारी निकालने का निर्णय लिया गया इसी के तहत भदेसर उपखंड मुख्यालय पर भगवान भोलेनाथ की यह तीसरी दिव्य यात्रा का आयोजन किया गया। जिसके तहत भगवान भोलेनाथ प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलते हैं कार्यक्रम के तहत धनेश्वर महादेव मंदिर पर भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना की गई एवं छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। तत्पश्चात सुसज्जित रथ में भगवान भोलेनाथ की मूर्ति विराजित की गई जिसका डेढ किलो भांग से विशेष श्रृंगार किया गया एवं सुखे मेंवे चढ़ाए गए।भदेसर भेरुजी मंदिर में दिव्य सवारी की विशेष पूजा अर्चना की गई उसके पश्चात नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए प्रजापत मोहल्ला, पुलिस थाना, बस स्टेशन, माली मोहल्ला होते हुए कस्बे में स्थित प्राचीन रामेश्वरम महादेव मंदिर पहुंची जहां पर विशेष पूजा अर्चना कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस दिव्य सवारी में भदेसर कस्बे सहित आसपास क्षेत्र के 50 से अधिक गांव के सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने शिरकत की। इस दिव्य सवारी में मातृशक्ति की संख्या बहुत अधिक थी।

## सफाई कार्मिकों की सुनी समस्याएं

**बांसवाड़ा**, (निसं)। राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग की उपाध्यक्ष अंजना पंवार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सफाई कर्मियों, नगर परिषद के अधिकारियों, कार्मिकों की बैठक ली और सफाई कार्मिकों की समस्याओं को सुना और समाधान करवाया। बैठक में जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव, जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, नगर परिषद के अधिकारी मोहम्मद सुहैल शेख, विजय दातंला, मुकेश मधु, संजय फिलिप, पार्षद देवबाला सहित वाल्मिकी समाज के पदाधिकारी व सफाईकार्मिक मौजूद थे। पंवार ने जिले के एक नगर परिषद व दो नगरपालिकाओं में नियुक्त सफाई कार्मिकों की जानकारी ली। उन्होंने आयोग द्वारा किये जा रहें प्रयासों की जानकारी दी और उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सफाई कार्मिकों की मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशीलता के साथ समाधान कर उन्हें राहत दें। अंजना ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे सफाई कार्मिकों की बस्ती में अभियान लगाते हुए केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ व फायदों से अवगत करवाएं और जरूरतमंद कार्मिकों को मौके पर ही आवेदन पत्र तैयार कर लाभ दें।

## कार को ट्रक ने मारी टक्कर

**उदयपुर**,(कासं)। प्रतापनगर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में कार में सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी वे ़अनुसार रविवार रात में राष्ट्रीय राजमार्ग 76 केसरियावाद होटल के समीप खड़ी कार को ट्रक ने चपेट में ले लिया। हादसे में कार में सवार नपावली निकुंभु चित्तौडगढ हाल देबारी निवासी कैलाश पुत्र देवीलाल नट गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई।

## काली पट्टी बांध जताया रोष

**उदयपुर**, (कासं)। कलकत्ता में रेजीडेंट के साथ हुए रेप और हत्या के मामले में पूरे देश के रेजीडेंट डॉक्टर्स में आक्रोश व्याप्त हैं।

ऐसे में उदयपुर रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के आव्हान पर एमबी सहित अन्य सभी हॉस्पिटल में रेजीडेंट डाक्टर्स ने सोमवार को हाथ पर काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए अपना विरोध दर्ज करवाया। उदयपुर रेजीडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दीपक निनामा ने बताया कि कलकत्ता में हुई . घटना शर्मनाक थी और इससे पूरे रेजीडेंट डॉक्टर्स के समाज में आक्रोश फैला हुआ हैं।मृतका को न्याय मिले और जो आरोपी है वह जल्द से जल्द पुलिस उसे गिरफ्त करे। इन्ही मांगो को लेकर हाथ पर काली पट्टी बांधकर हमारी आवाज को सरकार तक पहुंचाने की कोशिश की। डॉ. निनामा ने बताया कि जिस तरह से इस मामले में राजनिति की जा रही है उसे बंद कर आरोपी को जल्द से गिरफ्तार किया जाए

**नाम परिवर्तन**

**मैंने अपना पुराना नाम जमीला बुरहानुद्दीन से बदलकर नया नाम जमीला रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।**

**पता-जमीला पत्नी बुरहानुद्दीन पैलेस रोड सैफी मोहल्ला कुशलगढ़ बांसवाड़ा**

**नाम परिवर्तन**

मैं विर मोची पुत्र पवन कुमार मोची अपना नाम परिवर्तन कराकर वीर मोची पुत्र पवन कुमार मोची रख लिया है अत: भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।

**पता-125 भामाशाह मार्ग तेलीवाड़ा उदयपुर (राज.)**

**नाम परिवर्तन**

मैं कनिष्का परमार पुत्री पवन कुमार मोची अपना नाम परिवर्तन कराकर कनिष्का मोची पुत्री पवन कुमार मोची रख लिया है अत: भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।

**पता-125 भामाशाह मार्ग तेलीवाड़ा उदयपुर (राज.)**

# तीन दिवसीय उर्स का आगाज़

**कपासन**, (निसं)। हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज़ र.अ. की छटी शरीफ की महफिल से हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. का तीन दिवसीय उर्स का आगाज़ हुआ।

प्रख्यात सूफी संत हज़रत दीवाना शाह साहब र.अ. की दरगाह वक्फ कमेटी के सैक्रेट्री मोहम्मद यासीन खाँ अशरफी के अनुसार बाबा हुजूर का 83वां तीन दिवसीय उर्स का आगाज 12 अगस्त, 6 सफर सोमवार प्रात: 9 बजे शाही महफिल खाने मे हज़रत ख्वाजा गरीब नवाज र.अ. की छटी शरीफ की महफिल से हुवा। औलिया मस्जिद के पेश ईमाम मौलाना अंसारूल हक के तिलावते कलाम के बाद हाजी मोहम्मद सईद अंसारी की दीवाना मीलाद पार्टी ने महफिले मीलाद स.अ. व. पढी, सलातो सलाम व फातिहा ख्वानी के बाद राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश के 21 कव्वाल पार्टीयो ने बारी-बारी से सुफियाना कलाम पेश किए राज बैण्ड उदयपुर ने अपने अंदाज मे सलामी दी। शादियाने बजाये गये। भीलवाडा, गगरार, जावद व स्थानीय हुसैनी बैण्ड ने सलामी पेश की।

चित्तौड़गढ़ एडिशनल एस.पी. मुकेश सांखला, डी.वाई.एस.पी. अनिल सारण, सी.आई. रतन सिंह, राशमी, भेसरोडगढ़, भोपालसागर, आकोला थानाधिकारी के साथ 300 पुलिसकर्मियों ने अपनी ड्यूटी ज्याईन



**उर्स में सुफियाना कलाम पेश किए।**

कर ली है चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात है। उपखण्ड अधिकारी राजीव बडगुजर द्वारा ड्यूटी पर लगाए गए तहसीलदार जगदीश चन्द्र बामनिया, गिरदावर, पटवारी, मेडिकल डिपार्टमेन्ट, अग्निशमन, एम्बूलेन्स आदि के सरकारी कर्मचारियो ने अपनी ड्यूटी ज्वाईन कर ली है। दरगाह वक्फ कमेटी की जानिब से 100 सिक्यूरिटी गार्ड, 100 स्वंय सेवक ने अपनी सेवाऐ शुरू कर दी। लंगरखाना मे दोनो वक्त लंगर तकसीम करना शुरू कर दिया है, पूरे दरगाह परिसर, टेन्ट, लाईट, सजावट हो चूंकी है। जायरीने दीवाना के लिये छाया-पानी व अन्य सुविधाओं की माकूल व्यवस्था कर दी गई है। मेला ठाउण्ड मे 700 से उपर अस्थाई दूकाने व डोलर, झूला-चकरी वालो ने अपना व्यवसाय शुरू कर दिया है। मंगलवार बादे नमाज़े ईशा के महफिले मीलाद के बाद कव्वाल हज़रात अपने-अपने कलाम पेश करेगे। बुधवार प्रात: देग का खाना तकसीम होगा। 8 बजे कुल की महफिल शुरू होगी। जोहर की अजान से पहले कुल की फातिहा होगी। गुरूवार को मुख्य मज़ार के पट आम जायरीन के दीदार हेतु खोले जायेंगे।

# मगरमच्छ पकड़ने की मांग

**उदयपुर**, (कासं)। उदयपुर शहर के उपनगरीय क्षेत्र फतहपुरा के नवरत्न कॉम्पलेक्स से गुजर रही अमरजोक नदी में लम्बे समय से एक मगरमच्छ ने डेरा डाल रखा है। स्थानीय निवासी इससे डरे हुए हैं। क्षेत्रवासी भाजपा आपदा राहत एवं सहयोग विभाग राजस्थान के प्रदेश संयोजक डॉ. जिनेंद्र शास्त्र से मिले और इस समस्या से अवगत करवाया। जानकारी के अनुसार विगत दस दिनों से नाले में मगरमच्छ की गतिविधियां दिखाई दे रही है।

## पत्नी पर हमला करने वाला इनामी पति गिरफ्तार

**उदयपुर**, (कासं)। धानमण्डी थाना पुलिस ने पत्नी पर एसिड से हमला करने वाले 25 हजार रूपये का इनामी पति को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार 4 मई 2023 को पीडिता जागृति पत्नी जितेन्द्र सिंह निवासी सेक्टर 11 सविना ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मैं आज मेरी ननद मीनापत्नी मोहित रोहिडा निवासी जवाहर नगर उदयपुर के साथ स्कूटी से सुरानों की सोहरी मालदास स्ट्रीट में खरीददारी करने आई थी। इसी दौरान वहां मेरा ननदोई मोहित आया और मेरी ननद के शरीर पर एसिड डाल दिया। जिससे मेरी ननद झुलस गई। इसको देख मैने लोगों की मदद से ननद को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया। धानमण्डी थानाधिकारी रविन्द्रसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को मध्यप्रदेश के भंवरकुआ थाने की टीम द्वारा लूट के मामले में गिरफ्तार किए जाने की जानकारी मिली। इस पर पुलिस की टीम ने आरोपी मोहित रोहिड़ा पुत्र सतीश कुमार रोहिडा निवासी रॉयल संस्कृति पार्क बंगलो नं. 5 इन्दौर हॉल जवाहर नगर सूरजपोल को प्रोडेक्शन वारंट जरिये जिला कारागृह इंदोर से गिरफ्तर किया।आरोपी शातिर बदमाश होकर सूरजपोल पुलिस थाने का हिस्ट्रीशिटर है तथा पुलिस ने उसके खिलाफ 37 पुलिस एक्ट कार्यवाही करवा स्थाई वांरट जारी करवाया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत विसमा,**
**पंचायत समिति सायरा, जिला-उदयपुर (राज.)**

क्रमांक:-10 | दिनांक-12.8.2024

**-: ई निविदा सूचना-01/2024-25:-**

ग्राम पंचायत विसमा में महानरेगा व अन्य योजनाओं के करवाये जा रहे कार्यो हेतु निर्माण सामग्री उपापन की निविदाएं दिनांक 21.08.2024 सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

विस्तृत विवरण/ जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

**UBN No. ZUD2425GLRC00457**

**सरपंच**
ग्राम पंचायत विसमा
पंचायत समिति सायरा
जिला- उदयपुर (राज.)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत विसमा
पंचायत समिति सायरा
जिला- उदयपुर (राज.)

# रामगढ़ पचवारा में दस इंच बारिश, दौसा जिले में बाढ़ जैसे हालात

## तेज बारिश के चलते अधिकांश बांधों में पानी की आवक बनी

■ दौसा-गंगापुर रेल मार्ग पर लालसोट टनल के समीप पहाड़ का मलबा गिरने से रेलवे ट्रैक भी प्रभावित हुआ

**दौसा, (निसं)।** जिले में भारी बारिश के चलते अधिकांश बांधों में पानी की लगातार आवक बनी हुई है। बांधों के भराव क्षेत्र के आसपास रह रहे ग्रामीणों ने अपने मकान खाली कर दिये हैं तथा अपने गांव चले गये हैं। उधर बांध में पानी की लगातार आवक एवं नदी के ऊफान पर होने के कारण नांगल राजावतान से खानवास जाने वाला मार्ग पूरी तरह से बंद हो गया है। वहीं दूसरी ओर सर्वाधिक वर्षा रामगढ़ पचवारा में करीब दस इंच दर्ज की गई है। लगातार बारिश से जिले में बाढ़ जैसे हालात हो गये हैं। सोमवार को भी दौसा जिले में जमकर बरसात हुई, जिसके चलते शहर के निचले क्षेत्र में स्थित अधिकांश कॉलोनियां जलमग्न हो गई है। बरसात से रेलवे ट्रेक भी प्रभावित हो गया।

दौसा जिल में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गये हैं। सोमवार को प्रात: 8 बजे तक लालसोट में करीब सात इंच, रामगढ़ पचवारा में दस इंच, राहुवास में 161 एमएम, निर्झरना में सात इंच, नांगल- राजावतन में सवा पांच इंच, लवाण में सवा पांच इंच और मोरल बांध पर सवा पांच इंच बारिश दर्ज की गई। दौसा-गंगापुर रेल मार्ग पर लालसोट टनल के समीप पहाड़ का मलबा गिरने से रेलवे ट्रैक भी प्रभावित हुआ है। भारी बारिश होने के कारण अधिकतर एनीकट और बांध ओवरफ्लो हो चुके हैं।

# सीकर में मूसलाधार बारिश से निचले इलाके जलमग्न

**सीकर, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर पिछले एक हफ्ते से रिमझिम बरसात के बाद सोमवार को हुई मूसलाधार बरसात से जहां शहर के निचले इलाके जलमग्न हो गए, वहीं पानी भराव के चलते वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में करीब आधा घंटे हुई मूसलाधार बरसात ने प्रशासन के दांवों की पोल खोल कर रख दी।

बरसात का पानी दुकानों और घरों में घुस गया, हालत यह बन गए कि नवलगढ़ रोड और पिपराली रोड सहित शहर के निचले हिस्से पूरी तरह जलमग्न हो गए। सीकर में पिछले एक सप्ताह से जारी रिमझिम बरसात के बाद सोमवार को अंचल में बादल झूम कर के बरसे। सीकर जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में अच्छी बरसात हुई। जहां एक ओर सीकर शहर में बारिश के बाद शहर में अनेक स्थानों पर पानी का भराव हो गया, वहीं खेतों में पानी अमृत बन के बरसा। पलसाना, रानोली क्षेत्र में अच्छी बरसात होने से किसानों ने राहत की सांस ली। वहीं बारिश के चलते पहाड़ी क्षेत्र भी हरियाली से आच्छादित हो चुके हैं। कोट बांध में भी पानी की आवक हुई है। सीकर शहर में बरसात के बाद नवलगढ़ रोड़, लुहारू बस स्टैण्ड, बस डीपो, बजाज रोड़, शिव कॉलोनी सहित मुख्य मार्गों पर पानी का भराव हो गया।


**महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर**

**निविदा सूचना**

विश्वविद्यालय में सामग्री/सेवा हेतु ई-निविदा जारी की गयी है, जिसके यूबीएन GSU2425GLOB00022 है। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी http://www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/24/3610 कुलसचिव

**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण, राजस्थान**

राजीव गांधी भवन, दशहरा मैदान, सी.ए.डी. सर्किल-कोटा

email : nnksouth@gmail.com, websites : www.urban,rajasthan.gov.in/nnks, Ph.: 0744-2502142

क्रमांक :- ननिको/दक्षिण/निर्माण/2024/116-131 दिनांक :- 08.08.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या : 07/2024-25**

नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों "A" एवं "AA" श्रेणी एवं नगर निगम कोटा (उत्तर/दक्षिण) में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से कुल 06 कार्यो हेतु कुल राशि 56.92 लाख रूपये की ऑन लाईन निविदायें दिनांक 12.08.2024 से दिनांक 22.08.2024 तक आमन्त्रित की जाती हैं। टेन्डर बेचे जाने, प्राप्त करने की तिथि व निविदा की शर्तें इत्यादि नगर निगम की वेबसाईट www.urban.rajasthan.gov.in/nnks http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

UBN No. DLB2425WSOB05099 UBN No. DLB2425WSOB05100
UBN No. DLB2425WSOB05101 UBN No. DLB2425WSOB05102
UBN No. DLB2425WSOB05103 UBN No. DLB2425WSOB05104

अधिशाषी अभियन्ता
राज.संवाद/सी/24/3590 नगर निगम कोटा दक्षिण

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति (फल एवं सब्जी) जयपुर**

महात्मा ज्योतिबा फूले मुख्य मण्डी प्रांगण ई-मेल kums.jaipurfv@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- 1194 - 1211 दिनांक :- 08/08/2024

**ई-निविदा सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति (फल सब्जी) जयपुर द्वारा मुख्य मण्डी प्रांगण टर्मिनल मार्केट मुहाना में इन्क्यूबेशन सेन्टर स्थापित किये जाने हेतु विभिन्न शेष उपकरण एवं प्रयोगशाला सामग्री क्रय की जानी है तथा स्थापित इन्क्यूबेशन सेन्टर को 5 वर्ष के लिये संचालन हेतु इच्छुक संस्था/व्यक्ति को Operation and Management (O&M) आधार पर दिया जाना है। उक्त कार्यो हेतु कार्यालय द्वारा ऑनलाईन निविदा संख्या 10/2024-25 एवं 11/2024-25 आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व शर्तें www.sppp.rajasthan.gov.in/ www.eproc.rajasthan.gov.in, https://agriculture.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है व www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 08.08.2024 से दिनांक 01.09.2024 सांय 6:00 बजे तक निविदा दरे प्रस्तुत कर भाग लिया जा सकता है।

UBN-Tender-10 (DAM2425GLOB00631)
UBN-Tender-11 (DAM2425WSOB00632)

राज.संवाद/सी/24/3604 सचिव

**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, सांभरलेक जिला जयपुर ग्रामीण**

क्रमांक :- न.पा.सा./2024/91 दिनांक :- 08/08/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 05/2024**

नगर पालिका सांभर लेक द्वारा निम्न कार्य कराये जाने हेतु सेवायें में इच्छुक एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया हेतु आनलाईन निविदाऍं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म आनलाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in डाउनलोड एवं अपलोड व http://sppp.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड किये जा सकते है:-

| Particulars | Detail |
|---|---|
| Unique Bid Number | DLB2425SLOB05377, DLB2425SLOB05378, DLB2425SLOB05380, DLB2425SLOB05381, DLB2425SLOB05379, |
| Number of Work | 05 |
| Estimate Cost of Tender | 80.00 लाख |
| Earnest money (EMD) 2% | 1.60 लाख |
| Cost of tender document (non-refundable) In favor of Municipal Corporation Jaipur Heritage Payable at Jaipur. | निविदा में अंकित कार्य के सम्मुख तालिका अनुसार |
| RISL Processing Fees (non-refundable) In favor of MD RISL Payable at Jaipur. | निविदा में अंकित कार्य के सम्मुख तालिका अनुसार |
| Tender Publication on official website http;//eproc.rajasthan.gov.in | 10.08.2024 |
| Tender download start date | 10.08.2024 |
| Bid Submission start date & Time | 13.08.2024 |
| Bid Submission End date & Time | 13.08.2024 |
| Technical bid opening date & Time | 13.08.2024 |
| Financial bid opening date & Time | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |

राज.संवाद/सी/24/3615 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

**Mahila Engineering College, Ajmer**

(A constituent college of Bikaner Technical University, Bikaner)
Nasirabad Road, Makhupura, Ajmer-305002

Website www.gweca.ac.in Ph. No.: 0145-2695534-35
Email : principal@gweca.ac.in Fax No.: 0145-2695102

No. WECA/RHTEQIS/2024/143 Date: 08.08.2024

**CONTRACTUAL HIRING (ASSISTANT TEACHING ASSOCIATES)**

Applications in prescribed format are invited from interested eligible candidates for contractual hiring on the post of Assistant Teaching Associates in various departments under Rajasthan Higher Technical Education Quality Improvement Scheme (RHTEQIS) on monthly fixed remuneration of INR 28,850/- (Rupees Twenty Eight Thousand Eight Hundred Fifty only).

| Artificial Intelligence and Machine Learning (AIML) | Mechanical Engineering | Electrical Engineering | Computer Science & Engineering |
|---|---|---|---|
| 02 [UR-01, UR(F)-01] | 01 [UR-01] | 01 [UR-01] | 01 [BC(W)-01] |

Total Post: 05*; UR-Unreserved, BC-Backward Class, SC- Scheduled Caste, ST-Scheduled Tribe, W-Widow, F-Female.

Reservation applicable as per DOP, Govt. of Raj. Order No त-7(2)-कार्मिक/क-2/19 दिनांक 24/02/2020. These contractual hiring shall be made on merit basis and in accordance with order of the Department of Technical Education, Govt. of Rajasthan order No. F.11(4)/T.E./2021/Part Vo-1, Jaipur dated 03.05.2023 for a period of ONE YEAR (extendable on satisfactory performance) or till termination of the Scheme, whichever is earlier. Qualifications and experience for these posts will be as per norms of AICTE applicable for Teaching Posts as on date.

**Candidate will have to submit application in prescribed format with the following documents. Those who have applied for the earlier advertisement need to apply again.**

DD in favour of Principal, Govt. Mahila Engineering College, Ajmer, payable at Ajmer for INR 200/- (Two Hundred only) towards application fee (non refundable); Self-attested photo copies of Educational qualifications (mark sheets & degree/certificates); GATE Score Card; valid Caste Certificate; Experience Certificates; document related to conversion of CGPA into percentage.

**Age Limit:** Minimum-21 years and Maximum up to 40 years. Relaxation as per DOP order No. F.17(4)DOP/A-2/2014 dated 11.01.2022. Last date for submitting hard copy of application by registered/speed post is **28.08.2024, 04.00 PM.** College will not be held responsible for any postal delay and application received late or by hand will be rejected.

**Application form and other related details are available on www.gweca.ac.in. Candidates are advised to keep visiting college website for any updated information.**

PRINCIPAL


# गंभीर नदी पर बनी पुलिया ढही, हिण्डौन-गंगापुर मार्ग अवरुद्ध



गांव काटकर के समीप स्थित पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

■ गंभीर नदी के रास्ते पानी भरतपुर की ओर बढ़ रहा है, रास्ते में बने कई एनीकट भी ढह गये

■ पांचना बांध के छह गेट खोलने से नदी में तेज बहाव से पानी की आवक जारी

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** पांचना बांध के सभी छह गेट खुलने के बाद गंभीर नदी में पानी के तेज बहाव के चलते गंगापुर मार्ग पर गांव काटकर के समीप स्थित पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे अब हिण्डौन-गंगापुर मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है।

जानकारी के अनुसार गत तीन दिन से क्षेत्र में चल रहे भारी बारिश के दौर ने शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालातों को बदतर कर दिया है। पांचना बांध में पानी की भारी आवक ने क्षेत्र के लोगों की व प्रशासन की चिंताएं बढ़ा दी जिससे छुटकारा पाने के लिए प्रशासन में तत्काल प्रभाव से निर्णय लेकर पांचना से पानी निकासी के सभी 6 गेट खोल दिए, जिनमें से भारी मात्रा में पानी की निकासी हो रही है। गंभीर नदी के रास्ते यह पानी भरतपुर की ओर बढ़ रहा है, इस बीच रास्ते में बने कई एनीकट भी ढह गये हैं, जिससे पानी का बहाव और तेज हो गया। पानी के इस तेज बहाव ने गंगापुर रोड पर स्थित गांव काटकड के समीप सड़क पर बनी पुलिया पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हालांकि गत दिनों से छोटे और दोपहिया वाहनों का आवागमन पुलिया पर पानी की चादर चलने के कारण बंद कर रखा था, लेकिन अब पुलिया के क्षतिग्रस्त होने के बाद इस मार्ग पर बड़े वाहनों का आवागमन भी बंद हो गया है, जिससे अब हिंडौन शहर का वजीरपुर और गंगापुर क्षेत्र के गांव से पूरी तरह कट गया है। पानी के तेज बहाव से पुलिया इस तरह क्षतिग्रस्त हुई है कि लगभग 15 फीट के क्षेत्र में सड़क और पुलिया का नामोनिशान ही मिट गया है। अब गंगापुर जाने वाले वाहनों को करौली सपोटरा होते हुए निकाला जा रहा है, जिससे सैकड़ों गांव के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बारिश का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। पुलिस और प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ भारी बारिश से पैदा हो रही इन समस्याओं से निपटने की कोशिश कर रहा है। इधर जनप्रतिनिधि और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग भी अतिवृष्टि से आमजन के सामने पैदा हुई इन समस्याओं का सामना करने में मदद कर रहे हैं।

# रील बनाने के चक्कर में नहर में गिरी कार, तीन की मौत

■ एक साथ पिता-पुत्र-पोते की हादसे में मौत हो गई

**हनुमानगढ़, (कासं)।** राजस्थान में लगातार तेज बारिश से हालात बिगड़ते जा रहे है। कई जिलों में अभी भी बारिश का दौर बना हुआ है। ऐसे में अभी तक 30 लोगों की मौत हो चुकी है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिन तक प्रदेश में भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। वहीं, हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी में रील बनाने के चक्कर में एक बड़ा हादसा हो गया। जहां पिता, पुत्र व पोते की तलवाड़ा झील मार्ग पर इंदिरा गांधी नहर के पुल से नहर में कार गिरने से मौत हो गई।

इंदिरा गांधी नहर के पुल से सोमवार सुबह करीब 8:00 बजे गिरी कार को चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नहर से निकाला गया। साथ ही नहर से तीनों के शव भी बरामद किए गए हैं। जिनकी पहचान राठीखेड़ा निवासी मरबूब आलम (60) सानिब हुसैन(19) व हसनैन(5) के रूप में हुई है। कार सवार तीनों पिता, पुत्र व पोते के शव को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाया जा रहा है। जहां उनका पोस्टमार्टम किया गया।


**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड** CIN No: U40109RJ2000SGC016486
**अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड** CIN No: U40109RJ2000SGC016482
**जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड** CIN No: U40109RJ2000SGC016483

**वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक राजस्व आवश्यकता एवं टैरिफ आदेश के मुख्य बिन्दु:-**

राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग ने जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड एवं जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के लिए अपने आदेश दिनांक 26.07.2024 के द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक राजस्व आवश्यकता एवं टैरिफ आदेश जारी कर दिया है। नया आदेश, दिनांक 01.08.2024 से प्रभावी होगा। विस्तृत वार्षिक राजस्व आवश्यकता एवं टैरिफ आदेश निगमों की वेबसाईट https://energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, https://energy.rajasthan.gov.in/avvnl, https://energy.rajasthan.gov.in/jdvvnl एवं माननीय आरईआरसी की वेबसाईट https://rerc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है।

**टैरिफ आदेश के मुख्य बिन्दु निम्न प्रकार है:-**

- माननीय आयोग ने माना है कि वर्तमान टैरिफ संरचना लागत-प्रतिबिंबित (cost-reflective) नहीं है क्योंकि स्थाई शुल्क से राजस्व, डिस्कॉम्स द्वारा निर्धारित निश्चित लागत के अनुरूप नहीं है और इस प्रकार, अनफंडेड अंतर और इस तथ्य को देखते हुए कि माननीय राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग आदेश दिनांक 06.02.2020 के बाद से कोई भी टैरिफ वृद्धि नहीं हुई थी, माननीय राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग द्वारा कृषि श्रेणी को छोड़कर सभी उपभोक्ता श्रेणियों पर मौजूदा निर्धारित शुल्क को सांकेतिक संशोधित अनुमोदित किया है।
- 50 यूनिट/माह तक की खपत वाले बीपीएल/आस्था कार्ड धारकों और छोटे घरेलू उपभोक्ताओं के स्लैब को मिलाकर एक स्लैब बनाया गया है।
- वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही के लिए ईंधन अधिभार (@1.33 रूपये/यूनिट) की वसूली और वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के लिए ईंधन अधिभार (0.90 रूपये/यूनिट) की वसूली वित्त वर्ष 2024-25 के लिए टैरिफ आदेश में अनुमोदित किया गया है।
- डिस्कॉम्स से ग्रीन पावर का विकल्प चुनने वाले उपभोक्ताओं से हरित बिजली शुल्क (Green power tariff) 0.21 रू./यूनिट, जो कि टैरिफ आदेश के अनुसार संबंधित श्रेणी के सामान्य टैरिफ से अधिक (over and above) है, लगाया जाएगा।
- यदि सौर ऊर्जा और डिस्कॉम के ड्रॉवल दोनों को ध्यान में रखते हुए संयुक्त लोड फैक्टर 50 प्रतिशत या अधिक है और डिस्कॉम के ड्रॉवल का लोड फैक्टर न्यूनतम 40 प्रतिशत या अधिक है। ऐसे मामलों में डिस्कॉम से ली गई ऊर्जा को 1 एमवीए या अधिक बिलिंग मांग और 50 प्रतिशत या अधिक फैक्टर वाले उपभोक्ताओं के लिए लागू टैरिफ पर बिल किया जाएगा।
- पॉलीहाउसों को आपूर्ति कोड विनियमों के अनुसार उनके वोल्टेज स्तर के आधार पर एचटी/ एलटी टैरिफ अनुसूची के तहत मिश्रित भार श्रेणी के अंतर्गत कवर किया जाएगा।
- नवीन औद्योगिक छूट कनेक्शन दिनांक से स्वतः जारी हो जायेगी। तथा उपखण्ड अधिकारी से किसी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।
- वृद्धिशील छूट उन कनेक्शनों पर लागू नहीं होगी, जो सरकारी विभाग/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से संबंधित हैं।
- माननीय राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग द्वारा स्पष्ट किया है कि अतिरिक्त मांग अधिभार (बिना छूट या अधिभार पर विचार किए ) टैरिफ आदेश में निर्दिष्ट सकल ऊर्जा और स्थाई शुल्क पर लगाया जावेगा
- ट्राईवेक्टर मीटर (टीवीएम) वाले 18.65 किलोवाट से अधिक कनेक्टेड लोड वाले एलटी उपभोक्ताओं और स्मार्ट मीटर वाले अन्य एलटी ईवी उपभोक्ताओं के लिए ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए टीओडी टैरिफ जारी रहेगी।
- माननीय राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग द्वारा टीओडी टैरिफ संशोधित की है। उपरोक्त में सुबह 6:00 AM - 08:00 AM में ऊर्जा शुल्क पर 5% अधिभार एवं सांय 6:00 PM - 10:00 PM .बजे तक ऊर्जा शुल्क पर 10% अधिभार लागू होगा। साथ ही दोपहर 12:00 PM - 04:00 PM बजे तक ऊर्जा शुल्क पर 10% छूट लागू होगी। यह संशोधित टीओडी टैरिफ, एमआईपी (एचटी), एनडीएस (एचटी), एलआईपी (एचटी) और ईवी चार्जिंग स्टेशन उपभोक्ताओं पर लागू होगी।

**वर्ष 2024-25 के लिये अनुमोदित टैरिफ**

**घरेलू श्रेणी (एल.टी-1 एवं एच.टी-1)**
(बीपीएल, आस्था कार्ड धारक और लघू घरेलू उपभोक्ता किसी बिलिंग चक्र में 50 यूनिट प्रतिमाह)

**बीपीएल और लघू घरेलू**

| घरेलू श्रेणी: विशिष्टियॉं | मौजूदा टैरिफ: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा टैरिफ: स्थाई प्रभार | घरेलू श्रेणी: विशिष्टियॉं | अनुमोदित टैरिफ: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित टैरिफ: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| बीपीएल और आस्था कार्ड धारक * | | | | | |
| (i) 50 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 3.50 रू प्रति यूनिट | 100 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह | (i) प्रथम 50 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 4.75 रू प्रति यूनिट | 150 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह |
| लघु घरेलू * | | | | | |
| (i) प्रथम 50 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 3.85 रू प्रति यूनिट | 125 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह | | | |

* नोट : बीपीएल और आस्था कार्ड धारक की घरेलू टैरिफ एकल उपभोक्ता पर ही लागू होगी और यह किसी संस्था पर लागू नहीं होगी। यदि बीपीएल, आस्था कार्ड धारक और लघु घरेलू उपभोक्ता किसी बिलिंग चक्र में 50 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर उपभोग करते है तो उपभोक्ता पर घरेलू श्रेणी एलटी-1 के अन्तर्गत अतिरिक्त यूनिटों के उपभोग पर सम्बन्धित स्लेब लागू होगी।

**सामान्य घरेलू-1**

| सामान्य घरेलू-1 (150 यूनिट प्रतिमाह तक उपभोग) | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | सामान्य घरेलू-1 (150 यूनिट प्रतिमाह तक उपभोग) | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) प्रथम 50 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 4.75 रू प्रति यूनिट | 230 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह | (i) प्रथम 50 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 4.75 रू प्रति यूनिट | 250 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह |
| (ii) 50 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर और 150 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 6.50 रू प्रति यूनिट | | (ii) 50 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर और 150 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 6.50 रू प्रति यूनिट | |

**सामान्य घरेलू-2**

| सामान्य घरेलू-2 (150 यूनिट से ऊपर 300 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग) | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | सामान्य घरेलू-2 (150 यूनिट से ऊपर 300 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग) | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) प्रथम 50 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 4.75 रू प्रति यूनिट | 275 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह | (i) प्रथम 50 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 4.75 रू प्रति यूनिट | 300 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह |
| (ii) 50 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर और 150 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 6.50 रू प्रति यूनिट | | (ii) 50 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर और 150 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 6.50 रू प्रति यूनिट | |
| (iii) 150 यूनिट से ऊपर 300 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.35 रू प्रति यूनिट | | (iii) 150 यूनिट से ऊपर 300 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.35 रू प्रति यूनिट | |

**सामान्य घरेलू-3**

| सामान्य घरेलू-3 (300 यूनिट से ऊपर 500 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग) | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | सामान्य घरेलू-3 (300 यूनिट से ऊपर 500 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग) | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) प्रथम 50 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 4.75 रू प्रति यूनिट | 345 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह | (i) प्रथम 50 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 4.75 रू प्रति यूनिट | 400 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह |
| (ii) 50 यूनिट से ऊपर और 150 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 6.50 रू प्रति यूनिट | | (ii) 50 यूनिट से ऊपर और 150 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 6.50 रू प्रति यूनिट | |
| (iii) 150 यूनिट से ऊपर और 300 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.35 रू प्रति यूनिट | | (iii) 150 यूनिट से ऊपर और 300 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.35 रू प्रति यूनिट | |
| (iv) 300 यूनिट से ऊपर और 500 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.65 रू प्रति यूनिट | | (iv) 300 यूनिट से ऊपर और 500 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.65 रू प्रति यूनिट | |

**सामान्य घरेलू-4**

| सामान्य घरेलू-4 (500 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर का उपभोग) | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | सामान्य घरेलू-4 (500 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर का उपभोग) | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) प्रथम 50 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 4.75 रू प्रति यूनिट | 400 रू प्रति कनेक्शन प्रति माह | (i) प्रथम 50 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 4.75 रू प्रति यूनिट | 450 रू प्रति कनेक्शन प्रति माह |
| (ii) 50 यूनिट से ऊपर और 150 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 6.50 रू प्रति यूनिट | | (ii) 50 यूनिट से ऊपर और 150 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 6.50 रू प्रति यूनिट | |
| (iii) 150 यूनिट से ऊपर और 300 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.35 रू प्रति यूनिट | | (iii) 150 यूनिट से ऊपर और 300 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.35 रू प्रति यूनिट | |
| (iv) 300 यूनिट से ऊपर और 500 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.65 रू प्रति यूनिट | | (iv) 300 यूनिट से ऊपर और 500 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.65 रू प्रति यूनिट | |
| (v) 500 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर का उपभोग | 7.95 रू प्रति यूनिट | | (v) 500 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर का उपभोग | 7.95 रू प्रति यूनिट | |

**घरेलू श्रेणी (एच.टी-1)**

| एच.टी घरेलू (एच.टी-1) | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | एच.टी घरेलू (एच.टी-1) | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| 50 के.वी.ए. से ऊपर की संविदा स्वीकृत मांग | 7.15 प्रति यूनिट | बिलिंग डिमाण्ड प्रतिमाह का 250 रू प्रति के.वी.ए. | 50 के.वी.ए. से ऊपर की संविदा स्वीकृत मांग | 7.15 प्रति यूनिट | बिलिंग डिमाण्ड प्रतिमाह का 275 रू प्रति के.वी.ए. |

**अघरेलू श्रेणी (एल.टी-2 एवं एच.टी.-2)**
अघरेलू 5 किलोवाट तक स्वीकृत सम्बंद्ध भार

**(अघरेलू टाईप-1)**

| एल.टी- अघरेलू (एल.टी-2) 100 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग (टाईप-1) | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | एल.टी- अघरेलू (एल.टी-2) 100 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग (टाईप-1) | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम 100 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.55 रू प्रति यूनिट | 300 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह | प्रथम 100 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.55 रू प्रति यूनिट | 330 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह |

**(अघरेलू टाईप-2)**

| एल.टी- अघरेलू (एल.टी-2) 100 यूनिट से ऊपर 200 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग (टाईप-2) | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | एल.टी- अघरेलू (एल.टी-2) 100 यूनिट से ऊपर 200 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग (टाईप-2) | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम 100 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.55 रू प्रति यूनिट | 300 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह | प्रथम 100 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.55 रू प्रति यूनिट | 330 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह |
| 100 यूनिट से ऊपर और 200 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 8.50 रू प्रति यूनिट | | 100 यूनिट से ऊपर और 200 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 8.50 रू प्रति यूनिट | |

**(अघरेलू टाईप-3)**

| एल.टी- अघरेलू (एल.टी-2) 200 यूनिट से ऊपर 500 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग (टाईप-3) | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | एल.टी- अघरेलू (एल.टी-2) 200 यूनिट से ऊपर 500 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग (टाईप-3) | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम 100 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.55 रू प्रति यूनिट | 380 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह | प्रथम 100 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.55 रू प्रति यूनिट | 420 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह |
| 100 यूनिट से ऊपर और 200 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 8.50 रू प्रति यूनिट | | 100 यूनिट से ऊपर और 200 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 8.50 रू प्रति यूनिट | |
| 200 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर और 500 यूनिट प्रतिमाह तक उपभोग | 8.85 रू प्रति यूनिट | | 200 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर और 500 यूनिट प्रतिमाह तक उपभोग | 8.85 रू प्रति यूनिट | |

**(अघरेलू टाईप-4)**

| एल.टी- अघरेलू (एल.टी-2) 500 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर का उपभोग (टाईप-4) | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | एल.टी- अघरेलू (एल.टी-2) 500 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर का उपभोग (टाईप-4) | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रथम 100 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.55 रू प्रति यूनिट | 460 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह | प्रथम 100 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.55 रू प्रति यूनिट | 500 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह |
| 100 यूनिट से ऊपर और 200 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 8.50 रू प्रति यूनिट | | 100 यूनिट से ऊपर और 200 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 8.50 रू प्रति यूनिट | |
| 200 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर और 500 यूनिट प्रतिमाह तक उपभोग | 8.85 रू प्रति यूनिट | | 200 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर और 500 यूनिट प्रतिमाह तक उपभोग | 8.85 रू प्रति यूनिट | |
| 500 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर का उपभोग | 8.95 रू प्रति यूनिट | | 500 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर का उपभोग | 8.95 रू प्रति यूनिट | |

**अघरेलू - 5 किलोवाट से ऊपर स्वीकृत संबद्ध भार,**

| अघरेलू 5 किलोवाट से ऊपर स्वीकृत संबद्ध भार (एल.टी-2) | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | अघरेलू 5 किलोवाट से ऊपर स्वीकृत संबद्ध भार (एल.टी-2) | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| 100 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.55 रू प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 135 रू प्रति किलोवाट प्रतिमाह | 100 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 7.55 रू प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 150 रू प्रति किलोवाट प्रतिमाह |
| 100 यूनिट से ऊपर और 200 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 8.50 रू प्रति यूनिट | | 100 यूनिट से ऊपर और 200 यूनिट प्रतिमाह तक का उपभोग | 8.50 रू प्रति यूनिट | |
| 200 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर और 500 यूनिट प्रतिमाह तक उपभोग | 8.85 रू प्रति यूनिट | | 200 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर और 500 यूनिट प्रतिमाह तक उपभोग | 8.85 रू प्रति यूनिट | |
| 500 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर का उपभोग | 8.95 रू प्रतियूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 150 रू प्रति किलोवाट प्रतिमाह या बिलिंग डिमाण्ड प्रतिमाह का 270 रू प्रति के.वी.ए. (यदि स्वीकृत सम्बंद्ध भार18.65 किलोवाट से अधिक है तो) | 500 यूनिट प्रतिमाह से ऊपर का उपभोग | 8.95 रू प्रतियूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 165 रू प्रति किलोवाट प्रतिमाह या बिलिंग डिमाण्ड प्रतिमाह का 300 रू प्रति के.वी.ए. (यदि स्वीकृत सम्बंद्ध भार18.65 किलोवाट से अधिक है तो) |

**अघरेलू 50 के.वी.ए. से ऊपर संविदा मांग**

| एच.टी- अघरेलू (एच.टी-2) 50 के.वी.ए. से ऊपर संविदा मांग | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | एच.टी- अघरेलू (एच.टी-2) 50 के.वी.ए. से ऊपर संविदा मांग | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| सम्पूर्ण यूनिट | 8.85 प्रति यूनिट | बिलिंग डिमाण्ड का 270 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह | सम्पूर्ण यूनिट | 8.85 प्रति यूनिट | बिलिंग डिमाण्ड का 300 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह |

**पी.एस.एल श्रेणी (एल टी-3)**

| पी.एस.एल | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | पी.एस.एल | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 लाख से कम जनसंख्या | 7.55 रू प्रति यूनिट | 115 रू प्रति लैम्प पाईन्ट प्रतिमाह (अधिकतम 1150 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह) | 1 लाख से कम जनसंख्या | 7.55 रू प्रति यूनिट | 130 रू प्रति लैम्प पाईन्ट प्रतिमाह (अधिकतम 1300 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह) |
| 1 लाख या उससे अधिक जनसंख्या | 8.10 रू प्रति यूनिट | 145 रू प्रति लैम्प पाईन्ट प्रतिमाह (अधिकतम 2835 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह) | 1 लाख या उससे अधिक जनसंख्या | 8.10 रू प्रति यूनिट | 160 रू प्रति लैम्प पाईन्ट प्रतिमाह (अधिकतम 3120 रू प्रति कनेक्शन प्रतिमाह) |

**कृषि मीटर्ड श्रेणी (मीटर्ड और फ्लेट रेट) (एल टी-4)**

| कृषि सप्लाई | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | कृषि सप्लाई | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| मीटर्ड (एजी/एमएस(एल टी-4) | | | मीटर्ड (एजी/एमएस(एल टी-4) | | |
| (i) सामान्य श्रेणी (जिन उपभोक्ताओ को ब्लॉक में बिजली मिल रही है) | 5.55 रू प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 30 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह | (i) सामान्य श्रेणी (जिन उपभोक्ताओ को ब्लॉक में बिजली मिल रही है) | 5.55 रू प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 30 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह |
| (ii) वे सभी उपभोक्ता जो कि उपरोक्त (i) में नहीं आते है और जिनको ब्लॉक घण्टो से ज्यादा बिजली मिल रही है। | 7.10 रू प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 60 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह | (ii) वे सभी उपभोक्ता जो कि उपरोक्त (i) में नहीं आते है और जिनको ब्लॉक घण्टो से ज्यादा बिजली मिल रही है। | 7.10 रू प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 60 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह |
| फ्लेट / अमीटर्ड (एजी/ एफआर(एल टी-4) | | | फ्लेट / अमीटर्ड (एजी/ एफआर(एल टी-4) | | |
| (i) सामान्य श्रेणी (जिन उपभोक्ताओ को ब्लॉक में बिजली मिल रही है) | 745 रू प्रति एच.पी. प्रति माह | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 30 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह | (i) सामान्य श्रेणी (जिन उपभोक्ताओ को ब्लॉक में बिजली मिल रही है) | 745 रू प्रति एच.पी. प्रति माह | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 30 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह |
| (ii) वे सभी उपभोक्ता जो कि उपरोक्त (i) में नहीं आते है और जिनको ब्लॉक घण्टो से ज्यादा बिजली मिल रही है। | 895 रू प्रति एच.पी. प्रति माह | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 60 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह | (ii) वे सभी उपभोक्ता जो कि उपरोक्त (i) में नहीं आते है और जिनको ब्लॉक घण्टो से ज्यादा बिजली मिल रही है। | 895 रू प्रति एच.पी. प्रति माह | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 60 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह |

**लघु औधोगिक श्रेणी (एल टी-5)**

| लघु औधोगिक सेवा (एल.टी.-5) (18.65 किलोवाट (25 एच.पी) से अधिक भार नहीं,) | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | लघु औधोगिक सेवा (एल.टी.-5) (18.65 किलोवाट (25 एच.पी) से अधिक भार नहीं,) | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| 500 यूनिट तक उपभोग | 6 रू प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 80 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह | 500 यूनिट तक उपभोग | 6 रू प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 90 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह |
| 500 यूनिट से ऊपर का उपभोग | 6.45 रू प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 110 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह | 500 यूनिट से ऊपर का उपभोग | 6.45 रू प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 120 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह |

**मध्यम औधोगिक श्रेणी (एल टी-6 और एच टी-3)**

| विशिष्टियॉं | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | विशिष्टियॉं | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| मध्यम औधोगिक सेवा (एल.टी-6) | 7 रू प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 115 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह या बिलिंग डिमाण्ड का 230 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह | मध्यम औधोगिक सेवा (एल.टी-6) | 7 रू प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 130 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह या बिलिंग डिमाण्ड का 255 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह |
| मध्यम औधोगिक सेवा (एच.टी-3) | 7 रू प्रति यूनिट | बिलिंग डिमाण्ड का 230 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह | मध्यम औधोगिक सेवा (एच.टी-3)* | 7 रू प्रति यूनिट | बिलिंग डिमाण्ड का 255 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह |

* सभी छूटों पर विचार करने के बाद एचटी-3 के लिए न्यूनतम ऊर्जा शुल्क 6.30 रू प्रति यूनिट

मिक्स लोड श्रेणी ब्लक सप्लाई (एल टी-7 और एच टी-4)

| विशिष्टियॉं | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | विशिष्टियॉं | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| मिक्स लोड सेवा (एल.टी-7) | 8.05 रू प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 105 रू प्रति एच. पी. प्रतिमाह या बिलिंग डिमाण्ड का 215 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह | मिक्स लोड सेवा (एल. टी-7) | 8.05 रू प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 115 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह या बिलिंग डिमाण्ड का 240 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह |
| मिक्स लोड सेवा (एच.टी-4) | 8.05 रू प्रति यूनिट | बिलिंग डिमाण्ड का 215 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह | मिक्स लोड सेवा (एच. टी-4) | 8.05 रू प्रति यूनिट | बिलिंग डिमाण्ड का 240 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह |

**वृहद औधोगिक श्रेणी (एच टी-5)**

| विशिष्टियॉं | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार (कुल उपभोग पर) | मौजूदा: स्थाई प्रभार | विशिष्टियॉं | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार (कुल उपभोग पर) | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| (A) स्वीकृत संबद्ध भार 150 एच.पी. से अधिक और/ या अधिकतम अनुबंधित/अधिकतम मांग 125 के.वी.ए. से ऊपर | 7.30 रू प्रति यूनिट | बिलिंग डिमाण्ड का 270 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह | (A) स्वीकृत संबद्ध भार 150 एच.पी. से अधिक और/ या अधिकतम अनुबंधित/अधिकतम मांग 125 के.वी.ए. से ऊपर | 7.30 रू प्रति यूनिट | बिलिंग डिमाण्ड का 300 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह |
| (B) ऐसे उपभोक्ता जिनकी बिलिंग डिमांड 1 एम.वी.ए. अथवा उससे अधिक है और लोड फेक्टर 50 प्रतिशत या उससे अधिक है | 6.30 रू प्रति यूनिट | बिलिंग डिमाण्ड का 270 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह | (B) ऐसे उपभोक्ता जिनकी बिलिंग डिमांड 1 एम.वी.ए. अथवा उससे अधिक है और लोड फेक्टर 50 प्रतिशत या उससे अधिक है | 6.30 रू प्रति यूनिट | बिलिंग डिमाण्ड का 300 रू प्रति के.वी.ए. प्रतिमाह |

**वृहद् औद्योगिक श्रेणी के लिये वोल्टेज वार अनुमोदित टैरिफ***

स्वीकृत सम्बद्ध भार 150 एचपी से ऊपर या 125 कवीए से अधिक अनुबंधित / अधिकतम मांग वाले उपभोक्ताओं के लिए वोल्टेज वार *

| वोल्टेज स्तर | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | वोल्टेज स्तर | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 केवी | 7.300 | बिलिंग मांग का 270 रू. प्रति केवीए प्रति माह | 11 केवी | 7.300 | बिलिंग मांग का 300 रू. प्रति केवीए प्रति माह |
| 33 केवी | 7.081 | | 33 केवी | 7.081 | |
| 132 केवी | 7.008 | | 132 केवी | 7.008 | |
| 220 केवी | 6.935 | | 220 केवी | 6.935 | |

ऐसे उपभोक्ता जिनकी बिलिंग डिमांड 1 एम.वी.ए. अथवा उससे अधिक है और लोड फेक्टर 50 प्रतिशत या उससे अधिक है, वोल्टेज वार* दरें

| वोल्टेज स्तर | ऊर्जा प्रभार | स्थाई प्रभार | वोल्टेज स्तर | ऊर्जा प्रभार | स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 केवी | 6.300 | बिलिंग मांग का 270 रू. प्रति केवीए प्रति माह | 11 केवी | 6.300 | बिलिंग मांग का 300 रू. प्रति केवीए प्रति माह |
| 33 केवी | 6.111 | | 33 केवी | 6.111 | |
| 132 केवी | 6.048 | | 132 केवी | 6.048 | |
| 220 केवी | 5.985 | | 220 केवी | 5.985 | |

* वृहद औघोगिक श्रेणी के लिये कोई अन्य वॉल्टेज छूट प्रयोज्य नहीं होगी।

न्यूनतम ऊर्जा प्रभार'

| वोल्टेज स्तर | मौजूदा टैरिफ: ऊर्जा प्रभार | वोल्टेज स्तर | अनुमोदित टैरिफ: ऊर्जा प्रभार |
|---|---|---|---|
| 11 केवी | 6.00 | 11 केवी | 6.00 |
| 33 केवी | 5.82 | 33 केवी | 5.82 |
| 132 केवी | 5.76 | 132 केवी | 5.76 |
| 220 केवी | 5.70 | 220 केवी | 5.70 |

* वृहद औघोगिक श्रेणी के लिये कोई अन्य वॉल्टेज छूट प्रयोज्य नहीं होगी।

**विद्युत चलित वाहनों हेतु चार्जिंग स्टेशन (एल टी -8 और एच टी -6)**

| श्रेणी | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | श्रेणी | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (एल टी -8) | 6.00 रू. प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 40 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह | सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (एल टी -8) | 6.00 रू. प्रति यूनिट | स्वीकृत सम्बंद्ध भार का 45 रू प्रति एच.पी. प्रतिमाह |
| सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (एच टी -6) | 6.00 रू. प्रति यूनिट | 135 रू. प्रति केवीए प्रति माह | सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन (एच टी -6) | 6.00 रू. प्रति यूनिट | 150 रू. प्रति केवीए प्रति माह |

**टीओडी छुट और अधिभार (एनडीएस (एचटी-2), मध्यम उद्योग (एचटी-3), बड़े उद्योग (एचटी-5) और इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन (एलटी-8 और एचटी-6) पर लागू)**

| स्लॉट्स | 6:00AM to 8:00AM (2 घंटे) ऊर्जा प्रभार पर अधिभार | 12:00PM to 4:00PM (4 घंटे) ऊर्जा प्रभार पर छुट | 6:00PM to 10:00PM (4 घंटे) ऊर्जा प्रभार पर अधिभार |
|---|---|---|---|
| अनुमोदित टीओडी | 5% | 10% | 10% |

**ट्रैक्शन लोड (एच टी-7)**

| श्रेणी | मौजूदा: ऊर्जा प्रभार | मौजूदा: स्थाई प्रभार | श्रेणी | अनुमोदित: ऊर्जा प्रभार | अनुमोदित: स्थाई प्रभार |
|---|---|---|---|---|---|
| ट्रैक्शन लोड (एच टी-7) | 5.70 रू. प्रति यूनिट | 135 रू. प्रति केवीए प्रति माह | ट्रैक्शन लोड (एच टी-7) | 5.70 रू. प्रति यूनिट | 150 रू. प्रति केवीए प्रति माह |

**अन्य टैरिफ:**

**(अ) व्हीलिंग शुल्क**

| वोल्टेज स्तर | मौजूदा टैरिफ(रू./यूनिट) | अनुमोदित टैरिफ(रू./यूनिट) |
|---|---|---|
| 132 KV | 0.01 | 0.01 |
| 33 KV | 0.15 | 0.13 |
| 11 KV | 0.79 | 0.74 |

**(ब) क्रॉस सब्सिडी प्रभार**

| ओपन एक्सेस उपभोक्ता श्रेणी | वोल्टेज | मौजूदा टैरिफ (रू./यूनिट) | अनुमोदित क्रॉस सब्सिडी प्रभार (रू./यूनिट) |
|---|---|---|---|
| अघरेलू | 11 केवी. | 2.23 | 1.59 |
| | 33 केवी. | 2.16 | 1.59 |
| | 132 केवी. और उससे ऊपर | 2.14 | 1.59 |
| मिक्स लोड/बल्क सप्लाई | 11 केवी. | 1.92 | 1.59 |
| | 33 केवी. | 1.86 | 1.59 |
| | 132 केवी. और उससे ऊपर | 1.84 | 1.59 |
| वृहद् उद्योग | 11 केवी. | 1.58 | 1.59 |
| | 33 केवी. | 1.67 | 1.59 |
| | 132 केवी. और उससे ऊपर | 1.65 | 1.59 |

**(स) अतिरिक्त सरचार्ज**

| अतिरिक्त सरचार्ज | मौजूदा टैरिफ(रू./यूनिट) | अनुमोदित (रू./यूनिट) |
|---|---|---|
| | 0.89 | 0.53 |

**(द) हरित टैरिफ**

| | |
|---|---|
| हरित टैरिफ (Green Tariff) (रू./यूनिट) सामान्य टैरिफ से ऊपर | 0.21 (रू./यूनिट) |

नोट :- वर्तमान में वह सभी प्रावधान जो कि इस आदेश में संशोधित नही किये गये है, लागू रहेंगे।

JPR 2871 (2024) अधीक्षण अभियंता (रेगूलेशन)
राज.संवाद/सी/24/3662 जयपुर/अजमेर/जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

# आर्मी के कमांडो को शिप्रापथ थाने के पुलिसकर्मियों ने निर्वस्त्र करके डंडों से पीटा

## पुलिसकर्मियों ने आर्मी के जवान को अपराधियों के बीच बैठाकर यह कहते हुए जलील भी किया कि "पुलिस, भारतीय सेना की बाप है।"


जयपुर (कासं)। सेना के कमांडो सीमा पर भले ही दुश्मनों के छक्के छुड़ाते हैं, लेकिन अपने घर में पुलिस से हार जाते हैं। जयपुर में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। मानसरोवर के शिप्रा पथ थाने में पुलिस ने सेना के एक कमांडो को न सिर्फ निर्वस्त्र कर डंडों से पीटा, बल्कि अपराधियों के बीच बैठाकर पुलिसकर्मियों ने कहा "पुलिस, भारतीय सेना की बाप है।" इसकी शिकायत कमांडो ने जब सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से की तो वे सोमवार को थाने पहुंचे और ए.सी.पी. संजय शर्मा को जमकर फटकार लगाई। राठौड़ ने खुद यह घटनाक्रम मीडिया को बताया।

दरअसल, 11 अगस्त को सेना के कमांडो अरविंद अपने परिचित जवान के केस के सिलसिले में जानकारी लेने थाने गए थे। थाने में पुलिसवालों ने ठीक से व्यवहार नहीं किया।

उन्होंने खुद के सेना में होने का परिचय दिया। आरोप है कि सब इंस्पेक्टर और पुलिसकर्मियों ने कमांडो को गालियां देते हुए पीटना शुरू कर दिया और हवालात में डालकर कपड़े उतारकर पीटा। कमांडो को जमकर जलील किया गया।

कमांडो अभी बारामूला जम्मू कश्मीर में तैनात हैं। पीड़ित ने इसकी शिकायत सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से की। सेना के कमांडो से मारपीट पर मंत्री इतने नाराज हुए कि थाने पहुंच गए। कर्नल राठौड़ ने सोमवार को थाने पहुंचकर पुलिसवालों से कमांडो के साथ मारपीट करने पर सवाल-जवाब किए। इस दौरान पुलिस के कई वरिष्ठ अफसर भी पहुंच गए। मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने मोबाइल में पीड़ित के साथ मारपीट के सबूत दिखाए। इस पर ए.सी.पी. संजय शर्मा ने तर्क दिया कि कमांडो ने पुलिसकर्मियों को गाली दी, मुझे भी गाली दी है।

नाराज मंत्री राठौड़ ने ए.सी.पी. संजय शर्मा के बीच में बोलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए फटकार लगाई। राज्यवर्धन ने कहा कि, संजय जी, जब मैं बात कर रहा हूं तो आप क्यों बोल रहे हैं? आपको तो बेसिक प्रोटोकॉल ही नहीं पता, मैं बात कर रहा हूं न। आप वहां किससे बात कर रहे हैं? उसे छोड़िए गाली तो बहुत छोटी चीज हो गई। ये तो मुझसे ही लड़ना चाहते हैं। मैं यहां धैर्य से सब सुन रहा हूं, लेकिन संजय शर्मा कंटेस्ट करना चाहते हैं। जब आपसे बात की जाए तो जवाब दीजिए, नहीं तो सावधान में खड़ा रहिए। यहां नहीं खड़े रहना चाहते तो अपने दफ्तर जाइए।



जयपुर के शिप्रा पथ थाने में पुलिसकर्मियों द्वारा सेना के कमांडों से मारपीट करने की घटना से नाराज सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ इतने नाराज हुए कि थाने पहुंचकर पुलिसवालों फटकार लगाई।

राज्यवर्धन ने कहा कि, "आपने बेसिक मैनर्स नहीं सीखे। पुलिस के अंदर वर्दी है तो अलग रौब हो गया है। कोई धैर्य, कोई पेशेंस, कुछ है? कोई जनता की सेवा मन में है या दादागिरी है? आप ऐसे लोगों को सामने क्यों रखते हो? मैंने आपको धैर्य से कॉल किया, वो तो मुझसे ही लड़ रहे हैं। उसको गाली दी या नहीं, भाड़ में जाए। आपने सेना में कमांडो को निर्वस्त्र करके डंडे मारे या नहीं मारे?

मंत्री राज्यवर्धन ने पुलिस अफसरों से कहा कि, जिसके पास ताकत होती है, उसको धैर्य की बहुत जरूरत है। धैर्य होना चाहिए। जब हम सेवा में थे।

हमारे को लोग गाली-गलौज नहीं करते थे क्या? हमसे भी बहुत गाली गलौच करते थे, लेकिन ध्यान नहीं देते थे। फर्क नहीं पड़ता। जिसको बोलना है, बोलने दें। हम अपना काम करते थे। आप अपना काम करते रहिए। आपको दिखाने की क्या जरूरत पड़ गई कि कौन ज्यादा ताकतवर है?

शिप्रापथ थाने में मंत्री राठौड़ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि, कश्मीर में तैनात कमांडो जयपुर आता है। उस कमांडो को पकड़कर पुलिसकर्मियों ने निर्वस्त्र करके डंडों से खूब पिटाई की। फिर निर्वस्त्र करके लोगों के बीच में बैठाकर पुलिसकर्मी उसे दोहराते हैं कि पुलिस, भारतीय सेना की बाप है। यह अत्यंत दुःख की बात है। यह घिनौनी मानसिकता दिखाता है। मैं वर्दी में रहा हूं। राजस्थान पुलिस पर विश्वास है कि ऐसी घिनौनी मानसिकता वाले पुलिसवालों की जांच और इलाज करवाएं। ऐसे लोग समाज के लिए खतरा है। देश की रक्षा करने वालों को वर्दी की धौंस दिखाना कायरता है।

राठौड़ ने कहा कि यह सरकार के जीरो टोलरेंस में आता है। पुलिस को पावर देश के संविधान और सरकार ने दी है। उसके पीछे जिम्मेदारी भी है। मैंने सैनिक की मेडिकल रिपोर्ट देखी है, तस्वीरें देखी हैं।

एक भारतीय सैनिक को पांच-पांच पुलिसवाले मिलकर बुरी तरह पीट रहे हैं। उसे बिना कारण मारा गया। मैंने डीजीपी और पुलिस कमिश्नर से बात की है, दोषियों पर कार्रवाई होगी। लेकिन मुझे लगा कि एक सैनिक के साथ इतनी बड़ी घटना हुई है तो मेरा यहां आना जरूरी था, इसलिए यहां आया।

वहीं सब इंस्पेक्टर बन्ना लाल का कहना है कि, अधिकारियों के निर्देशानुसार हुक्का-बार पर कार्रवाई की गई थी। मुझे किसी को छोड़ने के आदेश नहीं थे।

सिफारिश करने आए व्यक्ति ने रौब जताना शुरू कर दिया था। अभद्रता करने पर उसके खिलाफ भी रोजनामचे में रपट डालकर कार्रवाई की गई। मेरे जाने के बाद किन पुलिसकर्मियों से उसकी कहासुनी-मारपीट हुई, इस बारे में मुझे पता नहीं है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार शाम को जयपुर शहर में हुई तेज बारिश के दौरान जवाहर सर्किल, मालवीय नगर अंडर पास, सांगानेर क्षेत्र, चौमूं पुलिया, ढेर के बालाजी चौराहा, 9 नंबर और 14 नंबर चौराहे का जायजा लिया।

## दो वर्षीय डिप्लोमा धारकों को नियुक्ति देने का आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने तृतीय श्रेणी विशेष शिक्षक भर्ती-2022 में स्नातक के साथ दो वर्षीय डिप्लोमा धारकों को नियुक्ति के पात्र मानते हुए अभ्यर्थियों को तीन माह में नियुक्ति देने को कहा है। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश हेमलता व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने 16 फरवरी 2022 को तृतीय श्रेणी विशेष शिक्षक भर्ती निकाली थी। जिसके पैरा नंबर 6.2 में विशेष शिक्षा में बीएड उत्तीर्ण होना अनिवार्य किया गया।

# गलता कुंड में डूबने से 2 चचेरे भाइयों की मौत

**जयपुर** । गलता गेट थाना इलाके में सोमवार को कावड़ लेने आए दो चचेरे भाइयों की गलता कुंड में डूबने से मौत हो गई। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि वह अपने दोस्तों के साथ कावड़ लेने के लिए गलताकुंड आए थे और नहाने के लिए छलांग लगाने पर दोनों भाई डूब गए।

सूचना मिलने पर पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम की मदद से दोनों शवों को पानी से बाहर निकलवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल (एसएमएस) की मोर्चरी में भिजवा कर परिजनों को हादसे की सूचना दी गई। परिजनों की मौजूदगी में दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कर उनके हवाले कर दिया गया।

एसआई गिरिराज ने बताया कि गलताकुंड में डूबने से सवाई माधोपुर निवासी सोनू (20) और राहुल (23) की मौत हो गई। दोनों चचेरे भाई कानोता में मीना पालड़ी में रहते थे और सोमवार दोपहर को तीन दोस्तों के साथ गलताजी कावड़ लेने आए थे। गलताजी पहुंचते ही सीढ़ियों पर अपने तीनों साथियों को चढ़ता छोड़कर भागते हुए नहाने के लिए जनाना कुंड में छलांग लगा दी। कुछ देर

- **दोनों युवक नहाने के लिए कुंड में उतरे थे, लेकिन बाहर नहीं निकल सके**

बाद दोनों एक-दूसरे को पकड़कर पानी में डूबते दिखाई देने पर लोगों ने हंगामा मच गया।

हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम को सूचना दी। सूचना मिलने पर सिविल डिफेंस टीम मौके पर पहुंची और कुंड में टीम को रेस्क्यू के लिए उतारा।

सिविल डिफेंस टीम ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों चचेरे भाइयों के शवों को कुंड से बाहर निकाल कर सवाई मानसिंह अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया।

## सुरक्षा गार्ड ने की बच्ची से छेड़छाड़

**जयपुर** । विद्याधर नगर में पांच वर्षीय बच्ची से गंदी हरकत करने का मामला सामने आया है। परिजनों के साथ वह मंदिर में चल रहे कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। यहां मासूम को अकेला पाकर सुरक्षा गार्ड ने बाथरूम में लेकर जाकर गंदी हरकत की। पुलिस ने पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपित गार्ड को डिटेन कर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने बताया कि हरमाड़ा निवासी युवक ने मामला दर्ज करवाया है कि विद्याधर नगर इलाके में स्थित मंदिर में परिचित ने रविवार को सहस्त्र घट का कार्यक्रम रखा था।

रविवार दोपहर वह पत्नी और पांच वर्षीय बच्ची बेटी के साथ कार्यक्रम में शामिल होने मंदिर आए थे। रविवार देर शाम मंदिर परिसर में मासूम बेटी खेल रही थी। अकेला पाकर मंदिर के सुरक्षा गार्ड कंवर सिंह गुर्जर निवासी सुमेलपुर जिला दौसा ने मासूम को अपने पास बुलाकर बाथरुम में ले जाकर गंदी हरकत की। कुछ देर बाद मां के पास लौटी मासूम ने आरोपी की करतूत बताई, जिसके बाद लोगों ने उसकी पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया।

# सलूंबर विधानसभा के लिए उपचुनाव की तैयारी शुरू

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान में होने वाले पांच विधानसभा उपचुनाव के साथ ही सलूंबर विधानसभा उपचुनाव के लिए भी कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। पांच विधानसभा क्षेत्र झुंझुनू, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर और चौरासी के लिए प्रदेश कांग्रेस की ओर से पहले से ही कमेटियों का गठन कर दिया गया था। अब सलूंबर विधानसभा क्षेत्र के लिए भी वरिष्ठ नेताओं की कमेटी का गठन कर तैयारी शुरू कर दी गई है।

सलूम्बर विधानसभा उप चुनाव की तैयारी हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाने हेतु चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। राजस्थनान प्रदेश कांग्रेस महासचिव व प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि

- **कांग्रेस ने बनाई चार नेताओं की कमेटी**

समिति द्वारा ब्लॉक, मण्डल तथा बूथ कांग्रेस कमेटियों की बैठक ली जाकर क्षेत्र के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद किया जायेगा। साथ ही जमीनी स्तर पर संगठन का मतदाताओं से संवाद एवं जुड़ाव हेतु कार्य योजना बनाकर विधानसभा उप चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने हेतु रूपरेखा तैयार की जायेगी। उन्होंने बताया कि सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप चुनाव में पार्टी संगठन की मजबूती एवं क्षेत्र में जमीनी स्तर तक सक्रियता बढ़ाने हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने सलूम्बर विधानसभा क्षेत्र हेतु वरिष्ठ कांग्रेसजनों की चार सदस्यीय समिति का गठन किया है।

गठित समिति में विधायक अर्जुनसिंह बामनिया, उदयपुर देहात जिलाध्यक्ष कचरूलाल चौधरी, उदयपुर से रहे लोकसभा प्रत्याशी ताराचंद मीणा एवं पूर्व सांसद रघुवीर सिंह मीणा को शामिल किया गया है।

# मूसलाधार बारिश ने जयपुर के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोली, अधिकांश सड़कें जलमग्न

## बीते दो दिनों में जयपुर शहर में करीब 5 इंच से अधिक बारिश दर्ज, आज भी बारिश की संभावना

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में बीते 2 दिनों में पांच इंच बरसात दर्ज हुई है। आगामी 2-3 दिन बारिश दौर बने रहने की संभावना है। शनिवार रात से शुरू हुई बारिश थम-थमकर सोमवार को भी जारी रही। कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश के कारण शहर की सड़कें जलमग्न हो गईं। जलमहल का पानी भी पाल लांघकर सड़क पर आ गया, वहीं डूब क्षेत्र की कॉलोनियों में जलभराव के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

सीकर रोड पर ढेहर के बालाजी क्षेत्र, एम.आई.रोड, परकोटा, कालवाड़ रोड, सिरसी रोड, कनकपुरा-खिरणी फाटक, मालवीय नगर में नंदपुरी अंडरपास और ब्रह्मपुरी नाले के पास जलभराव के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी। शहर की अधिकांश सड़कें बारिश के कारण टूट चुकी है, जिन्हें दुरुस्त नहीं किए जाने के कारण बड़े-बड़े खड्ढे लोगों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। साथ ही ट्रेफिक जाम की समस्या भी बढ़ गई है।

तेज बारिश के कारण द्रव्यवती नदी उफान पर बहने लगी है। यहां महारानी फार्म पर नदी का पानी पुलिया के ऊपर से बहने लगा। पुलिया पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। पैदल जाने वाले लोग भी पुलिया के दोनों तरफ खड़े नजर आए। कुछ लोग जान जोखिम में डालकर गाड़ियों से पुलिया पार करते दिखे। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। बैरिकेडिंग कर गाड़ियों को सड़क पार करने से रोका।

सीकर रोड से ढेहर का बालाजी जाने वाली सड़क पर करीब तीन फीट तक पानी भर गया। इससे जाम की स्थिति बन गई। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि सड़क पर पानी भरने से बड़े वाहन बस-कार निकलने पर दुकानों में पानी जाता है। इससे स्थानीय दुकानदार काफी परेशान है। यहां अतिक्रमण के कारण नालियां चौक हो चुकी है। इससे हर बारिश में यहां पानी भरता है। जिम्मेदारों को शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती।

यहां के पानी की निकासी अमानीशाह नाले से कनैक्ट कर दी जाए तो इस समस्या का समाधान हो जाएगा।

कालवाड़ रोड पर रावण गेट चौराहे से लेकर हाथोज तक मुख्य सड़क पर जगह-जगह पानी भरा हुआ है। ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने के कारण मुख्य सड़क पर करीब 2 फीट तक पानी भरा हुआ है। सड़क में जगह-जगह गड्ढ़े होने के कारण आये दिन वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ऐसा ही हाल खिरणी फाटक और सिरसी रोड का है। यहां भी कई कॉलोनियों में जलभराव के कारण लोगों को आवागमन में परेशानियां हो रही हैं।



सोमवार को लगातार तीसरे दिन तेज बारिश के कारण सीकर रोड स्थित ढेहर के बालाजी क्षेत्र में मुख्य सड़क पर 3 फीट तक पानी भरा रहा। इस दौरान यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियां झेलनी पड़ी। फोटो-राष्ट्रदूत

- **टूटी सड़कों से गुजरना हुआ दूभर; गड्ढ़ों में गिरकर चोटिल हो रहे लोग, ट्रैफिक जाम की समस्या भी बढ़ी**
- **सीकर रोड पर ढेहर के बालाजी, जलमहल, नंदपुरी अंडरपास, कालवाड़ रोड समेत कई इलाकों में पानी भरा**

मालवीय नगर के नंदपुरी अंडरपास में बारिश का पानी भरने के कारण आवागमन अवरूद्ध हो गया है, सोमवार को कई वाहन पानी के बीच में जाकर फंस गए, जिन्हें धक्का देकर बाहर निकालना पड़ा। मोतीडूंगरी रोड पर भी दुकानों में पानी भर गया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि हर बार बारिश पर यहां जलभराव की स्थिति नजर आती है। दुकानों में पानी भर जाता है, पानी के कारण सड़क और फुटपाथ की दूरी का अंदाजा नहीं लग पाता। इससे हादसे भी होते हैं। इसी तरह करतारपुरा नाले के पास बनी कॉलोनियों में पानी भरा नजर आया। नाले का पानी पुलिया के ऊपर से तेज बहाव में बहने लगा। यहां बैरिकेड्स लगाकर ट्रैफिक को बंद किया गया। यहां प्रशासन की ओर से नाले के पास जेसीबी से सफाई करवाई जा रही थी। हालांकि निगम कर्मचारी बारिश थमने का इंतजार करते नजर आए। नाले के पास बनी कॉलोनी में पानी भरा नजर आया।

स्थानीय पार्षद महेंद्र हिंगोनिया ने बताया कि तेज बारिश से पथिक भवन बागवान विहार में मिट्टी के कट्टे डलवाए गए। 500 मिट्टी के कट्टे निगम और 200 कट्टे जेडीए से मंगवाकर नाले के पास स्थित मकान के पास डलवाए गए हैं। करतारपुरा नाले से जो सड़क स्वेज फार्म की ओर जाती है। उसे पानी के तेज बहाव के कारण बंद करवाया गया।

वहीं मुहाना मंडी रोड पर केसर चौराहा के पास तेज बारिश से सड़क पर चार फीट गहरा और 15 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सीवरेज में बारिश के पानी के रिसाव के कारण सड़क धंस गई। यहां मिट्टी डालने के लिए जो ट्रैक्टर आया था, उसका टायर भी सड़क धंसने से तीन फीट गड्ढे में चला गया। इसके बाद जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को बाहर निकाला गया।

परकोटे में चांदी की टकसाल से लेकर सुभाष चौक तक सड़क पर पानी भर गया। चांदी की टकसाल स्थित काले हनुमान जी मंदिर के बाहर पानी भर गया। यहां मंदिर में घुसने से पानी को रोकने के लिए तीन लेयर में लोह की बैरिकेडिंग की गई। इसके बावजूद पानी मंदिर के अंदर पहुंच गया। सड़क पर पानी भरे होने के कारण श्रद्धालु बाहर से ही भगवान के दर्शन किए। हाल ही में हैरिटेज मेयर ने यहां ड्रेनेज सिस्टम सुधारने का दावा किया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां तेज बारिश में तीन-चार फीट पानी भर जाता है।

बारिश के दौरान एसएमएस अस्पताल के बाहर घुटनों तक पानी भर गया। यहां आने वाले मरीजों, उनके परिजन और डॉक्टर्स को पानी से होकर गुजरना पड़ा। एसएमएस हॉस्पिटल के अंदर भी डॉक्टर्स-ड्यूटी रूम और कुछ वार्डों में पानी टपकता रहा। मरीजों के साथ मौजूद परिवार के लोगों ने बताया कि साउथ विंग सेकेंड में हालात नहीं सुधरे हैं। यहां पानी ऊपर से टपक रहा है। इससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि रविवार को ड्यूटी रूम में शॉर्ट सर्किट भी हुआ था।

## जयपुर जिले के स्कूलों में आज भी रहेगा अवकाश

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण में भारी बारिश को देखते हुए जिला कलेक्टर ने 13 अगस्त को अवकाश घोषित किया है। गौरतलब है कि 12 अगस्त को भी स्कूलों में अवकाश घोषित किया था। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मंजू शर्मा ने आदेश जारी किया है कि जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण के सभी राजकीय और गैर राजकीय विद्यालयों में कक्षा एक से 12 तक सभी छात्र-छात्राओं का मंगलवर को अवकाश घोषित किया जाता है। सभी संस्था प्रधान इस आदेश की पालना सुनिश्चित करेंगे।

# एस.एम.एस. अस्पताल में डॉक्टर्स ने शुरू की हड़ताल

**जयपुर**,(का.सं.)। सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने आर.जी. के.ए.आर. मेडिकल कॉलेज में हुई भयावह घटना से क्षुब्ध होकर हड़ताल की घोषणा की है। हालांकि इस दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।

जार्ड की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कोलकाता में एक मेडिकल कॉलेज जहां एक ऑन-ड्यूटी डॉक्टर के साथ बेरहमी से बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई। हम रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ अटूट एकजुटता के साथ खड़े हैं। राष्ट्रव्यापी फ़ेडरेशन ऑफ़ रेजिडेंट डॉक्टर्स द्वारा शुरू की गई हड़ताल के समर्थन में एसोसिएशन और आम सभा की बैठक की सर्वसम्मति के आधार पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर, में तत्काल हड़ताल शुरू करके चरणबद्ध विरोध का प्रस्ताव करते हैं। इस दौरान ओपीडी, ओटी और वार्डों सहित सभी वैकल्पिक और गैर-आवश्यक सेवाओं का निलंबन रहेगा। हालांकि गंभीर रूप से बीमार रोगियों को आपातकालीन सेवाएं मिलती रहेंगी, आपातकालीन सेवाएं चालू रहेंगी।

इस मामले में जार्ड पदाधिकारियों ने पारदर्शी जांच सहित सीबीआई को देने की मांग की है। इसी के साथ जिम्मेदार अधिकारियों का इस्तीफे सहित सभी अधिकारियों के निलंबन की मांग की है। इसके साथ ही परिजनों को पर्याप्त मुआवजे की मांग भी की है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के निर्देश

**जयपुर**। प्रदेश में अतिवृष्टि की स्थिति को देखते हुए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शहरों और गांवों में निर्बाध पेयजल आपूर्ति और पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किये गए हैं। विभागीय अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति में पेयजल की सुचारू आपूर्ति के लिए सभी व्यवस्थाएं पुख्ता करने के लिए कहा गया है।

विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने इस संबंध में सोमवार को वीसी के माध्यम से बैठक लेकर सभी मुख्य अभियंता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान बिजली लाइनों के क्षितग्रस्त होने की संभावना के चलते जलापूर्ति बाधित होने की आशंका बनी रहती है। इस स्थिति से बचने के लिए जेनरेटर सेट किराए पर लिए जाएं तथा वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर पानी के टैंकरों की तैनाती की जाए। साथ ही विद्युत वितरण निगम के अधिकारियों के साथ समन्वय कर बिजली आपूर्ति में किसी भी तरह की रुकावट होने पर तुरंत आपूर्ति बहाल किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि बाढ़ के जल की निकासी के लिए डीजल और बिजली से चलने वाले पंपिंग सेटों को चालू हालत में रखा जाए।

# घटिया होने के संदेह पर 1200 लीटर घी सीज

**जयपुर** । खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में सोमवार को को इंदौर से जयपुर लाए जा रहे 1200 लीटर से अधिक घी को अमानक और घटिया होने के संदेह पर सीज किया गया।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि मदर चॉइस ब्रांड का 705 लीटर एवं मिल्क क्रीम ब्राण्ड का 540 लीटर घी सैंपल लेने के बाद सीज किया गया है। यह घी इंदौर से बस में रखकर जयपुर लाया जा रहा था, जिसे अलग-अलग जगह सप्लाई किया जाना था। जून 2024 माह में भी इस पर कार्रवाई कर नमूने लिए गए थे, जो अमानक पाए गए थे।

## सार-समाचार

### छप्पन भोग मनोरथ का आयोजन

**राजसमंद, (निसं)।** श्रावण मास के चतुर्थ सोमवार जिला मुख्यालय स्थित रामेश्वर महादेव के प्राचीन मंदिर पर नर्बदेश्वर महादेव मंदिर राजनगर से निकाली गई कावड यात्रा के कावडियों द्वारा जलाभिषेक किया गया। हर हर महादेव एवं जय भोले के नारों से तीर्थ स्थल भक्तिमय हो गया। रामेश्वर महादेव प्रबंध कमेटी मीडिया प्रभारी भूपेंद्र लड्ढा ने बताया कि जलाभिषेक के बाद भोलेनाथ के फूलों के विशेष श्रृंगार से सुंदर झांकी बनाई गई। शिव भक्तों द्वारा लाए गए छप्पन भोग से छप्पन भोग मनोरथ का आयोजन किया गया। शिव मंदिर परिसर में श्रृंगारित शिव की झांकी कावडियों के विशेष आकर्षण का केंद्र रही। सभी ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन के साथ अपनी सेल्फी ली। आराध्य प्रभु श्रीनाथजी पंचमेवा के हिंडोलना में विराजित हुए। भगवान के श्रृंगार के मनोरथी शंकरलाल लड्ढा परिवार सहित अनिल बोहरा, सत्येंद्र बडोला, रामसहाय विजय वर्गीय, दिलीप कोठारी, विष्णु धोबी, विजेंद्र मदरेचा, शरद लड्ढा, प्रहलाद राय मुंदडा, नानालाल गाडरी, देवीलाल साहू, अनिल बडोला, जगदीशचंद्र लड्ढा सहित शिव भक्तों का व्यवस्थाओं में सहयोग रहा। महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए झूलो की विशेष व्यवस्था आकर्षण का केंद्र रही। पूरे दिन भक्तिमय माहौल रहा दिनभर दर्शनार्थियों का रेला लगा रहा।

### हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर के सागवाडा-आसपुर रोड पर पुरानी चुंगी नाके के पास एक तेज रफ्तार बस ने आगे चल रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं,मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।सागवाडा थाने के थानाधिकारी प्रभुलाल ने बताया की वसुंधर छोटी निवासी प्रवीण सिंह ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया की उसके पिता प्रतापसिंह राठौर डॉक्टर को दिखाने के लिए सागवाडा आए थे। डॉक्टर को दिखाने के बाद वापस अपनी बाइक लेकर घर लौट रहे थे। इस दौरान सागवाडा-आसपुर मार्ग पर सागवाडा पुराने चुंगी नाके के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में प्रताप सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सागवाडा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। वहीं, परिजनों को मामले की जानकारी दी। सूचना पर परिजन सागवाडा अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। जहां पर पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया। वहीं,बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हर घर तिरंगा अभियान शुरू

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित एसआरके कॉलेज में सोमवार को हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की गई व नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ विभा शर्मा एवं डॉ गोपाललाल कुमावत ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं सहित महाविद्यालय के विद्यार्थियों को प्राचार्य प्रो सुमन बडोला द्वारा तिरंगा शपथ दिलाई गई एवं तिरंगा रेली को रवाना करके स्वतंत्रता दिवस तक हर घर तिरंगा लगाने का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान निर्मला मीणा, डॉ बृजेश बासोतिया, डॉ उषा शर्मा, डॉ संतोष भंडारी, डॉ प्रतीक विजय, डॉ अनिल कुमार कालोरिया, डॉ मनदीपसिंह, विजेंद्र कुमार शर्मा, खुशबू, मनोहरसिंह मोजावत, नारायणलाल कुमावत, नेमीचंद, मुकेश कुमावत शशि प्रकाश सहित स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित थे।

### तिरंगा यात्रा निकाली

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय राजनगर के विद्यार्थियों ने तिरंगा यात्रा निकाली। प्रधानाचार्य कमलेश काहाल्या ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी विद्यार्थियों द्वारा तिरंगा प्रतिज्ञा की शपथ लेकर तिरंगा फहराने, स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों की भावना का सम्मान करने की, भारत के विकास और प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की शपथ ली। शपथ के बाद प्राध्यापक शारीरिक शिक्षक रामसहाय माली के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली निकाली। रैली में विद्यार्थियों के साथ स्थानीय विद्यालय के शिक्षक गार्गी वशिष्ठ अंकित मुंदडा, भूपेंद्र लड्ढा, राजेश खटीक, कौशल्या टांक, मंजू मेनारिया, गायत्री उपाध्याय, जगदीश नंदवाना, कालूसिंह गहलोत सहित विद्यार्थी मौजूद थे।

### मनोरथ में विराजे द्वारकाधीश

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित श्री पुष्टिमार्गीय तृतीय पीठ प्रन्यास के श्री द्वारकाधीश मंदिर में सावन माह के अंतर्गत आयोजित हो रहे मनोरथ के क्रम में सोमवार को तृतीय पीठाधीश्वर गोस्वामी डॉ वागीश कुमार महाराज की आज्ञा से सावन भादो के मनोरथ का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभु द्वारकाधीश को सावन भादो के मनोरथ में विराजित किया गया। सोमवार को प्रभु द्वारकाधीश को इस विशेष मनोरथ में विराजित कर अलौकिक दर्शन करवाए गए। इसके लिए पूरे मंदिर परिसर में पानी के पाइप लगाए गए जिससे निरंतर जल वर्षा होती रही जो श्रद्धालुओं को भिगो कर उनको आनंद में सराबोर कर गई। वहीं ठाकुरजी को विशेष छतरी में विराजित किया गया। जिससे भी चारों तरफ जल की वर्षा हो रही थी। इन दर्शनों को करने के लिए सैकडों की संख्या में श्रद्धालु द्वारकाधीश मंदिर पहुंचे जो इन दर्शनों को करके आनंद से भाव विभोर हो गए।

# युवक पर फायरिंग करने वाले दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**राजसमंद, (निसं)।** कांकरोली थाना पुलिस ने 3 अगस्त को जलचक्की सलूस रोड पर एक युवक पर फायरिंग कर दशहत फैलाने वाले दोनों इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। शहर में फायरिंग की घटनाके बाद हुई अशांति के बाद पुलिस सतर्क हुई और आरोपियों के सहयोगी व उनके ठिकानों पर बैठने वाले लोगों की धरपकड की कार्यवाही की गई।

एसपी मनीष त्रिपाटी ने सोमवार देर शाम प्रेसवार्ता कर आरोपियों की गिरफ्तारी बताई। त्रिपाटी ने बताया कि अवैध हथियारों की धरपकड एवं घटना करने वाले फरार आरोपियों को पकडने के लिए एएसपी महेन्द्र पारीक एवं डीएसपी विवेकसिंह राव के निर्देशन में राजनगर, कांकरोली थाना के अलावा स्पेशल टीम व साईबर टीम सहित सात टीमों का गठन किया। जिन्होंने तकनिकी आधार पर आरोपियों को पकडने के लिए अलग-अलग ठिकानों पर दबिश दी। एसपी त्रिपाटी ने बताया कि पुलिस की टीम ने फरा ईनामी बदमाश मुकेश उर्फ फुग्गा पुत्र मदनलाल गवारिया निवासी भील मंगरी जलचक्की कांकरोली एवं मोहिद उर्फ हासिम पिता आफताब खान निवासी आजाद नगर जलचक्की, हाल बागपुरा कांकरोली को रूडकी हरीद्वार के पास स्थित कलियार शरीफ दरगाह के पास से धर दबोचा। गौरतलब है कि फायरिंग की घटना के बाद पुलिस ने दोनों बदमाशों की गैंग किंग खान के सदस्यों की धरपकड भी की। कांकरोली थाने पर कुल 7 प्रकरण में से 2 अवैध पिस्टल, 5 धारदार हथियार और 1 एनडीपीएस के सहित गिरफ्तार किए गए। इसके अलावा 30 सोशल मिडिया फोलोवर्स को पाबंद किया। पुलिस में दोनों अभियुक्तों पर 5000-5000 रूपये के ईनाम की घोषणा कर रखी थी। दोनों आरोपियों ने जनवरी में भी एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर फायरिंग की थी, तो अप्रैल में पिस्टल दिखाकर लुट और मारपीट की घटना की थी। दोनो प्रकरणों में फरार चल रहे थे।


पुलिस फायरिंग मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### 'फुहार' कल

**उदयपुर, (कासं)।** स्वाधीनता दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 14 अगस्त की शाम 5 बजे नगर निगम के सुखाडिया रंगमंच में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'फुहार' का आयोजन होगा। कार्यक्रम संयोजक राबाउमा विद्यालय धानमण्डी के तत्वावधान में सोमवार को सुखाडिया रंगमंच में राजकीय एवं निजी विद्यालयों के लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने पूर्वाभ्यास किया।

# पोस्टल स्टाम्प पर जीएसटी में छूट के लिए ज्ञापन दिया

**उदयपुर, (कासं)।** सजग वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान पोस्टल स्टाम्प पर जीएसटी में शत प्रतिशत छूट को लेकर उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत के माफत प्रधानमंत्री के नाम संस्थान के अध्यक्ष शिवजी गौड के नेतृव में ज्ञापन दिया। महासचिव ओंकार लाल मेवाडा ने बताया कि पोस्ट ऑफिस से डाक व्यय के साथ वसूली होती है जो रुपये के राउंड फिगर में नहीं होकर पैसों में होती है, जैसे मूल पोस्टेज 15 रुपये इस पर जीएसटी 2.70 रुपये कुल 17.70 रुपये होते हैं किंतु पोस्ट ऑफिस द्वारा राउंड फिगर में 18 रुपये वसूल किये जाते हैं अधिक वसूल की गई राशि 30 पैसे का कोई हिसाब नहीं रहता है जिससे आमजन पर अनावश्यक भार के साथ केन्द्र/राज्य सरकार को आर्थिक नुकसान होता है।

# सर्व समाज ने गणपति मंदिर के चहुंमुखी विकास का लिया संकल्प

**बांसवाड़ा, (निसं)।** सर्वसमाज ने नई आबादी स्थित सिद्धि विनायक गणपति मंदिर के चहूंमुखी विकास का संकल्प जताया। विट्ठलदेव मंदिर में नई आबादी सिद्धि विनायक गणपति मंदिर सेवा संस्थान की बैठक में सर्व समाजजनों ने एक मत से मंदिर के विकास का संकल्प जताते हुए मंदिर परिसर में देवस्थान विभाग की स्वीकृति से भोजनशाला निर्मित करने, मंदिर परिसर में बाल गणेश उद्यान निर्मित करने एवं सेल्फी पोईन्ट स्थापित करने के निर्णय लिये।

अध्यक्ष राकेश सेठिया ने बताया कि मुंबई सिद्धि विनायक गणपति मंदिर की तर्ज पर चांदी का परिग्रह स्थापित किया जायेगा वहीं गणपति के वाहन मूशक का प्रतीक भी स्थापित किया जायेगा। सेठिया ने बताया कि समिति ने विगत चार वर्षों में अनेक कार्य किये उसी का परिणाम है कि मंदिर परिसर में राज्य सरकार ने 25 लाख की लागत से सत्संग भवन निर्मित किया। इसी तरह श्रद्धालुओं के लिये सीढियां एवं रैलिंग व्यवस्थित की गयी। उन्होंने बताया कि मकर संक्रान्ति पर गरीब व असहाय लोगों को भोजन, रंगपंचमी पर भव्य फागोत्सव एवं प्रसादी, चौत्र नवरात्रि पर नीम कपोल मिश्री युक्त प्रसाद, नववर्ष शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत एवं शरबत वितरण, महाकाल की सवारी के साथ भगवान गणपति की सवारी भी नगर भ्रमण के लिये निकाली जाती है। इसी तरह नवरात्रि में 101 कन्याओं का पूजन, उपहार एवं पारितोषिक दिये जाते हैं। मोहल्ले के प्रत्येक घर से माह में सुबह व शाम की आरती व प्रसादी की व्यवस्था, देवउठनी ग्यारस से देव दिवाली तक पांच दिवसीय कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं होती है जिनमें नगर पारितोषिक भी प्रदान किया जाता है। गणेश चतुर्थी पर भव्य सज्जा के साथ 221 किलो शुद्ध देशी घी का मोदक भी अर्पित किया जाता है वहीं संस्थान द्वारा प्रतिदिन गणेश अथर्वस्त्रोत के पाठ करवाये जाते हैं। संस्थान के प्रयासों से विगत चार वर्षों में मंदिर के सौन्दर्य को लेकर विभिन्न विकास कार्य करवाये गये।

इस अवसर पर नई आबादी सिद्धि विनायक गणपति सेवा संस्थान की कार्यकारिणी सर्वसम्मति से घोषित की गयी। अध्यक्ष राकेश सेठिया, उपाध्यक्ष त्रिभुवन व्यास व मीठालाल माली, सचिव सुबोध मालोत, सहसचिव पार्षद चंकी शाह, कोषाध्यक्ष गिरीश पंचाल, प्रसार-प्रचार मंत्री निखिलेश श्रीमाल, संगठन मंत्री उत्तम सिंह चौहान, कानूनी सलाहकार नरेश पुरोहित चुने गये। साथ ही सदस्यों के रुप में जयेश कंसारा व शैलेश नागदरा को शामिल किया गया। इसी तरह महिला सदस्यों में विनिता पटेल व हेमलता भोई तथा सलाहकार मंडल में विनोद शाह, शंकरलाल यादव, जितेन्द्र नागर, ईश्वर कंसारा, तोलाचंद तेली, सुनील मेहता, दीपक भावसार, प्रिंस पटेल को सम्मिलित किया गया।


विट्ठलदेव मंदिर में नई आबादी स्थित श्री सिद्धि विनायक गणपति मंदिर के विकास के लिये संकल्प लेते सर्व समाज के लोग।

## सार-समाचार

### विद्यार्थी रवाना

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान कृषि महाविद्यालय, उदयपुर के बी.एस.सी. (कृषि) चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों को ग्रामीण कृषि कार्यानुभव कार्यक्रम हेतु विवि के कुलपति डॉ॰अजीत कुमार कर्नाटक एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आरबी दुबे ने हरी झण्डी बताकर बसों को रवाना किया। कुलपति डॉअजीत कुमार कर्नाटक ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये बताया कि रावे कार्यक्रम के तहत विवि के विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रो पर रहते हुये ग्रामीण कृषक समुदाय से कृषि की नवीनतम् प्रौद्यागिकी से रू-बरू होकर प्रायोगिक अनुभव प्राप्त करेगें साथ ही उन्होने विद्यार्थियों को सीख दी कि प्रत्येक विद्यार्थी कम से कम किसान के खेत पर पाँच पौधे लगावे एवं राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि उन्नयन परियोजनाओं के बारे में किसानों को बतावें। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने विद्यार्थियों को अनुशासित रहते हुऐ कृषक परिवारों के साथ कृषि के बारे में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने की सलाह दी।


### डॉ ऋषि शर्मा ने किया प्रतिनिधित्व

**उदयपुर, (कासं)।** जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय थोरेसिक एंडोस्कोपी के आठवें वार्षिक सम्मेलन में डॉ ऋषि कुमार शर्मा ने हिस्सा लिया एवं गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का प्रतिनिधित्व किया। डॉ ऋषि ने प्लूरल डिसऑर्डर पर आधारित पैनल डिस्कशन की अध्यक्षता की उन्होंने बताया कि विभिन्न प्लूरल डिसऑर्डर का सही तरह से निदान करने हेतु थोरेसिक सोनोग्राफी की उपयोगिता बढती जा रही है। पैनल डिस्कशन के अंत में डॉ ऋषि ने देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज से आए हुए 34 पीजी विद्यार्थियों का पीजी क्विज भी कंडक्ट करवाया। जिसमें डॉ. ऋषि कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों से सवाल पूछे और उनमें से बेस्ट तीन विद्यार्थियों चुनकर पुरस्कार दिया एवं विद्यार्थियों का हौसला बढाया।

### तिरंगा रैली आज

**उदयपुर, (कासं)।** स्वाधीनता दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार 9 से 15 अगस्त तक प्रस्तावित हर घर तिरंगा- अभियान के दौरान फतहसागर पाल (देवाली छोर) से पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर की ओर से तिरंगा रैली का आयोजन किया जाएगा। निदेशक फुरकान खान ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने हेतु केन्द्र द्वारा फतहसागर पाल (देवाली छोर) से मंगलवार की सुबह 7 बजे तिरंगा रैली निकाली जाएगी। उसके बाद विद्याभवन उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्विज प्रतियोगिता एवं बच्चों द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी तथा स्वतंत्रता सैनानियों की चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

# बेनाइन ट्यूमर का सफल ऑपरेशन


पिम्स में मेंडीबल फ्रैक्चर और सौम्य अस्थि ट्यूमर ( बेनाइन ट्यूमर ) का सफल ऑपरेशन किया गया।

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पिम्स हॉस्पिटल, उमरडा में चिकित्सकों ने मेंडीबल फ्रैक्चर और सौम्य अस्थि ट्यूमर (बेनाइन ट्यूमर) का सफल ऑपरेशन किया है।

पिम्स के चेयरमेन आशीष अग्रवाल ने बताया कि गत 12 जुलाई को महेशचंद्र नामक मरीज ने दंत चिकित्सा विभाग, पिम्स हॉस्पिटल उमरडा को सूचना दी कि बांसवाडा जिले में 12-15 दिन पहले सडक यातायात दुर्घटना में उसके चेहरे पर चोट लगी है। वह इसे लेकर बांसवाडा से सागवाडा, फिर उदयपुर और जयपुर तक विभिन्न अस्पतालों में घूम चुका है लेकिन किसी तरह का इलाज नहीं मिला। इससे पूर्व मरीज के रिश्तेदार यह जानने के लिए डॉ. अजित जोशी (एमडीएस-ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जन), प्रोफेसर और विभाग प्रमुख, दंत चिकित्सा विभाग, पीआईएमएस, उमरडा के पास आए कि क्या यह ऑपरेशन अस्पताल में संभव हो सकता है।इस पर डॉ. अजित जोशी ने मरीज को सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ विभाग में रिपोर्ट करने के लिए कहा।

# हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजा डूंगरपुर शहर

**डूंगरपुर, (निसं)।** बांसड समाज के तत्वावधान में बेणेश्वर धाम से कावडों में पवित्र त्रिवेणी संगम का जल लेकर जब कावड यात्री शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गलियों में गुजरे तो पूरा वातावरण भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा तथा माणक चौक स्थित धनेश्वर मंदिर पहुंच कर जलाभिषेक के साथ अच्छी वर्षा के लिए कामना की। इससे पूर्व कावडियों का रामोत्सव समिति द्वारा पादपक्षालन किया गया।

बांसड समाज के कावडियों के तत्वावधान में निकलने वाली कावड यात्रा का सनातन धर्म समिति, सर्व समाज द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर में कावडियों का तिलक और उपरने से स्वागत किया। इसके पश्चात गाजे बाजे के साथ शास्त्री कॉलोनी,पुराना बस स्टैंड, तहसील चौराहा, न्यू मार्केट, सुपर मार्केट, पुराना हॉस्पीटल, कंसारा चौक, सोनिया चौक नगर भ्रमण कर माणक चौक स्थित धनेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचे जहां हर हर महादेव के उद्घोषों एवं मंत्रोचार के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर महाआरती की। इस अवसर पर बांसड समाज के अध्यक्ष गटूलाल बासड, बाबूलाल बासड, पार्षद पायल बांसड, भरत बांसड, रमेश बांसड, जयंतीलाल बांसड तथा सनातन धर्म समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, महासचिव मुकेश श्रीमाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक शाह, सचिव भूपेश शर्मा, उपाध्यक्ष धनेश्वर पंड्या, कोषाध्यक्ष मुरलीधर शाह, सुभाष रोत, अजीत कंसारा, यशोदेव चौबीसा, गजेंद्र श्रीमाल, पद्मेश गांधी, एवं बासड समाज के बच्चे एवं समाजजन उपस्थित रहें।

**■ कावडियों ने बेणेश्वर से जल लाकर धनेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया**

इससे पूर्व रामोत्सव आयोजन समिति द्वारा संकट मोचन हनुमान मंदिर में कावड यात्रा से लौटे शिव भक्तों के चरण प्रक्षालन व पुष्पमाला अर्पित कर अभिनंदन किया गया जिसमें प्रत्येक कांवडियों के चरण प्रक्षाल किए तथा भगवा उर्पणा ओर शाल ओढा कर अभिनंदन किया। रामोत्सव आयोजन समिति के नगर अध्यक्ष मोहन अग्रवाल ने बताया कि श्रावण मास में प्रत्येक वर्ष बाँसड सामज द्वारा कावड यात्रा निकाली जाती है जिसमें कांवडियों द्वारा श्रावण के पवित्र महीने में यात्रा शिव को समर्पित करते है। रामोत्सव समिति द्वारा सनातन धर्म व कांवडियों की भक्ति को बल मिले और साथ ही आने वाली पीढी को इसके पीछे की वैज्ञानिकता का परिचय कराना है। कांवडियों के चरण प्रक्षालन का अपना महत्व है, जिसमें श्रद्धा का व्याप्त होता है अगर श्रद्धा से कांवडियों के चरण प्रक्षालन किया जाता है तो वो श्रद्धा बेनेशावर धाम के शिव लिंग लेकर केदारनाथ शिवलिंग तक अपनी श्रद्धा पहुँचती है, इसी वैज्ञानिकता और संतान के सिद्धांत के साथ धर्म की जागरूकता अगली पीढी और नई पीढी तक समझ आये और पुण्य की प्राप्ति के लिये यह आयोजन समिति द्वारा किया। चरण प्रक्षालन व अभिनंदन कार्यक्रम में राज्योत्सव समिति के संयोजक भूपेन्द्र पालीवाल, डायलाल पाटीदार, प्रकाश भट्ट, प्रीतेश चौबीसा, पार्षद जितेंद्र भोई, हर्ष शर्मा ने कांवडियों के चरण प्रक्षालन किए एवं फूल माला पहना कर भगवा उर्पणा व बाँसड समाज के वरिष्ठ लोगों को शाल ओढाई वहाँ से शहर से निकलने वाली शोभा यात्रा में शामिल हुए।


शहर में कावड़ियों की शोभायात्रा निकाली।

### ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**डूंगरपुर, (निसं)।** जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरडा डूंगरपुर की कक्षा 6 में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में आवेदन की ऑनलाइन प्रक्रिया 15 जुलाई से प्रारम्भ हो चुकी हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरडा के प्राचार्य अब्दुल अजीज ने बताया कि जिले में कक्षा 5 में अध्ययनरत इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट नवोदया डॉटजा ओवी डॉट इन पर जाकर ऑनलाइन निःशुल्क कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 16 सितम्बर 2024 हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया का केवल एक ही चरण हैं। आवेदक वर्तमान सत्र 2025-26 में डूंगरपुर जिले में प्रवेश चाहता है तो वह जिले का निवासी हो तथा उसी जिले के किसी भी सरकारी अथवा सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय की कक्षा 5 में अध्ययनरत होना चाहिए। आवेदक की जन्म तिथि 1 मई 2०13 से 31 जुलाई 2015 (दोनों तिथियों भी शामिल) के बीच होनी चाहिए। वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो (पिछले सेशन में कक्षा 5 करने वाले या वर्तमान में कक्षा 6 में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन योग्य नहीं हैं) पिछले वर्ष नवोदय की प्रवेश परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी (रिपीटर) भी आवेदन नहीं कर सकते हैं। कुल चयन में से 75 प्रतिशत विद्यार्थी ग्रामीण क्षेत्र के लिए जाएंगे। कुल सीट में से कम से कम 1/3 सीटों पर छात्राओं का चयन होगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरडा डूंगरपुर के हेल्प-डेस्क सूर्यकांत काले मोबाइल नंबर 9527054334 तथा पूनम गर्ग 9039288771 से सम्पर्क कर सकते हैं।

# विधायक माहेश्वरी से मिला लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधि मंडल


विभिन्न मांगों को लेकर विधायक दीप्ति माहेश्वरी को ज्ञापन सौंपते लघु उद्योग भारती का प्रतिनिधि मंडल।

**राजसमंद, (निसं)** लघु उद्योग भारती राजसमंद का प्रतिनिधि मंडल राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी से राजसमंद क्षेत्र के औद्योगिक एवं सर्वांगीण विकास के विषयों को लेकर मिला।

प्रतिनिधि मंडल ने विधायक को वर्तमान बजट में राजसमंद को मार्बल मंडी की सौगात दिये जाने के लिए किए गए सकारात्मक प्रयासों के लिए आभार ज्ञापित किया। राजसमंद क्षेत्र के औद्योगिक एवं सर्वांगीण विकास एवं मृत प्राय: हुए मार्बल व्यवसाय को संजीवनी प्रदान करने के लिए प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन सौंपते हुए अध्यक्ष संदीप सामसुखा द्वारा स्वदेशी घरेलू मार्बल एवं ग्रेनाइट पर जीएसटी कम करने, राजसमंद क्षेत्र को औद्योगिक गैस पाइप लाइन से जोडने एवं सिरेमिक क्लस्टर की घोषणा, डीएमएफटी कोष द्वारा क्षेत्र के विकास, बेहतर अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा, सीडीओएस द्वारा एशिया के सबसे बडे मार्बल के उत्पादन एवं प्रसंस्करण केंद्र राजसमंद पर प्रदर्शनी के आयोजन करने, इंटीग्रेटेड लॉजिस्टिक कॉरिडोर कनेक्टिविटी एवं मार्बल ग्रेनाइट पर रॉयल्टी दरें कम करने के विषय साझा किए गये। विधायक ने सभी विषयों को सकारात्मक रूप से सुना एवं कुरज में कंटेनर डिपो एवं औद्योगिक गैस की सप्लाई के लिए डिपो के गतिशील प्रयासों के बारे में बताया गया।

साथ ही जीएसटी कम करने के संबंध में सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान महामंत्री हेमंत सहलोत, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य हर्षलाल नवलखा, उपाध्यक्ष उत्तम कावडिया, कार्यकारिणी सदस्य निर्मल बडोला, सचिव कुलदीप व्यास, जेतपूरा इकाई सचिव राजेंद्र धाबाई एवं महेंद्र टेलर मौजूद थे।



शमी से इसे लेकर बातचीत होनी चाहिए। कोशिश होनी चाहिए की वह अगले 3-4 साल खेलें। ऐसा करने के लिए रास्त बनाना होगा। इसे लेकर उनसे बातचीत होनी चाहिए।

- पारस महाम्ब्र

पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच, मोहम्मद शमी के बारे में बोलते हुए।




आज का खिलाड़ी



**रोहित शर्मा**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा इन दिनों काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वह लगातार गेंदबाजों को परेशान कर रहे हैं। रोहित अपने इस इरादे में सफल भी रहे हैं और उनकी इस तरह की बल्लेबाजी से भारतीय टीम को तेज शुरुआत भी मिल रही है। वहीं वनडे वर्ल्ड कप 2023 की बात करें या फिर टी20 वर्ल्ड कप 2024 की या फिर उसके बाद श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज की। रोहित ने हर जगह गेंदबाजों को अपनी बल्लेबाजी से परेशान किया। इसके दम पर वो अन्य भारतीय बल्लेबाजों के मुकाबले ज्यादा सफल भी रहे।

**क्या आप जानते हैं ?...** विश्वकप फुटबाल में पहली हैट्रिक करने का श्रेय फीफा अमेरिका के ब्रेट्रेम को जाता है, वहीं कुछ लोग अर्जेंटीना के गुलिरेमा स्टे विल को यह सम्मान देते हैं।

# रंग-बिरंगी आतिशबाजी के बीच पेरिस ओलंपिक का समापन

## बुझाई गई मशाल, हैंडओवर हुआ ओलंपिक फ्लैग





पेरिस, 12 अगस्त। 33वें ओलंपिक का समापन हो गया। फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित हुए इन खेलों ने पूरी दुनिया को एंटरटेन किया। अभूतपूर्व और रंगारंग कार्यक्रम के बीच विश्व में खेलों के सबसे बड़े महाकुंभ का जब समापन हुआ तो पेरिस ओलंपिक 2024 कमेटी के अध्य टोनी एस्टांगुएट ने अपनी स्पीच में कहा कि वह ओलंपिक खेलों का समापन हीं है, ये केवल उद्घाघटन समारोह की समाप्ति है औऱ विश्राम है, बल्कि खेलों को तो अनवरत होते रहना है। तीन घंटे तक चले इस समारोह की शुरुआत एक फ्रेंच गीत से हुई थी। स्टेड डी फ्रांस स्टेडियम ऑफ नेशंस के बाद बेल्जियम की पॉप सिंगर एंजेले वान वीक ने परफॉर्म किया।

इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के गोल्डन वॉयजर बैंड ने ओलंपिक की खोज दिखाई, इशमें थॉमस जॉली ने डायरेक्ट किया था। इसके बाद पांच बार की ग्रैमी अवॉर्ड जीतने वाली गैब्रिएला सरमिएंटो विल्सन ने अमेरिका का नेशनल एंथम गाया। स्टेड डी फ्रांस से टॉम क्रूज ने स्टंट दिखाते हुए ओलंपिक ध्वस को लॉस एंजिलिस ले गए। वहां, पॉप गायिका बिलि एलिश, रैपर स्नूप डॉग और डॉक्टर ड्रे ने परफॉर्म किया। इस तरह मशाल बुझाकर 33वें ओलंपिक का समापन हुआ।

ओलंपिक फ्लैग हैंडओवर के बाद अमेरिकी नेशनल एंथम गाया गया। इसके बाद हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज की स्टेडियम में एंट्री हुई। वो अपनी बाइक पर ओलंपिक फ्लैग लेकर गए। उन्होंने अपनी बाइक को चार्टर्ड फ्लाइट में रखा। फिर हवा में डाइव लगाते हुए पैराशूट लैंडिंग के जरिए जमीन पर आए। यहां से उन्होंने साइकिल के जरिए ओलंपिक फ्लैग को अपनी जगह लॉस एंजिल्स के लिए भेजा, हॉलीवुड में अगले ओलंपिक की मेजबानी मिलने का जश्नन मनाया गया। लोकप्रिय रॉक बैंड रेड हॉट चिली पेपर्स ने अपने हिट गाने कैन्ट स्टॉप से समा बांध दिया।

# भारतीय मुक्केबाजों से ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी



नई दिल्ली, 12 अगस्त। निकहत ज़रीन और लवलीना बोरगोहेन जैसे मौजूदा विश्व चैंपियन खिलाड़ियों के बावजूद भारतीय मुक्केबाज पेरिस ओलंपिक में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें बिना पदक के वापस लौटना पड़ा। विजेंदर सिंह के बीजिंग ओलंपिक 2008 में ऐतिहासिक कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय मुक्केबाजों से ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद की जाने लगी थी।

इसके चार साल बाद एमसी मैरी कॉम ने लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। रियो ओलंपिक 2016 में भारतीय मुक्केबाज पदक नहीं जीत पाए लेकिन तोक्यो ओलंपिक में लवलीना कांस्य पदक हासिल करने में सफल रही थी। इस परिदृश्य में उम्मीद की जा रही थी कि भारतीय मुक्केबाज पदक जीतने का सिलसिला जारी रखेंगे लेकिन उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा।

खेल केजानकारों का मानना था कि क्वालीफाई करने वाले छह मुक्केबाजों से दो नहीं तो कम से कम एक पदक की उम्मीद की जा सकती है। दो बार की विश्व चैंपियन जरीन (50 किग्रा), लवलीना (75 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप 2023 के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा)सभी को पोडियम पर पहुंचने का मजबूत दावेदार माना जा रहा था। लेकिन जब वास्तविक प्रतिस्पर्धा की बात आई तो भारतीय खिलाड़ियों में आवश्यक गति की कमी नजर आई। निशांत को अपवाद माना जा सकता है।

क्योंकि क्वार्टर फाइनल में विवादास्पद परिणाम के कारण वह पदक से वंचित हो गए। जहां तक जरीन और लवलीना का सवाल है तो वह अपनी मजबूत प्रतिद्वंदियोंके सामने संघर्ष करती हुई नजर आई। अमित पंघाल (51 किग्रा) अपनी पिछली फॉर्म को दिखाने में नाकाम रहे। लवलीना, पंघाल और निशांत को पदक सुरक्षित करने के लिए सिर्फ दो जीत की जरूरत थी।

# दमदार प्रदर्शन का इरादा, भारतीय यूथ महिला हैंडबॉल टीम वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिये चीन पहुंची

## टीम में राजस्थान की टीना, मुस्कान व मनीषा भारतीय टीम की कोच होगी प्रदेश की मनीषा



जयपुर, 12 अगस्त। चुझोउ (चीन) में 14 से 25 अगस्त तक होनी वाली यूथ महिला हैंडबॉल वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिये भारतीय यूथ महिला हैंडबॉल टीम ने क्वालीफाई किया है। वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेने वाली भारतीय टीम में राजस्थान की टीना, मुस्कान व मनीषा जाट चयन हुआ है। टीम की कोच राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद की हैंडबॉल कोच मनीषा राठौड़ को बनाया गया है। इस चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये भारतीय टीम सोमवार को चीन पहुँच गयी।

राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय टीम में राजस्थान से शामिल टीना, मुस्कान तथा मनीषा जाट राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् द्वारा जयपुर में संचालित महिला हैंडबॉल अकादमी की खिलाड़ी हैं। इनमें टीना पीवट की पोजीशन पर, मुस्कान लेफ्ट बैक और मनीषा जाट राइट बैक की पोजीशन पर खेलती है।

रवानगी से पूर्व भारतीय टीम को इस चैंपियनशिप के लिए रवानगी से पूर्व भारतीय टीम को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के सुपुत्र हरीश नड्डा, हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय व महासचिव डा. तेजराज सिंह ने वर्ल्ड चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डा. तेजराज सिंह ने बताया कि भारतीय टीम की कप्तान हिमाचल प्रदेश की खुशी व उपकप्तान भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की सुजाता को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप की तैयारी के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर गत 31 जुलाई से 10 अगस्त, 2024 तक भारतीय खेल प्राधिकरण एनसीओई- गांधीनगर (गुजरात) में लगाया गया था। इस चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम के कोच एम.कार्तिकेयन (साई, एनसीओई गांधीनगर), सचिन चौधरी (रेलवे) व मनीषा राठौड़ (राजस्थान) बनाए गए हैं।

भारतीय टीम :- गोलकीपर : आरुषी, कनिका (हिमाचल प्रदेश), लवीषा (चंडीगढ़), राइट बैक :- रेणुका (हरियाणा), मुस्कान देवी (हिमाचल प्रदेश), मनीषा जाट (राजस्थान) सेंटर बैक :-सुजाता - उपकप्तान (साई), खुशी - कप्तान (हिमाचल प्रदेश)। लेफ्ट बैक :- काजल (हिमाचल प्रदेश), मुस्कान (राजस्थान), अनिका (हरियाणा)। राइट विंग :-काफी (हरियाणा), ईशू (साई)। पिवोट :-वैष्णवी (गोल्डन ईगल अकादमी, उत्तर प्रदेश), टीना (राजस्थान), तन्नु (साई)। लेफ्ट विंग :- तमन्ना (साई), पूजा (गोल्डन ईगल अकादमी, उत्तर प्रदेश)।

# दलीप ट्रॉफी पहले दौर का मैच बेंगलुरू में

## अश्विन और बुमराह को छोड़कर सभी सितारे खेलेंगे

बेंगलुरू, 12 अगस्त। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को छोड़कर भारत के कुछ नियमित स्टार दलीप ट्रॉफी के पहले दौर में खेलेंगे जिसे बीसीसीआई ने अनंतपुर की जगह बेंगलुरू में कराने का फैसला किया है। सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को छूट दी जा सकती है। टूर्नामेंट में भाग लेने का फैसला पूरी तरह से उन पर छोड़ा जायेगा। दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के दो सेट के मैच आंध्रप्रदेश के अनंतपुर में पांच सितंबर से होने थे लेकिन अब उनमें से एक को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कराया जायेगा ताकि लॉजिस्टिक की समस्या नहीं आये। अनंतपुर बेंगलुरू से 230 किलोमीटर दूर है और हवाई मार्ग से जुड़ा हुआ भी नहीं है। एक सूत्र ने बताया ,'' कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की सुविधा के लिये यह फैसला लिया गया है ताकि उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले लाल गेंद के क्रिकेट का अनुभव हो जाये।''

# गोल्ड मेडलिस्ट अरशद नदीम का पाक में जोरदार स्वागत



नई दिल्ली, 12 अगस्त। पाकिस्तान के गोल्ड मेडलिस्ट अरशद नदीम पेरिस ओलंपिक 2024 से अपने वतन लौट चुके हैं। जहां उनका एयरपोर्ट पर गर्मजोशी के साथ स्वागत हुआ। पेरिस ओलंपिक में अरशद नदीम ने 92.97 मीटर की दूरी पर भाला फेंकर गोल्ड मेडल जीता। इस थ्रो के कारण भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को दूसरा स्थान मिला था। ओलंपिक गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने वाले अरशद नदीम अपने घर लौट आए हैं। पाकिस्तान की तरफ से अरशद नदीम पर नकद पुरस्कार की बारिश हो रही है। लेकिन उनके ससुर ने इस बीच रिकॉर्डधारी थ्रोअर को उपहार में भैंस देकर सुर्खियां बटोरी हैं। बता दें कि, नदीम के गांव से ससुर मोहम्मद नवाज ने स्थानीय मीडिया को बताया कि उनके गांव में भैंस उपहार में देने का मतलब काफी मूल्यवान और सम्मानीय होता है। नदीम अपनी जड़ों से जुड़े हुए हैं और सफलता हासिल करने के बावजूद वह अपने गांव में अपने परिवार के साथ ही रह रहे हैं।

# दक्षिण अफ्रीका बनाम विंडीज पहला टेस्ट मैच ड्रॉ

पोर्ट ऑफ स्पेन, 12 अगस्त। ऐलेक ऐथनेज की (92) रनों की जुझारु पारी की बदौलत वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 201 रन बनाकर दक्षिण के साथ खेले गये पहले टेस्ट मैच को ड्रा करा दिया। दक्षिण अफ्रीका ने पांचवें दिन दूसरी पारी को तीन विकेट पर 173 रन पर पारी घोषित कर वेस्टइंडीज को जीत के लिए 298 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही और एक समय उसने 64 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिये थे। ऐसा लग रहा था दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाज केशव महाराज वेस्टइंडीज की दूसरी पारी को जल्द ही समेट देंगे। कप्तान क्रेग ब्रैथवेट(शून्य), मिकाइल लुईस (9) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय ऐलेक ऐथनेज ने पहले केसी कार्टी के साथ मिलकर चौथे विकेट लिये 63 रनों की साझेदारी की। केसी कार्टी (31) और उसके बाद केवम हॉज (29) रन बनाकर आउट हुये। ऐलेक ऐथनेज ने 92 रनों की जुझारू पारी खेली। जेसन होल्डर (31) रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज ने 56.2 ओवर में पांच विकेट पर 201 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से केशव महाराज ने चार विकेट लिये। कगिसो रबाडा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 30 रन से आगे खेलना शुरु किया। टोनी डीजॉर्जी 45 रन एवं एडन मारक्रम 38 रन बनाकर आउट हुये। दोनों ही बल्लेबाजों को जोमेल वारिकन ने आउट किया। ट्रिस्टन स्टब्स ने 68 रनों की शानदार पारी खेली। उन्हें केमार रोच ने बोल्ड आउट किया। स्टब्स के आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने तीन विकेट पर 173 रन पर पारी घोषित कर दी। और वेस्टइंडीज को पहली पारी की 124 रनों की बढ़त और दूसरी के 173 रनों के आधार पर जीत के लिए 298 रनों का लक्ष्य दिया। वेस्टइंडीज की ओर से जोमेल वारिकन ने दो विकेट लिये। वहीं केमार रोच ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज और कगिसो रबाडा ने बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए वेस्टइंडीज को पहली पारी में 233 रन पर समेट दिया था। दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी के आधार पर 124 रनों की बढ़त मिली गई थी। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रैथवेट और मिकाइल लुईस ने पारी की अच्छी शुरुआत की थी। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिये 53 रन जोड़े। लेकिन दक्षिण अफ्रीकी बेहतरीन गेंदबाजी के आगे वेस्टइंडीज का कोई भी बल्लेबाज पिच पर अधिक तक नहीं टिक सका। मिकाइल लुईस (35), क्रेग ब्रैथवेट (35), जेसन होल्डर (36), केवम हॉज (25) रन बनाकर आउट हुये। केसी कार्टी ने टीम के सर्वाधिक (42) रनों की पारी खेली। जोमेल वारिकन (35) रन बनाकर नाबाद रहे। दक्षिण अफ्रीका की ओर से केशव महाराज ने चार विकेट लिये। कगिसो रबाडा को तीन विकेट तीन विकेट मिले। लुंगी एन्गिडी और एडन मारक्रम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान तेम्बा बवूता (86), टोनी डीजॉर्जी के (78) अद्धर्शतको और काइल वेरेन के 39 रन एवं वियान मुल्डर के नाबाद 41 रनों की उपयोगी पारियों की बदौलत 357 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्ट इंडीज की ओर गेंदबाजी करते हुए जोमेल वारिकन ने सबसे ज्यादा चार विकेट हासिल किए जबकि जेडेन सील्स ने तीन, केमार रोच ने दो तथा जेसन होल्डर ने एक विकेट लिया।

## नीरज चोपड़ा के मनु भाकर की मां ने दी कसम, कहा-

# मेरी बेटी की तरह गेम छोड़ने की मत सोचना, आप में बहुत खेल बाकी



पानीपत,12 अगस्त। पेरिस ओलंपिक 2024 का समापन हो चुका है। भारत ने इस ओलंपिक में महज 6 मेडल जीते हैं, जिनमें से एक सिल्वर तो 5 ब्रॉन्ज मेडल हैं। वहीं नीरज चोपड़ा ने जैवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल जीता वह गोल्ड मेडल से पाकिस्तन के अरशद नदीम से पिछड़ गए। वहीं मनु भाकर ने दो ब्रॉन्ज मेडल जीतकर इतिहास रचा। वहीं इस बीच मनु भाकर की मां सुमेधा भाकर ने पेरिस में नीरज से मुलाकात की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। साथ ही फैंस ने मनु और नीरज के बीच तरह-तरह के कयास लगाने शुरू कर दिए। वायरल वीडियो में मनु की मां नीरज चोपड़ा से बात करते हुए नजर आ रही हैं उसके बाद वो नीरज का हाथ पकड़ती हैं और अपने सिर पर रखकर कसम खाने के लिए कहती है। चर्चा है कि मनु की मां ने कहा कि आप खेलना मत छोडना । अभी बहुत खेल बाकी है आपके। दोनों के बीच काफी देर बातचीत हुई। जिससे लोगों ने कयासबाजी शुरू कर दी। जहां कुछ फैंस का कहना था कि मनु की मां बेटी के लिए अच्छा रिश्ता ढूंढ रही हैं।

## प्रज्ञानानंदा को मिला-जुला ड्रॉ

नई दिल्ली, 12 अगस्त। आर प्रज्ञानानंदा को सेंट लुई रेपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में मिला-जुला ड्रॉ मिला है और यह भारतीय ग्रैंडमास्टर यहां अपने अभियान की शुरुआत काले मोहरों से अमेरिका के लेवोन अरोनियन के खिलाफ करेगा। प्रज्ञानानंदा को मैक्सिम वाचियेर-लाठोव और अलीरेजा फिरोजा की फ्रांसीसी जोड़ी, ग्रैंड शतरंज टूर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो कारुआना और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसोत्तोरोव खिलाफ सफेद मोहरों से खेलना है जिससे उनके पास टूर पर अपनी वर्तमान तीसरी रैंकिंग से सुधार करने का अच्छा अवसर है। साल के शुरुआती हिस्से में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद प्रज्ञानानंदा बील मास्टर्स में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए और कुछ महत्वपूर्ण रेटिंग अंक गंवाकर विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर हो गए। तेजी से वापसी करने वाले खिलाड़ी के रूप में जाने जाने वाले 19 साल के प्रज्ञानानंद को उम्मीद है कि वह अपनी गलतियों को सुधारेंगे और यहां आखिरी दो प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।


# विद्युत जामवाल ने नेशनल मार्शल आर्ट्स चैम्पियनशिप के प्रतिभागियों को किया प्रोत्साहित

नई दिल्ली, 12 अगस्त। अभिनेता विद्युत जामवाल ने आज नेशनल मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप के समापन समारोह में 16 राज्यों से आये एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने प्रोत्साहित किया।

तालकटोरा स्टेडियम में यूनाइटेड वर्ल्ड मार्शल आर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नेशनल मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप 2024 के सोमवार को हुये समापन समारोह में ताइक्वांडो की वेशभूषा में पहुंचे अभिनेता विद्युत जामवाल ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। तीन दिनों तक चली इस चैंपियनशिप में कराटे, ताइक्वांडो, गटका, लाठी खेल और जूडो प्रतियोगिता में 16 राज्यों के एक हजार से अधिक प्रतिभागियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस चैंपियनशिप में 240 से अधिक श्रेणियों में सात विभिन्न विधाओं की प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ, जिनमें कराटे, ताइक्वांडो, गटका, लाठी खेल, और जूडो शामिल थे। इस कार्यक्रम ने भारत की समृद्ध मार्शल आर्ट्स परंपरा को भी प्रदर्शित किया, जिसमें तमिलनाडु की सिलंबम और पंजाब की गटका जैसी पारंपरिक विधाओं को प्रमुखता से पेश किया गया। नेशनल मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप 2024 ने न केवल असाधारण प्रतिभाओं को सामने लाया बल्कि भविष्य के मार्शल आर्टिस्टों को प्रेरित करने का भी महत्वपूर्ण कार्य किया।

# दिग्गज क्रिकेटर ग्राहम थोर्प ने आत्महत्या की : अमांडा



लंदन, 12 अगस्त। लंबे समय से अवसाद और चिंता से जूझ इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर ग्राहम थोर्प ने आत्महत्या की थी। यह जानकारी थोर्प के परिवार ने एक साक्षात्कार में साझा की है। ग्राहम थोर्प की पत्नी अमांडा ने माइकल एथरटन को द टाइम्स से बातचीत में बताया है कि वो लंबे समय से डिप्रेशन से जूझ रहे थे और अवसाद के कारण उन्होंने आत्महत्या की थी। उन्होंने बताया कि वह अफगानिस्तान के मुख्य कोच के रूप में काम कर रहे थे। लेकिन मई 2022 में अपनी जान लेने के पिछले प्रयास के बाद उन्हें अस्पताल में रखा गया था। थार्प की तबीयत में सुधार हो रहा था। लेकिन, बीच-बीच में वो गहरे अवसाद में भी चले जा रहे थे। हमने एक परिवार के रूप में उनका समर्थन किया और इलाज का पूरा प्रयास। लेकिन दुर्भाग्य से उनमें से कोई भी वास्तव में काम नहीं कर रहा था। उन्हें वास्तव लगता था कि उनके बिना हम बेहतर रहेंगे और हम इस बात से बहुत दुखी हैं कि उन्होंने इस पर काम किया और अपनी जान ले ली।

ग्राहम सबसे बड़ी बेटी किट्टी ने कहा, हमें इसके बारे में बात करने में कोई शर्म नहीं। इसमें छिपाने जैसा कुछ भी नहीं है और यह कोई कलंक नहीं। अब समय आ गया है कि हम यह खबर साझा करें, चाहे यह कितनी भी भयानक क्यों न हो। वो जीवन से प्यार करते थे और हमसे भी प्यार करते थे। लेकिन उन्हें कोई रास्ता नहीं सूझ रहा था। वह पहले जैसा व्यक्ति नहीं रहे थे। बाएं हाथ के बल्लेबाज थोर्प ने इंग्लैंड के लिए 100 टेस्ट मैच और 82 एकदिवसीय खेले थे और नौ हजार से अधिक रन बनाए थे। इसमें 16 टेस्ट शतक शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने 55वर्षीय ग्राहम थोर्प के पांच अगस्त को निधन होने की जानकारी दी थी। तब ये पता नहीं चल सका था कि उनकी मौत किस वजह से हुई है।

# रोहित आराम से अगले दो साल जबकि विराट पांच साल तक खेल सकते है : हरभजन



नई दिल्ली, 12 अगस्त। भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर खिलाड़ी हरभजन सिंह का मानना है कि विराट कोहली अपनी बेहतरीन फिटनेस के साथ अगले पांच साल तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के व्यस्त कैलेंडर से आसानी से तालमेल बैठा सकते हैं जबकि टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा भी आराम से अगले दो साल तक खेल सकते हैं। हरभजन ने 'पीटीआई-वीडियो को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा, ''रोहित आसानी से दो साल और खेल सकते हैं। आप विराट कोहली की फिटनेस की तुलना किसी और से नहीं कर सकते हैं। आप उन्हें आसानी से पांच साल तक खेलते हुए देख सकते हैं। वह शायद टीम में सबसे फिट खिलाड़ी हैं।'' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 700 से अधिक विकेट लेने वाले इस पूर्व ऑफ स्पिनर ने कहा, '' आप किसी भी 19 साल के युवा को फिटनेस के मामले में विराट को टक्कर देने के लिए कह सकते हैं और विराट उसे हरा देंगे। वह इतने फिट है। मेरा मानना है कि विराट और रोहित में अभी काफी क्रिकेट बाकी है और यह पूरी तरह उन पर निर्भर है कि वे कब तक खेलना चाहते हैं।'' उन्होंने कहा, '' ये दोनों अगर फिट रहे और अपने प्रदर्शन से टीम की जीत में योगदान देते रहे तो उन्हें खेलना जारी रखना चाहिए।''

हरभजन का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट एक ऐसा प्रारूप है जहां टीम को इन दोनों की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, '' लाल गेंद प्रारूप में आपको वास्तव में इन दोनों खिलाड़ियों की ज़रूरत है। आपको सभी प्रारूपों में अनुभव की आवश्यकता है चाहे वह सीमित ओवरों का क्रिकेट हो या टेस्ट क्रिकेट। आपको आने वाली प्रतिभा को निखारने के लिए अनुभवी क्रिकेटरों की जरूरत है।'' हरभजन ने साथ ही यह भी कहा कि अगर कोई खिलाड़ी लगातार प्रदर्शन नहीं कर रहा है तो उसे टीम से बाहर करना चाहिये। उन्होंने कहा, '' चयनकर्ताओं को यह देखने की जरूरत है कि कौन सा खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहा है।

# हॉकी महिला अकादमी चैम्पियनशिप : ओडिशा नवल टाटा ने जीता हॉकी इंडिया जूनियर महिला अकादमी चैम्पियनशिप का खिताब

नई दिल्ली, 12 अगस्त। ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉरमेंस सेंटर ने सोमवार को फाइनल मुकाबले में राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी को पेनल्टी शूटआउट में हराकर महिला वर्ग का खिताब जीता। वहीं पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में राउंडग्लास पंजाब ने सेल हॉकी अकादमी को 4-1 तथा नामधारी एकादश ने घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी को 6-1 से हराया।

आज यहां खेले गये फाइनल ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉरमेंस केन्द्र और राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी का मुकाबला निर्धारित समय पर 2-2 की बराबरी पर छूटा। उसके बाद हुये पेनल्टी शूटआउट में ओडिशा ने पंजाब को हराकर महिला वर्ग का खिताब अपने नाम किया।

ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉरमेंस सेंटर के लिए प्रभजोत कौर ने (34वें मिनट) और सुरेखा बहाला ने (54वें मिनट) ने गोल किए, जबकि राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी की ओर से रूबी ने (14वें मिनट) और रिबका ने (45वें मिनट) ने गोल दागे। शूटआउट में चेतना रानी दास ने दो गोल किए, प्रभजोत कौर, अनंदिता टोप्पो और पटेल प्रज्ञा ने भी एक-एक गोल किए। वहीं राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी के लिए नमनीत कौर और नेहा ने गोल दागे।

महिला वर्ग में तीसरे/चौथे स्थान के लिए हुए मुकाबले में घुमनहेड़ा राइजर्स अकादमी ने सैल्यूट हॉकी अकादमी को 5-1 से हराया। घुमनहेड़ा राइजर्स अकादमी के लिए प्रिया ने (दूसरे, 27वें, 51वें मिनट), शशि कुमारी ने (53वें मिनट) और वंशिका ने (60वें मिनट) ने गोल किए, जबकि सैल्यूट हॉकी अकादमी के लिए दीपिका ने (10वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया।

मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम में पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल में राउंडग्लास पंजाब ने सेल हॉकी अकादमी को 4-1 जबकि नामधारी एकादश ने घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी को 6-1 से हराया। राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी के लिए जपनीत सिंह ने (15वें मिनट), सनी ने (34वें मिनट), गुरसेवक सिंह ने (36वें मिनट) और अमनदीप ने (54वें मिनट) में गोल दागे, जबकि सेल हॉकी अकादमी के लिए पवन लाकड़ा ने (सातवें मिनट) ने एकमात्र गोल किया।

दिन के दूसरे मुकाबले में नामधारी इलेवन ने घुमनहेड़ा राइजर्स अकादमी को 6-1 से हराया। नामधारी इलेवन के लिए नवराज सिंह ने (छठें, 23वें, 42वें, 52वें मिनट), गुरमन सिंह ने (12वें मिनट) और अश्वनी ने (20वें मिनट) में गोल किए, जबकि घुमनहेड़ा राइजर्स अकादमी के लिए निशांत ने (43वें मिनट) ने एकमात्र गोल किया।



*पवित्र माह श्रावण मास के चौथे सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास परिसर में स्थित शिव मंदिर में भगवान महादेव की विधिवत् पूजा- अर्चना कर प्रदेशवासियों के मंगल व खुशहाल जीवन की कामना की।*

# मनीष सिसोदिया की तरह केजरीवाल की भी रिहाई होगी?

## दिल्ली आबकारी नीति मामले में केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने शीघ्र सुनवाई के संकेत दिये

- **सुप्रीम कोर्ट ने मामले की पैरवी कर रहे वकील अभिषेक मनु सिंघवी को संबंधित मामले के संबंध में ईमेल भेजने के लिए कहा है।**
- **अगर ऐन मौके पर सी.बी.आई. की ओर से प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती तो केजरीवाल अब तक जेल से रिहा कर दिये गये होते। शीर्ष अदालत ने मनी लॉण्डरिंग के मामले में एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट की ओर से दर्ज मुकदमे में केजरीवाल को 12 जुलाई को अंतरिम जमानत दे दी थी।**

नयी दिल्ली, 12 अगस्त (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली उनकी (मुख्यमंत्री) याचिका पर शीघ्र सुनवाई का सोमवार को संकेत दिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने विचार करने का संकेत देते हुये वरिष्ठ अधिवक्ता ए एम सिंघवी और चंद्र उदय सिंह से मामले से संबंधित एक अनुरोध ईमेल के जरिये भेजने को कहा। दोनों अधिवक्ताओं ने विशेष उल्लेख के दौरान केजरीवाल का पक्ष रखते हुये उनकी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध का अनुरोध किया था।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केजरीवाल के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज मुकदमा रद्द करने और जमानत के लिये दायर उनकी याचिकायें पांच अगस्त को खारिज कर दी थी।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की एकल पीठ ने अपना आदेश सुनाते हुये कहा था कि सीबीआई के पास केजरीवाल को गिरफ्तार करने का पर्याप्त कानूनी आधार था।

न्यायमूर्ति कृष्णा ने कहा था, यह नहीं कहा जा सकता कि गिरफ्तारी बिना किसी न्यायोचित कारण के की गयी। उच्च न्यायालय ने तब गुण-दोष के आधार पर इस मामले में कोई निर्णय लेने से इनकार कर दिया, लेकिन निचली अदालत का दरवाजा खटखटाने की छूट दी थी एकल पीठ ने जमानत याचिका पर कहा था कि याचिकाकर्ता को निचली अदालत जाने की छूट है। एकल पीठ के समक्ष सीबीआई के एसपीपी रिपीट एसपीपी डी पी सिंह ने दलील देते हुए कहा था कि आरोपी केजरीवाल भ्रष्टाचार के इस मामले सूत्रधार हैं और उनके खिलाफ इस मामले में स्पष्ट सबूत हैं। ईडी ने 21 मार्च और सीबीआई में 26 जून 2024 को आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार किया था।

सीबीआई ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को अदालत की अनुमति के बाद 25 जून को पूछताछ और फिर 26 जून को गिरफ्तार किया था।

# आरक्षरण कोटे में कोटा के फैसले को लागू नहीं करेगी सरकार

## गत 9 अगस्त को हुई कैबिनेट मीटिंग में ही प्र.मंत्री मोदी ने इस बारे में फैसले ले लिया था

- **कांग्रेस के दो मुख्यमंत्रियों ने खुलकर सुप्रीम कोर्ट फैसले का स्वागत किया था। लेकिन दलित नेताओं ने शुरू में ही अपना रुख स्पष्ट कर दिया था कि वो इस फैसले के साथ नहीं हैं।**

नई दिल्ली, 12 अगस्त। अगस्त महीने के पहले ही दिन सुप्रीम कोर्ट ने एस.सी-एस.टी. के कोटे में विभाजन को स्वीकार करके देश में दलित राजनीति पर सरगर्मियां बढ़ा दी थीं। कांग्रेस के दो मुख्यमंत्रियों ने खुलकर इस फैसले का स्वागत किया। पर दलित नेताओं ने शुरू में ही अपना रुख क्लियर कर दिया था कि वो इस फैसले के साथ नहीं हैं।

बीएसपी प्रमुख मायावती से लेकर लोजपा (रामविलास) तक सभी दलित नेता इस फैसले के विरोध में दिखाई दे रहे थे। संविधान बचाओ-आरक्षण बचाओ नारे का नुकसान झेल चुकी भाजपा फूंक-फूंक कर कदम रख रही थी। अंत में गत 9 अगस्त को भाजपा के एस.सी.-एस.टी. सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की.। प्रधानमंत्री ने सांसदों को आश्वासन दे दिया कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को लागू नहीं किया जाएगा. 9 अगस्त को ही देर रात केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भी इस सिलसिले में फैसला ले लिया कि इस फैसले को लागू नहीं किया जाएगा। भाजपा के इस फैसले को देखते हुए इंडिया गठबंधन के दलों में हलचल मच गई। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने भी आनन-फानन में फैसले लिए, देखते ही देखते दलित सब कोटे पर देश की राजनीति ही बदल गई।

सुप्रीम कोर्ट ने दलित सब कोटे के फैसले पर जिस दिन मुहर लगाई उसी दिन तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंथ रेड्डु ने फैसले का स्वागत करते हुए घोषणा कि उनके राज्य में भविष्य में होने वाली सभी भर्तियों में कोटे में कोटे के फैसले का पालन किया जाएगा।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी कहा कि उनके राज्य में जल्द ही इस फैसले का क्रियान्वयन किया जाएगा। इन दोनों में राज्यों में कांग्रेस की सरकारें होने के चलते आम तौर पर यही धारणा बनी कि पार्टी इस फैसले का स्वागत करेगी। पर कांग्रेस पार्टी का अधिकारिक बयान नहीं आया। हो सकता है कि कांग्रेस के नेता पहले भारतीय जनता पार्टी का रुख देखना चाह रहे हों. क्योंकि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्राओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके और सेफोलॉजिस्ट के रूप में मशहूर हो चुके योगेंद्र यादव ने इंडियन एक्सप्रेस में एक ऑर्टिकल लिखकर सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की भूरि-भूरि तारीफ की. यादव के इस लेख के बाद ऐसा माना जा रहा था कि राहुल गांधी भी इस फैसले की जल्द ही तारीफ करेंगे. पर इस बीच 9 अगस्त को बीजेपी ने सुप्रीम कोर्ट के दलित कोटे में कोटा बनाने के फैसले से दूरी बना ली। केंद्र सरकार ने क्लियर कर दिया कि सरकार भीम राव आंबेडकर के बनाए संविधान के हिसाब से आरक्षण लागू करने में विश्वास रखती है. जाहिर था कि कांग्रेस ने आनन-फानन में अपनी पॉलिसी बदली. 10 अगस्त को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी दलित सब कोटे का विरोध कर दिया।

## एस.आई. पेपर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

खिलाफ पर्याप्त सबूत होने पर उनकी गिरफ्तारी की गई। एस.ओ.जी. ने गिरफ्तारी के 24 घंटे में आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दिया और इसमें कानूनी प्रावधानों की अवहेलना नहीं हुई है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने आरोपियों को कहा है कि वह ट्रायल कोर्ट के समक्ष अपने पक्ष में साक्ष्य पेश कर सकते हैं और नियमित जमानत की अर्जी लगा सकते हैं।

मामले में आरोपी सुभाष बिश्नोई, राकेश भामू, मनीष बेनीवाल और दिनेश बिश्नोई, सुरेन्द्र कुमार व मालाराम ने दो एस.एल.पी. के जरिए राजस्थान हाईकोर्ट के 8 मई 2024 के आदेश को चुनौती दी थी। इस आदेश में राजस्थान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की अपील पर जयपुर मेट्रो-द्वितीय की सी.एम.एम. कोर्ट का, 11 ट्रेनी एस.आई. व एक कांस्टेबल सहित 12 आरोपियों की सशर्त रिहाई के निर्देश देने वाला 12 अप्रैल का आदेश रद्द कर दिया था। आरोपियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा व सिद्धार्थ दवे ने राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश को रद्द कर सी.एम.एम. कोर्ट के आदेश को बहाल कर उन्हें जमानत देने का आग्रह किया था। इसके विरोध में राज्य सरकार के ए.ए.जी. शिवमंगल शर्मा ने कहा कि एस.ओ.जी. ने आरोपियों को गिरफ्तारी के 24 घंटे में ही कोर्ट में पेश कर दिया था और इससे पहले उन्हें पूछताछ के लिए ही बुलाया था।

## भाजपा व विपक्ष यू.पी. के बाय...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

- **सपा उपचुनाव में मिल्कीपुर सीट पर भी जीतना चाहती है, पर 12 वर्ष की बालिका के साथ सपा के दो कार्यकर्ताओं मोईद खान व राजू खान द्वारा बलात्कार किए जाने से सपा के जीतने की संभावना कमज़ोर हो गई है।**
- **12 वर्षीय बालिका से बलात्कार की घटना और बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा के कारण भाजपा के पक्ष में माहौल सा बनता लग रहा है।**

पूरा जोर इसलिये लगा रही है ताकि वह फैजाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद के हाथों हुई अपनी हार का बदला ले सके। ज्ञातव्य है कि सपा कार्यकर्ता मोइन खान तथा राजू खान द्वारा 12 वर्षीय बालिका के साथ किये गये गैंग रेप के बाद, अवधेश प्रसाद की जीत की आभा मंद पड़ गई है।

जहाँ मिल्कीपुर का जातीय गणित बड़े पैमाने पर सपा के पक्ष में दिखाई दे रहा है, वहीं भाजपा को उक्त गैंगरेप मामले के बाद इस क्षेत्र का माहौल उसके पक्ष में हो जाने की आशा है। इसी के साथ, भाजपा बाँग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे हमलों के खिलाफ अपने प्रचार-अभियान को लेकर भी आशान्वित है।

जहाँ इंडिया ब्लॉक ने लोकसभा चुनावों में उसे मिला लाभ अभी गँवाया नहीं है, लेकिन गठबन्धन को दो अन्य मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना है। पहली, कांग्रेस और सपा दोनों ने ही सर्वोच्च न्यायालय के उस फैसले पर चुप्पी साध रखी है, जिसमें अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों को कोटा के अन्दर कोटा की स्वीकृति दे दी गई है। दूसरी, मायावती का यह निर्णय, कि वे इन चुनावों में उतरेंगी।

उपचुनाव नहीं लड़ने की अपनी पुरानी परम्परा के विपरीत, बसपा ने निर्णय लिया है कि वह इन चुनावों को पूरी ताकत से लड़ेगी। बसपा आज अपने पूर्व स्वरूप की छाया मात्र रह गई है तथा उसका प्रभाव काफी कम हो गया है, लेकिन उसमें अभी इतनी क्षमता तो है कि वह इस फैसले को किसी राजनैतिक दल या गठबन्धन के पक्ष में या खिलाफ प्रभावित कर सके। वर्तमान परिदृश्य में ज्यादा सम्भावना इसी बात की है कि मायावती के उम्मीदवार इंडिया ब्लॉक के उम्मीदवारों की चुनावी सम्भावनाओं पर प्रतिकूल असर डालेंगे।

## डॉ. किरोड़ी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दो दिनों से सक्रिय होने के बाद, उनके फिर से मंत्री पद पर लौटने की सियासी चर्चाओं ने जन्म लिया है। इसी बीच आज भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के, किरोड़ी के जल्द कामकाज संभालने के बयान के बाद इन सियासी चर्चाओं को बल मिला है। मदन राठौड़ ने आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि किरोड़ीलाल मीणा जल्द ही मंत्री पद का कामकाज संभालेंगे। मेरी उनसे बात हुई है और मुझे पूरा विश्वास है कि मैं उन्हें मनाने में कामयाब हो जाऊंगा। उन्होंने भावनात्मक रूप से मंत्री पद से इस्तीफा दिया था, जिसे स्वीकार नहीं किया गया है, और न इसे स्वीकार किया जाएगा।

## ये माधवी पुरी बुच ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

से एम.बी.ए. किया था। उनके करियर की शुरुआत आई.सी.आई. बैंक से हुई थी। वर्ष 1993-95 के बीच उन्होंने इंग्लैंड के वैस्ट चार्ल्स कॉलेज के बतौर लैक्चरर काम किया। बारह साल तक उन्होंने कई कम्पनियों के सेल्स, मार्केटिंग और प्रोडक्ट डवलपमैंट के क्षेत्र में काम किया।

वर्ष 2006 में उन्होंने आई.सी. आई.सी.आई. सिक्यूरिटीज को जॉइन किया तथा बाद में 2009 से 2011 तक इसके सी.ई.ओ. पद पर काम किया और 2011 में वे ग्रेटर पैसिफिक कैपिटल को जॉइन करने के लिए सिंगापुर चली गईं। उन्होंने कई कम्पनियों जैसे जैन्सर टैक्नॉलजीज़, इन्नो वैन कैपिटल और मैक्स हैल्थ केयर के एग्ज़ीक्युटिव डायरैक्टर के पद पर काम किया। उन्होंने इंडियन स्कूल ऑफ डवलपमैंट मैनेजमैंट के डायरैक्टर पद पर और न्यू डवलपमैंट बैंक में सलाहकार पद पर अपनी सेवाएं दी थीं। अप्रैल 2017 में उन्हें सेबी का पूर्णकालिक डायरैक्टर बनाया गया तथा कलैक्टिव इन्वैस्टमैंट स्कीम्स, सर्विलांस एवं इन्वैस्टमैंट मैनेजमैंट का विभाग दिया गया। जब उनका कार्यकाल खत्म हुआ तो उन्हें सात सदस्यों वाली टैक्नॉलॉजी कमेटी में लिया गया, जिसका गठन हाउस टैक्नॉलॉजी सिस्टम के विकास में सेबी की मदद के लिए किया गया था, टैक्नॉलॉजी और डेटा एग्नॉस्टिक एप्टीट्यूड में महारथ के कारण उन्होंने इसमें भी क़ई लैंडमार्क फैसले दिए।

18 साल की उम्र में उनकी सगाई धवल बुच से हुई जो कि तब एफ.एम. सी.जी. मल्टीनैशनल, यूनिलीवर में डायरैक्टर थे। जब माधवी 21 वर्ष की हुईं तब उनकी शादी हो गई, जिससे उन्हें एक बेटा है अभय। वे अपनी सफलता का श्रेय अपने बेटे और पति को देती हैं, जिन्हें वे अपना मित्र, सलाहकार व गाइड मानती हैं। जब 26/11 हुआ था, उस समय वे अपने पति के साथ ताज होटल में युनिलीवर की मीटिंग में थी।

हिंडनबर्ग ने माधवी और उनके पति पर बेनामी ऑफ शोर कम्पनियों के निवेश से लेकर अडानी की कम्पनियों के शेयर्स के दाम कृत्रिम रुप से बढ़ाने का आरोप लगाया है।

## उप मुख्यमंत्री...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कुमारी अधिकारियों की बैठक लेने पहुँचीं, तभी एक युवक तेजी से दौड़ता हुआ कलैक्ट्रेट सभागार के अंदर घुस गया। युवक के अंदर घुसने पर सुरक्षाकर्मी हरकत में आ गए और उसे दबोच लिया तथा सिविल लाइन थाना पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। युवक ने अपना नाम नियारा गांव निवासी हंसराज गुर्जर बताया है। युवक ने बताया कि बस स्टैंड पर उसका मोबाइल चोरी हो गया था। पुलिस में कोई सुनवाई नहीं होने के कारण वह यहाँ शिकायत दर्ज कराने आया था। पुलिस युवक से पूछताछ में जुटी है।

# 'हिंडनबर्ग की रिपोर्ट, भारत में आर्थिक अराजकता फैलाने का षड्यंत्र' है

## भाजपा ने आरोप है लगाया कि कांग्रेस इस षड्यंत्र का मुख्य सूत्रधार है

नयी दिल्ली, 12 अगस्त (वार्ता) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हिंडनबर्ग की ताजा रिपोर्ट को झूठी और भारत के विरुद्ध दुष्प्रचार करार देते हुए आज कहा कि कांग्रेस ने हिंडनबर्ग के साथ देश में आर्थिक अराजकता फैलाने के लिए षड्यंत्र रचा है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट, उसके आने के समय और तथ्यों पर सवाल उठाते हुए जमकर हमला किया।

प्रसाद ने कहा कि हिंडनबर्ग के मुख्य निवेशक जॉर्ज सोरॉस हैं, जो भारत के विरुद्ध नियमित दुष्प्रचार चलाते हैं। टूलकिट वालों को तो हिंदुस्तान के विकास से कोई मतलब नहीं है, लेकिन देश पर 55 वर्षों तक राज करने वाली कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन, एक सुनियोजित षड्यन्त्र के तहत हिंडनबर्ग के साथ मिल कर काम कर रहे हैं। देश के शेयर बाजार को अस्थिर करने की कोशिश के साथ आर्थिक अराजकता फ़ैलाने की साजिश हो रही है।

प्रसाद ने कहा कि तीसरी बार सत्ता से बेदखल होने के बाद कांग्रेस पार्टी, विपक्षी गठबंधन के नेता और इनको प्रोत्साहित करने वाले टूलकिट के लोग देश में आर्थिक अराजकता और आर्थिक अस्थिरता लाने का प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट सामने आई है। यह रिपोर्ट शनिवार को आती है और रविवार को इसपर हल्ला मचाया जाता है, ताकि सोमवार को देश के पूंजी बाजार को अस्थिर कर दिया जाए। भारत की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। दुनिया के बड़े-बड़े वैश्विक संस्थानों ने भारत की वृद्धि दर की सराहना की है और देश में सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है। भारत में कई संस्थागत और छोटे निवेशक हैं, जो मार्केट के रिटर्न से बहुत खुश हैं। सेबी की कानूनी जिम्मेदारी है कि शेयर बाजार ठीक से चले। सेबी अधिनियम में सुनवाई का प्रावधान है और निर्णय के खिलाफ अपील का भी प्रावधान है। देश के कैपिटल मार्केट प्रबंधन के लिए एक सशक्त वैधानिक संरचना है।

प्रसाद ने कहा कि पिछले साल हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आई और जनवरी में उच्चतम न्यायालय का आदेश आया था, जिसके बाद 2024 में 22 जांच पूरी की गई। कांग्रेस जेपीसी की मांग करती है जबकि राहुल गांधी के पास वकीलों की फौज है, तो उन्होंने इन जांचों में सहयोग क्यों नहीं किया ? उच्चतम न्यायालय के आदेश पर हुई जांच के बाद, जुलाई में सेबी ने हिंडनबर्ग को नोटिस जारी किया कि वह कानून के विरोध में लगाए गए आरोपों पर जवाब दे। हिंडनबर्ग ने अपनी वेबसाइट पर भी नोटिस के कारण का जिक्र किया है।

## सिंघानिया...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बताने को कहा है कि सिंघानिया युनिवर्सिटी के खिलाफ एन.एम.सी. की ओर से शिकायत देने के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं की गई। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश सिंघानिया युनिवर्सिटी से एम.बी.बी.एस. करने वाली रंजना जांगड़ा व अन्य की याचिकाओं पर दिए।

सुनवाई के दौरान एन.एम.सी. की ओर से कहा गया कि उन्होंने राज्य सरकार को समय रहते हुए सूचना दे दी थी कि सिंघानिया युनिवर्सिटी को एम.बी.बी.एस. कोर्स चलाने की मंजूरी नहीं है, इसलिए युनिवर्सिटी के एम.बी.बी.एस. कोर्स को बंद किया जाए। वहीं, यू.जी.सी. ने कहा कि उन्होंने तो केवल युनिवर्सिटी को बी.एड. सहित अन्य कोर्स चलाने की मंजूरी दी थी, उन्होंने एम.बी.बी.एस. कोर्स चलाने के लिए कभी अनुमति नहीं दी थी। अदालत ने एन.एम.सी. व यू.जी.सी. का पक्ष जानने के बाद राज्य के ए.सी.एस. उच्च शिक्षा को उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के लिए कहा है। मामले से जुड़े अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने बताया कि याचिकाकर्ताओं ने वर्ष 2016-17 में नीट की परीक्षा दी थी और उसमें वे पात्र घोषित किए गए। इस दौरान सिंघानिया वि.वि. ने एक विज्ञापन जारी कर एम.बी.बी.एस. कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे। जिस पर याचिकाकर्ताओं ने युनिवर्सिटी में एम.बी.बी.एस. कोर्स में प्रवेश ले लिया और 2022 में एम.बी. बी.एस. कोर्स कर भी लिया, लेकिन जब उन्होंने आर.एम.सी. में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया तो यह कहते हुए उनका रजिस्ट्रेशन करने से मना कर दिया गया कि सिंघानिया युनिवर्सिटी एन.एम.सी. से मान्यता प्राप्त नहीं है और इसलिए उनका एम.बी.बी.एस. कोर्स वैध नहीं है। इस कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए याचिकाकर्ताओं ने आर.एम.सी. में उनका रजिस्ट्रेशन करवाने और उनकी एम.बी.बी. एस. की डिग्री को वैध करार देने का आग्रह किया।

## प्रियंका गांधी ने बांग्लादेश के हिन्दुओं का मुददा उठाया

नयी दिल्ली, 12 अगस्त (वार्ता) कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई है कि वहां जल्द ही सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।

प्रियंका गांधी ने कहा पड़ोसी देश बंगलादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार हमलों की खबरें विचलित करने वाली हैं। किसी भी सभ्य समाज में धर्म, जाति, भाषा या पहचान के आधार पर भेदभाव, हिंसा और हमले अस्वीकार्य हैं।

उन्होंने जल्द ही हालात में सुधार की उम्मीद जताई और कहा हमें उम्मीद है कि बांग्लादेश में जल्द हालात सामान्य होंगे और वहां की नवनिर्वाचित सरकार हिंदू, ईसाई और बौद्ध धर्म को मानने वाले लोगों के लिए सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित करेगी।

# सेबी की चेयरमैन माधवी पुरी बुच की भूमिका पर तलवारें ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हुआ था।

हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया है कि बुच और उनके पति के उसी गुमनाम ऑफशोर बरमूडा एंड मॉरिशस फंड्स में कुछ छिपी हुई हिस्सेदारी थी। यह फर्म उसी कॉम्प्लेक्स में पाई गई। बरमूडा एंड मॉरिशस फंड्स का उपयोग विनोद अडानी करता था।

रिपोर्ट कहती है कि जब बुच सेबी की पूर्णकालिक सदस्य थी, उसका ऑफशोर फंड के मैनेजरों से सम्पर्क रहता था तथा उसने "इंडिया इन्फोलाइन" को पत्र लिखा कि फंड की इकाइयों को मुक्त किया जाये। इसी दौरान, उसकी रूचि सिंगापुर की एक ऑफशोर कन्सल्टिंग फर्म "अगोरा" में हो गई तथा सेबी की चेयरपर्सन नियुक्त हाने के केवल दो सप्ताह बाद ही उसने अपने शेयर अपने पति के नाम ट्रांसफर कर दिये थे।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 40 से अधिक मीडिया जाँचों द्वारा प्रस्तुत एवं पुष्ट साक्ष्यों के बावजूद, सेबी ने अडानी ग्रुप के खिलाफ कोई खास सार्वजनिक कार्यवाही नहीं की है।

रिपोर्ट कहती है कि सेबी की निष्क्रियता को उसी फंड को काम में लेने की बुच की सहअपराधिता से जोड़ा जा सकता है, जो अब संवीक्षा के अधीन है।

हिंडनबर्ग रिपोर्ट में कहा गया है कि अडानी पर आई उसकी रिपोर्ट से लेकर अब तक के 18 महीनों में, "सेबी ने अडानी के मॉरिशस तथा ऑफशोर फर्जी फर्मों के अडानी के कथित गुप्त जाल में बहुत ही कम रूचि दिखाई।"

सेबी प्रमुख तथा उसके पति ने "रिपोर्ट में लगाए आरोपों का निराधार तथा कपटपूर्ण बताया और इनसे इन्कार किया।

बोर्ड के सदस्यों के लिये सेबी का विधान कहता है कि वे अपने हितों, जो उनकी ड्यूटी के खिलाफ हो सकते हैं तथा परिजनों ट्रांज़ेकशन्स को उजागर करें।

किन्तु इस नवीनतम विवाद को देखते हुए यह पूछा जाना जरूरी है: जब नियामक अडानी ग्रुप से जुड़े आरोपों की जाँच-पड़ताल कर रहा था, तो जो बातें सामने आईं, उन्हें सार्वजनिक क्यों नहीं किया गया?

अडानी ग्रुप ने भी अपनी नियमित बीफ्रिंग में हिंडनबर्ग के आरोपों को दुर्भावनापूर्ण, बचकाना और चालाकीपूर्ण बताते हुए कहा है कि तथ्यों और कानून की जबरन उपेक्षा कर सार्वजनिक जानकारी के चुनिंदा अंशों को व्यक्तिगत लाभ के लिए पूर्व निर्धारित निर्णयों के साथ प्रस्तुत किया गया। भाजपा ने सोमवार को आरोप लगाया कि हंगरी मूल के अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरोस हिंडनबर्ग रिसर्च के मुख्य निवेशक हैं। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद को यह कहते हुए उद्धृत किया गया कि "आज हम कुछ मुद्दे उठाना चाहते हैं। हिंडनबर्ग में किसका निवेश है? क्या आप जॉर्ज सोरोस नामक सज्जन को जानते हैं जो भारत के खिलाफ नियमित रूप से दुष्प्रचार करते हैं। वे इसके मुख्य निवेशक हैं। उनके दिल में नरेन्द्र मोदी के प्रति घृणा भरी हुई है। आज कांग्रेस पार्टी भी भारत से घृणा करने लगी है।

उन्होंने आगे कहा कि "यदि भारत के शेयर बाजार में उथल-पुथल मचती है तो क्या छोटे निवेशकों को परेशानी नहीं होगी? कांग्रेस पार्टी के पास एक तो "टूलकिट" पॉलिटिक्स है और दूसरी है चिट पॉलीटिक्स। यदि परीक्षा में चिट्स पायी जाती है तो एक्शन लिया जाता है, लेकिन उस चिट्स का क्या करें जो कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं को मिलती हैं? वे पूरे शेयर बाजार को तबाह करना तथा छोटे निवेशकों के पूंजीगत निवेश को रोकना चाहते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि भारत में कोई भी आर्थिक निवेश ना हो।"

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दावा किया है कि सेबी की अध्यक्ष के खिलाफ लगाए गए आरोपों से पता चलता है कि सेबी की विश्वसनीयता के साथ समझौता किया गया है और उसके बाद से भारतीय शेयर बाजार में स्थिति जोखिमपूर्ण है।

हाल ही आई हिंडनबर्ग रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म "एक्स" पर डाली गई एक पोस्ट में मांग की कि सिक्युरिटीज़ एण्ड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इण्डिया (सेबी) की अध्यक्ष माधवी पुरी बुच के विरूद्ध लगाए गए आरोपों की जांच जॉइन्ट पॉर्लियामैन्टरी कमेटी (जे.पी.सी.) से करायी जानी चाहिए, क्योंकि सेबी ने हिंडनबर्ग की जनवरी 2023 की रिपोर्ट में हुए खुलासों के बाद प्रधानमंत्री के विश्वस्थ साथी अडानी को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष क्लीन चिट दे दी थी। तथापि, सेबी प्रमुख पर आपसी सहायता करने के नए आरोप सामने आए हैं।

खड़गे ने आगे कहा कि "अपनी गाढ़ी कमाई का स्टॉक मार्केट में निवेश करने वाले लघु एवं मध्यम निवेशकों के संरक्षण की जरूरत है क्योंकि उनका सेबी पर विश्वास है। इस महाघोटाले की तह में जाने के लिए जे.पी.सी. जांच जरूरी है।

खड़गे ने कहा कि "तब तक यही माना जाएगा कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के उन संवैधानिक संस्थानों की कीमत पर अपने सहयोगियों को बचाना जारी रखेंगे, जिन्हें पिछले सात दशकों में बड़ी मुश्किल से खड़ा किया गया है।"

हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष के दावों-प्रतिदावों के बावजूद पर्याप्त मात्रा में ऐसे दस्तावेजी साक्ष्य मौजूद हैं कि मोदी सरकार द्वारा नियुक्त सेबी अध्यक्ष ने पक्षतापपूर्ण काम किया। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए जांच के आदेश से उन्हें स्वयं को अलग कर लेना चाहिए था।

शीर्ष अदालत के हिसाब से देखा जाए तो सुस्पष्ट है कि सेबी के निर्णय संदेहास्पद तथा सही नहीं थे। सुप्रीम कोर्ट को सभी बातों को ध्यान में रख नए रहस्योद्घाटनों के हिसाब से स्वतः प्रेरित संज्ञान लेना चाहिए। कोर्ट को अडानी के प्रति पक्षपात करने को लेकर बुच के भी गुणागुण की जांच करनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट को बुच ने यह प्रश्न करना चाहिए कि जब वह यह दावा करती हैं कि उनके धन का लेन-देन एक खुली किताब है तो फिर वह बेनामी विदेशी इकाईयों के जरिए अपने धन को क्यों घुमा रही हैं?

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908